चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 24, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला 18

फिल्म अक्षरा का गाना 'चलि अइहा घरवा' रिलीज 17

श्री राम का नारा लगाने पर हमला, चार गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर जय श्री राम का नारा लगाने पर एक समुदाय के लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे जय श्री राम के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल अल्लाहु अकबर कहना चाहिए।

मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

हर बार आलोचना अच्छी नहीं, सराहना भी करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की

● सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता

पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने चुनाव आयोग को सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि यह (वीवीपैट) पर्ची वोटर को थमा दी जाए तो इसमें क्या नुकसान है?" इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण

● भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र पर नजर रखी गई

बालासोर (ओडिशा)। भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) ने विभिन्न स्थानों पर रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रणाली (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर लगाए थे। भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र की उड़ान पर नजर रखी गई। डीआरडीओ ने कहा, मिसाइल ने मार्गदर्शक समुद्री प्रणाली का उपयोग करके लक्षित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

एक नजर

हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है। देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं।

प्रो. मणींद्र आईआईटी कानपुर के नए निदेशक

कानपुर। प्रो. मणींद्र अग्रवाल को आईआईटी कानपुर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। वे आईआईटी में कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर हैं। इसके अलावा सीर्थीआई हब में प्रोग्राम डायरेक्टर हैं। कृत्रिम बारिश कराने और कोरोना को लेकर की गई सटीक भविष्यवाणी के लिए वे काफी चर्चित रहे हैं। संस्थान में सितंबर 2023 में निदेशक अभय करंदीकर को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किए जाने के बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था। कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रो एस गणेश प्रभार संभाल रहे थे।

बसपा प्रत्याशी राकेश कुशवाहा पार्टी से निष्कासित

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने झांसी में संगठन को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने, झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट के घोषित प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया। साथ ही झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर, बीके गौतम को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बीके गौतम ने गुरुवार को निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी कैलाशपाल को ललितपुर का जिला प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। निष्कासन के संबन्ध में उन्होंने बताया कि अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कार्रवाई हुई है, उन्हें पत्र जारी कर चेतावनी भी दी गई थी।

लोकतंत्र का महापर्व आज, तैयारी पूरी

21	18	16	70	35	41	14
राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग	लाख से अधिक कर्मी 1.87 केंद्रों पर तैनात	करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट	हजार से अधिक जवान उत्तर प्रदेश में तैनात	लाख 67 हजार पहली बार करेंगे मतदान	हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां लगाईं	हजार से अधिक मतदेय स्थल उप्र में

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

प्रथम चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री संजीव वालियान, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो कर शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है।

इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।

बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद और रामपुर में सुबह 7 बजे से मतदान

मुरादाबाद में बुद्धि बिहार मैदान से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। सिर पर ईवीएम रखकर केंद्र पर जाता कर्मी।

मुरादाबाद में 12 प्रत्याशी मैदान में

मुरादाबाद। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर शुक्रवार को 20,56,514 मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर अपना सांसद चुनने के लिए बूथों पर मतदान करेंगे। चुनाव में 12 प्रत्याशी मैदान में हैं।

लखनऊ। उप्र. में लोकसभा के पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव लिए 19 अप्रैल यानी आज मतदान होगा। सभी सीटों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत में मतदान होगा। कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है। जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 व थर्ड जेंडर 749 हैं। कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। मतदान के लिए 18,662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 18,734 बैलट यूनिट व 19,603 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

चुनाव कराने पहुंचे अफसरों सहित 70 हजार से अधिक जवान : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

ईडी ने कहा, जेल में केजरीवाल खुद खा रहे आम और मिठाई

नयी दिल्ली। आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने गुरुवार को यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को कल तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत कल इस मामले पर दोबारा सुनवाई कर सकती है। ईडी ने अदालत से कहा केजरीवाल प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं। ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए किया जा रहा है।

शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

नयी दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगला और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी

● ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन मामले में की कार्रवाई, 98 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

शेयर शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपये है। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है।

आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तकों ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

सीबीआई ने रिश्वत ले रहे रेलवे इंजीनियर को पकड़ा

लखनऊ। सीबीआई ने वाराणसी रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर ने यह रिश्वत अपने अधीनस्थ से उसके तबादले के बाद कार्यमुक्त करने के बदले में मांगी थी। आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सलेमपुर, देवरिया, एनईआर, वाराणसी में तैनात था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी वर्तमान तैनाती से मुरादाबाद मंडल के लिए कार्यमुक्त करने के लिए उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अफसरों ने जाल बिछाकर शिकायतकर्ता को इंजीनियर के पास भेज दिया।

बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई दो बच्चों सहित चार की मौत

संवाददाता, एटा

अमृत विचारः एटा में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी थी। जबकि दूसरा युवक चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहा था। पांच लोग घायल हो गए।

मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र के ग्राम साथिनी निवासी विनोद कुमार का सबसे बड़ा पुत्र रवि (35) और सबसे छोटा पुत्र 24 वर्षीय कुलदीप नोएडा में काम करते थे। कुलदीप की 24 अप्रैल को शादी थी। इसीलिए दोनों भाई नोएडा से कार से घर लौट

रहे थे। साथ में रवि की पत्नी रंजना, बेटी आराध्या (6), अदिति (1), पुत्र आदित्य (5) भी थे। कार में जनपद मैनपुरी के औंछा थाना क्षेत्र के ग्राम सतेन्द्र सिंह पुत्र सुघर सिंह, गुलशन (23) पुत्र रामऔतार सिंह निवासी ब्यूति थाना ऐलाऊ जिला मैनपुरी भी सवार थे। सभी ने शेयरिंग में स्विफ्ट डिजायर कार बुक की थी। कार

● मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी होने वाली थी

● सभी नोएडा से जा रहे थे मैनपुरी शेयरिंग में बुक की थी कार

साहजदपुर थाना औंछा निवासी विष्णु चला रहा था। गुरुवार को सुबह करीब 4 बजे एटा के पिलुआ थानान्तर्गत हाइवे स्थित सुन्ना नहर पुल के पास चालक को नींद का झोंका आ गया। इस पर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कुलदीप, अदिति, आराध्या और गुलशन की मौत हो गई। गुलशन चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आ रहा था। चालक विष्णु, रंजना, रवि, आदित्य, सतेन्द्र गंभीर घायल हो गए।

जेल वाहन में महिला कैदी से सामूहिक दुष्कर्म

जींद, एजेंसी

रोहतक स्थित स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में इलाज के लिए ले जाई गई महिला कैदी से वाहन में ही दो अन्य कैदियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया। बुधवार देर रात जींद के सिविल लाइन थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच के लिए रोहतक पुलिस के पास भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सजा काट रही महिला कैदी ने तहरीर दी है कि उसका इलाज पीजीआई, रोहतक में चल रहा है और 20 फरवरी को उसे जेल के वाहन से

● इलाज के लिए लाया गया था पीजीआई, दो कैदियों पर आरोप

वहां ले जाया गया था। महिला के मुताबिक वाहन में उसके मनीष और सतीश नामक दो अन्य कैदी थे। उसने आरोप लगाया कि पीजीआई अस्पताल में जब सुरक्षाकर्मी वाहन खड़ा कर कागजी कार्रवाई पूरी कर रहे थे, तभी दोनों साथी कैदियों ने वाहन में ही कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सिविल लाइन थाना के प्रभारी सुखबीर ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला कैदी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पांच सहकारी बैंकों पर ठोंका 60.3 लाख रुपए का जुर्माना

मुंबई। आरबीआई ने मानदंडों के उल्लंघन के लिए पांच सहकारी बैंकों पर 60.3 लाख का जुर्माना ठोंका है। राजकोट नागरिक सहकारी बैंक पर 43.30 लाख का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना निदेशकों और उनके रिश्तेदारों को कर्ज और अग्रिम पर प्रतिबंध समेत अन्य बातों को को लेकर रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने को लेकर लगाया है। केंद्रीय बैंक ने द कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), राजधानी नगर सहकारी बैंक (लखनऊ) व जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल पर 5-5 लाख का जुर्माना लगाया है। जिला सहकारी बैंक (देहरादून) पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

जीवनसाथी के नियोक्ता से शिकायत क्रूरता के समान

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जीवनसाथी की पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गयी अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने जोड़े को विवाह को समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायतें आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को प्रदर्शित करती है जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।

अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के कुटुंब

हाईकोर्ट की पीठ ने जोड़े को दी विवाह को समाप्त करने की अनुमति

● चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची अपमान करने वाली शिकायतें करना क्रूरता

अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।

इस पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। अदालत ने कहा, ''ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है। दंपति का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। पीठ ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया।

अदालत ने कहा, नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी

आप सभी मतदाताओं से अपील है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु लोकतंत्र के इस महापर्व मे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरो को भी जागरूक करें।

पहले मतदान फिर जलपान

मतदान हमारा अधिकार हैं।

देश की सरकार बनाने के लिए मतदान करना प्रत्येक नागरिक का सर्वश्रेष्ठ कर्तव्य है। 19 अप्रैल को सुबह जलपान से पहले करें मतदान देश की सरकार बनाने में दें अपना महत्वपूर्ण योगदान। निष्पक्ष व निर्भीकता के साथ करें मतदान।

एम.के. गुप्ता
उद्योगपति एवं समाजसेवी

मेरी आपसे विनम्र अपील है कि दिनांक 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में आप ज़रूर हिस्सा लें और अपने हक़ का मतदान करें। अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय यह ज़रूर ध्यान रखें कि आपका एक वोट देश को एक सशक्त नेतृत्व और मज़बूत सरकार देगा। मतदान अवश्य करें और नए भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

पारस खन्ना
वरिष्ठ समाजसेवी

वोट करें, समाज में बदलाव लाएं
आपका वोट
आपकी आवाज
आपका अधिकार

निखिल कपूर
कपूर गारमेंट्स
ताड़ीखाना, मुरादाबाद

विकास की गंगा बहाना है।
मतदान का फर्ज निभाना है।

भरत पोरवाल
वरिष्ठ अधिवक्ता

आपके वोट से आयेगा बदलाव, सुधरेगा समाज होगा विकास मतदान अवश्य करें।

सचिन पंजाबी
लाट साहब
कोट सूट गंज बाजार

सारे काम छोड़ दो सब से पहले वोट दो

रजत शर्मा
एडवोकेट
चैंबर नंबर 63, कोर्ट कंपाउंड, कचहरी मुरादाबाद
मो 8791498857,8218652940

छोड़ो अपने सारे काम
पहले चलो करें मतदान

Kiran Ramsey

वोट करें, अपने क्षेत्र के विकास का सहयोग करें। देश के भविष्य को सजग बनाएं, वोट करें।

डॉ. गिरजेश कैन
एम.बी.बी.एस.,एम.एस. (नेत्र) नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन फेकोशिप इन फेकोइम्लसिफिकेशन (अरविंद आई हॉस्पिटल, कोयम्बटूर)
ओरेकल आई हॉस्पिटल

बड़ी ताकत के साथ बड़ी ज़िम्मेदारी भी आती है।
मताधिकार आपकी ताकत है,
और नैतिक मतदान आपकी ज़िम्मेदारी

M.H.D. NURSING HOME

Dr. I.A.ANSARI
M.B.B.S.,M.S.,D.N.B.
(General Surgeon)
Ex. Consultant: K.G.M.U.(LKO.) RML/ABVIMS, New Delhi

DR. WASEEM KHAN
M.B.B.S., M.B. (CARDIOLOGY)
F.I.D. (Diabetics) FICM (Critical Care) U.K.
Dengue Specialist
Ex.Consultant: Apollo Hospital, Delhi

Dr. SONAM TANDON
M.B.B.S., D.G.O.
Obstracian & Gynaecologist

A-17, Ashiyana Phase-1, Opp. Red Sapphire Parking, Moradabad- 244501
Ph.: 9758227681, 9690172667

युवा, वोटर लिस्ट में नाम जुड़वायेगा
वोट देकर अपना फर्ज़ निभायेगा

Vibhore Singh

आपका वोट देश की ताकत है। मतदान करें, देश के लिए उत्साह बढ़ाए

मोहम्मद सलीम अहमद
(डायरेक्टर)
बिलारी

चुनाव लोकतंत्र के आत्मगौरव व स्वतंत्रता का प्रतीक है मतदान अवश्य करें।

सलीम कुरैशी
समाज सेवी
मो. 7906759175

मतदान अवश्य करें

चलो बढ़ाएं विश्व में, लोकतंत्र का मान
निजी स्वार्थ सब त्यागकर, करें सभी मतदान
करें सभी मतदान, जरूरी है ये बेहद
अच्छे प्रतिनिधि हेतु प्रतीक्षारत है संसद
अपना मत अनिवार्य रूप से दे मतदाता
जागेंगे तब ही भारत के भाग्यविधाता

–योगेन्द्र वर्मा 'व्योम'

एक नजर

सर्किट हाउस में बनाया एयर एंबुलेंस का स्टे प्वाइंट

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मतदान वाले दिन एयर एंबुलेंस भी मौजूद रहेंगी। मुरादाबाद में एयर एंबुलेंस का स्टे प्वाइंट है। एक एयर एंबुलेंस को मुरादाबाद सर्किट हाउस में उतारा गया है। इसे जरूरत पड़ने पर किसी भी क्षेत्र में भेजा जा सकेगा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शुक्रवार को मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, नगीना, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत में चुनाव होंगे। मतदान के दौरान इमरजेंसी में इन आठ लोकसभा क्षेत्रों में कहीं भी जरूरत पड़ी तो यह एयर एंबुलेंस तत्काल पहुंचेगी।

चुनाव के चलते आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन के आदेश के क्रम में लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को मतदान के चलते सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सार्वजनिक अवकाश के चलते जिले के कोषागार तथा उप कोषागार भी बंद रहेंगे।

मुरादाबाद सीट पर ये प्रत्याशी हैं मैदान में

मुरादाबाद अमृत विचार : मुरादाबाद लोकसभा सीट से 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी के अलावा अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर के अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, साधना सिंह शामिल हैं।

बुद्धि विहार में चुनाव ड्यूटी पर रवाना होने से पहले ईवीएम चेक करते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार

ईवीएम व निर्वाचन सामग्री लेकर चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना होते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार

लोकतंत्र का फर्ज निभाने बूथों पर पहुंचे मतदान कर्मी

जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने कार्मिकों को दिए निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतदान कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद लोकसभा सीट पर शुक्रवार को 20, 56, 514 मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर अपना सांसद चुनने के लिए बूथों पर मतदान करेंगे। गुरुवार को बुद्धि विहार के मैदान से पोलिंग पार्टियों की रवानगी हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम लेकर मतदान कार्मिक बूथों पर शाम को पहुंचकर मतदान की तैयारियों में जुट गए। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पोलिंग पार्टियों को रवानगी से पहले मतदान की बारीकियां बताकर निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा, ईमानदारी से निभाने का संकल्प दिलाया। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभाओं के 20, 56, 514 मतदाता शामिल हैं।

सुबह 10 बजे ही रवानगी स्थल पर मतदान कार्मिक पंडाल में बने काउंटरों पर पहुंच गए। वहां उपस्थित अधिकारियों ने उन्हें माइक से निर्देश देकर संबंधित काउंटर से मिल रही सामग्री को लेकर उसे चेक करने, ईवीएम के लॉक आदि देखकर रखने का निर्देश दिया।

तपती धूप में पंडाल में पसीने से तर-बतर कार्मिकों ने अपने संबंधित काउंटर पर से मतदान सामग्री और ईवीएम व वीवीपैट हासिल किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव सहित अन्य अधिकारियों ने पोलिंग पार्टियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से मतदान कराने, किसी के प्रलोभन में न आकर अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का ईमानदारी, निष्ठा से निभाने का संकल्प दिलाया। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार मतदान कराना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1728 बूथों पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

टोल फ्री नंबर 1950 पर करें शिकायत : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने निर्वाचन कार्यालय के डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर में स्थापित कंट्रोल रूम में आ रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया है। टोल फ्री नंबर 1950 पर की गई शिकायतों का निस्तारण भौतिक सत्यापन के बाद किया जा रहा है।

मतदान कार्मिकों को पंडाल से बस में जाने के लिए निर्देश देतीं एडीएम सिटी ज्योति सिंह।

पोलिंग पर्टियों के साथ मतदेय स्थलों के लिए रवाना होते सुरक्षाबल के जवान। ● अमृत विचार

मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या

कुल मतदाता	20,56,514
पुरुष मतदाता	10,92,002
महिला मतदाता	9,64,425
अन्य मतदाता	87
मतदान	19 अप्रैल
मतगणना	4 जून

गर्मी में बरतें सतर्कता

मुरादाबाद, अमृत विचार : गर्मी में हो रहे लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को भी सतर्क रहने की सलाह जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह व जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सत्यम मिश्र ने दी है। उन्होंने मतदाताओं को सलाह देते हुए कहा है कि वह भीषण गर्मी और लू में मतदान के दिन विशेष सतर्कता बरतें।

मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विधानसभावार पुरुष एवं महिला मतदाताओं की संख्या

विधानसभा क्षेत्र	पुरुष मतदाता	महिला मतदाता	अन्य	कुल
मुरादाबाद नगर	2,83,709	2,53,020	48	5,36,777
मुरादाबाद ग्रामीण	2,06,586	1,84,773	12	3,91,371
कांठ	2,07,876	1,83,240	12	3,91,128
ठाकुरद्वारा	2,01,050	1,76,272	1	3,77,323
बढ़ापुर	1,92,781	1,67,120	14	3,59,915
योग	10,92,002	9,64,425	87	20,56,514

यह बरतें सावधानी

☞ वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर, गर्भवती महिलाएं सुबह के समय अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

☞ हल्के रंग व पूरी आस्तीन के सूती कपड़े पहनें।

☞ तरल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें।

☞ मतदेय स्थल तक जाने के लिए छाता, टोपी, गमछा, दुपट्टे आदि का प्रयोग करें, सिर ढक कर निकलें।

☞ छोटे बच्चों को लेकर मतदान करने न आएं, धूप व लू से उनको समस्या हो सकती है।

☞ कतार में खड़े बुजुर्ग, शारीरिक रूप से अति कमजोर व गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में प्राथमिकता दें।

☞ मतदान स्थल पर यदि कोई व्यक्ति लू व डायरिया से प्रभावित होता है तो बीएलओ से ओआरएस का पैकेट लेकर प्रभावित व्यक्ति को दें।

पांच विस क्षेत्रों के 2056514 मतदाता आज डालेंगे वोट

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद जिले में यूं तो छह विधानसभा सीटें हैं। लेकिन, इसमें से दो कुंदरकी व बिलारी संभल लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आती हैं। जबकि बिजनौर जिले की बढ़ापुर विधानसभा सीट मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को 20,56,514 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 10,92,002 पुरुष, 9,64,425 महिला और 87 अन्य मतदाता शामिल हैं।

मतदाता पहचान पत्र न होने पर इन विकल्पों से भी डाल सकते हैं वोट

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- मतदाताओं को दिए आधार कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड समेत 12 विकल्प

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है उनके लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने कई विकल्प जारी किया है। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड समेत 12 विकल्प शामिल हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र प्रमुख है। लेकिन, जिसके पास मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं है उसके विकल्प के रूप में भी पहचान सिद्ध करने के लिए कई दस्तावेज मान्य किए हैं। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दस्तावेज मान्य होंगे।

अखिलेश के आने से समीकरण बदले-बदले से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

लोस चुनाव

- भाजपा खेमे में बस मोदी-योगी का सहारा
- मतदाताओं को केवल मोदी की गारंटी दिखाई

अमृत विचार: भोजपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बुधवार को हुई जनसभा ने माहौल बदला है। अपनों को एकजुट कर भाजपा के खिलाफ आक्रामक होने की अखिलेश की नसीहत के बाद सपा चुनावी लड़ाई में तेज हो गई है। मुरादाबाद में 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन ने एक लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल कर भाजपा के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को हराया था। हालांकि तब सपा व बसपा का गठबंधन था और इस बार यह दोनों आमने-सामने हैं।

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर आज को मतदान होगा। इस मतदान से पहले की रात कयामत की रात है। इस रात के समीकरण चुनाव परिणाम चौंकाने वाले दे सकते हैं। भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की बीमारी को लेकर मतदाताओं में भी चर्चा तेज हो चली है। तो वहीं राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने अपने समर्थकों को सहेजने के लिए जो आक्रामक रुख दिखाकर पुलिस प्रशासन पर हमला बोला उसके बाद से उनके समर्थकों और पार्टी के नेताओं को जोश से भर दिया। हालांकि अखिलेश के न आने से लोगों को निराशा हुई थी।

मतदान से ठीक दो दिन पहले आकर भोजपुर में जनसभा कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा व उसके नेताओं पर शब्दों के बाण छोड़कर पीडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। मंच से उन्होंने आपसी एकजुटता दिखाकर भाजपा की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान जनता से कर माहौल को बदल दिया। अखिलेश के आने के बाद सपा के नेता फील्ड में उतर कर धुआंधार प्रचार में जुट गए।

जनसंपर्क के आखिरी दिन सपाइयों ने महानगर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के अलावा हिंदू बाहुल्य मोहल्लों में भी डेरा डालकर उन्हें फिर से अपना आशीर्वाद सपा को देकर लोकतंत्र व संविधान को बचाने की अपील की। वहीं भाजपा खेमे में बस मोदी-योगी के नाम का सहारा है। योजनाओं के नाम पर मोदी की गारंटी गिनाई जा रही है। स्थानीय नेता के कार्य व उसकी उपस्थिति का कोई जिक्र कई बड़े नेताओं के कार्यक्रम में नदारद रहा। वहीं बसपा प्रत्याशी तो बसपा प्रमुख मायावती के मंच पर दिखने के अलावा महानगर में कहीं नहीं दिखे। यही नहीं भितरखाने बसपा के पदाधिकारी भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी के रवैए की आलोचना करते रहे। मंडल स्तर के एक पदाधिकारी भी पूरे चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी के रवैये से खफा रहे। इसलिए उन्होंने अधिक समय बिजनौर, रामपुर में ही दिया। अब तो ईवीएम में किस प्रत्याशी के सामने वाला बटन अधिक दबेगा इसका फैसला तो 4 जून को ईवीएम का लॉक खुलने पर ही पता चलेगा, लेकिन सयाने मतदाताओं की खामोशी यदि रंग दिखाई तो फिर अप्रत्याशित परिणाम सामने आना तय है।

प्रत्येक व्यक्ति मतदान को अपना धर्म समझकर वोट जरूर डाले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

जागरूकता

- धर्मगुरुओं ने जनपद के मतदाताओं से किया आह्वान
- मोहल्ले के लोगों को भी मतदान के लिए करें प्रोत्साहित

अमृत विचार: लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जहां सामाजिक संगठन व जिला प्रशासन लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं धर्मगुरु भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने को आगे आए हैं। धर्मगुरुओं ने लोकसभा चुनाव में जनपदवासियों से मतदान जरूर करने की अपील की है। साथ ही प्रत्येक नागरिक से अपने घर व मोहल्ले के लोगों को मतदान करने लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

धर्मगुरुओं ने अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए निष्पक्ष और निर्भीकता के साथ मतदान करने का आह्वान किया। देश की सरकार बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की बराबर की भागीदारी होनी चाहिए। देश और धर्म से भी ऊपर है मतदान का अधिकार। देश सुरक्षित हाथों में रहेगा तभी धर्म को मानने वाले लोग भी शांति से रहेंगे।

देश की सरकार बनाने में देश के प्रत्येक नागरिक महिला हो या पुरुष सभी अपने मत का दान अवश्य करें। 19 अप्रैल की सुबह घर के कामकाज बाद में करें, पहले मतदान कर देश के प्रति अपने फर्ज से मुक्त हो जाएं। मतदान करना अपना सबसे पहला फर्ज समझ कर मतदान करने अवश्य जाएं। – **सज्जन गिरी,** महंत, काली माता मंदिर



देश में होने वाले लोकसभा चुनाव में हर मनुष्य को अपने मत का प्रयोग करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि आपके एक वोट से देश की सरकार का निर्माण होना है। इसलिए शुक्रवार को हर नागरिक मतदान जरूर करे। ताकि एक अच्छी सरकार का निर्माण हो सके। – **पास्टर ब्रजेश मैसल,** फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च, पीलीकोठी



युवाओं के लिए अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए यह सुनहरा मौका है। जिले के सभी मतदाता अपना कोई भी जरूरी काम हो उसे छोड़ दें पहले मतदान करें। देश के विकास के लिए सही सरकार चुनने के मौके को हाथ से न जाने दें। देश में सही सरकार का निर्माण होगा तभी देश तरक्की करेगा। – **स्वर्ण सिंह,** मुख्य ग्रंथी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, गोविंद सिंह चौक

अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। अगर कोई अफवाह आती है तो उस पर ध्यान न दें। उसकी सूचना पुलिस व प्रशासन को दें। शांति बनाए रखें। सबसे पहले मतदान करें। वोट जरूर डाले। – **मुफ्ती सैय्यद फहद अली,** नायब शहर इमाम

लोस चुनाव 2019 के चुनाव में मंडल की छह में से तीन पर सपा तो तीन सीटों पर चिंघाड़ा था बसपा का हाथी

400 पार का संकल्प साधने को मंडल की सीटों पर जीत की चुनौती

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

अमृत विचार: 2019 का लोकसभा चुनाव पूरे मंडल में भारतीय जनता पार्टी के लिए अंगूर खट्टे वाली स्थिति की रही। मंडल की छह में से एक भी सीट पर पार्टी के दिग्गज और उनके प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाकर अपनी सीट नहीं जिता पाए थे। तीन पर सपा की साइकिल चली थी तो तीन सीटों पर हाथी की चिंघाड़ से नीला झंडा लहराया था। इस बार यदि भाजपा प्रदेश में 80 और देश में 400 पार सीटें जीतने के संकल्प को साधना चाहती है तो उसे मंडल की सीटों पर कमल खिलाना ही होगा।

मंडल की लोकसभा सीटों पर 2019 के चुनाव में यह थी जीते हुए उम्मीदवारों की स्थिति

लोकसभा सीट	जीते प्रत्याशी	दल
मुरादाबाद	डा. एसटी हसन	सपा
रामपुर	आजम खां	सपा
संभल	डा. शफीकुर्रहमान बर्क (अब दिवंगत)	सपा
अमरोहा	कुंवर दानिश अली	बसपा
बिजनौर	मलूक नागर	बसपा
नगीना (सुरक्षित)	गिरीश चंद्र	बसपा

उप चुनाव में जीती थी भाजपा

रामपुर में आजम खां के इस्तीफे के बाद 2022 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी ने यह सीट सपा से छीनकर जीत दर्ज की थी। इस बार फिर भाजपा ने घनश्याम लोधी जो वर्तमान में सांसद हैं को अपना उम्मीदवार बनाया है।

मंडल की सीटों पर मतदान की तारीख

☞ प्रथम चरण– मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर – 19 अप्रैल

☞ द्वितीय चरण– अमरोहा– 26 अप्रैल

☞ तृतीय चरण– संभल–7 मई

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत की चुनौती अभी भी बड़ी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पिछली दफा हारी 14 सीटों में से छह तो मुरादाबाद मंडल की थीं। जिस पर 2019 के लोकसभा चुनाव में कमल नहीं खिल पाया था। इसमें सपा-बसपा गठबंधन का प्रभाव भी काफी हद तक मायने रखा था। इस गठबंधन के चलते सपा-बसपा ने मिलकर मंडल की सभी 6 सीटें हथिया ली थीं। जिसमें तीन मुरादाबाद, रामपुर, संभल सपा ने जीती तो बसपा ने अमरोहा, बिजनौर और नगीना (सुरक्षित) सीट जीतकर अपने प्रत्याशियों को लोकसभा पहुंचाने में सफलता पाई थी। इस बार भाजपा के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल है।

क्योंकि 80 का आधार, भाजपा अबकी बार 400 पार का संकल्प तभी साकार होगा जब मंडल में भाजपा के प्रत्याशी जीतकर कमल खिलाएंगे।

हार-जीत

- भाजपा ने प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतने का रखा है लक्ष्य
- पश्चिम उत्तर प्रदेश में 2019 के चुनाव में 14 सीटें हारी थी भाजपा

संवेदनशील बूथों पर तीसरी आंख की नजर

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिले में 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। इसमें संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों पर प्रशासन की नजर है। 921 बूथों की वेब कास्टिंग प्रशासन की ओर से कराया जाएगा।

शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। 921 बूथों की वेब कास्टिंग कराई जाएगी। इन बूथों पर सीसीटीवी कैमरे से रिकार्डिंग होगी। जिसकी मानीटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों की भी इन संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर नजर है। प्रेक्षक भी इन बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजाम करा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि 921 बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। मतदान से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पारदर्शिता से निभाने के निर्देश दिए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

VOTE

आपके एक वोट से तय होगी
देश-प्रदेश की दिशा
मतदान अवश्य करें
लोकतंत्र में अपनी
भागीदारी सुनिश्चित करें

पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा
पुजारी, शक्ति दरबार रामपुर

VOTE

अंगुली पर लगी स्याही
सिर्फ निशान नहीं,
आपकी शान है देश की पहचान है,
लोकतन्त्र की जान है।

दिलीप सक्सेना
वरिष्ठ समाजसेवी
कृष्णा विहार सिविल लाइंस रामपुर (उ.प्र.)

VOTE

हर नर-नारी की जिम्मेदारी।
वोट डाल कर निभाएं
अपनी भागीदारी।

जितेंद्र प्रधान
अधिवक्ता

VOTE

आपका प्रथम कर्तव्य
और अधिकार आपके हाथ में है
मतदान अवश्य करें।

फैसल मुमताज़
राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

VOTE

लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर
उंगली पर नीली लकीर
आपका मत
आपकी ताकत

राजपाल सिंह सैनी
प्रधान एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि
सैदनगर रामपुर (उ.प्र.)

VOTE

जन-जन को जागरूक
और शिक्षित बनाना है
सही नेता चुनने के लिए
मतदात करने जाना है

रीतू कुमारी
सभासद वार्ड न. 11
बाजार कला बिलासपुर रामपुर

VOTE

बड़ी ताकत के साथ बड़ी
ज़िम्मेदारी भी आती है।
मताधिकार आपकी ताकत है,
और नैतिक मतदान आपकी ज़िम्मेदारी

भुवनेश कुमारी
प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय
माननगर कांठ, विकासखंड : छजलैट, जनपद : मुरादाबाद

VOTE

आपके वोट से आयेगा बदलाव,
सुधरेगा समाज होगा विकास
मतदान अवश्य करें।

डॉ शाकिर मलिक
निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी

VOTE

जन-जन का यह नारा है।
मतदान अधिकार हमारा है।।
मतदान अवश्य करें।

शोहदा कुरैशी
युवा समाजसेवी

VOTE

आपकी समझदारी काम आएगी
देश को खुशहाल बनाएगी।
मतदान अवश्य करें।

आँचल
सभासद वाद न. 8
बिलासपुर रामपुर

एक नजर

आग से बचाव के लिए किया जागरूक

मुरादाबाद, अमृत विचार : फायर सर्विस वीक के अंतर्गत गुरुवार को हरथला पोस्ट सिविल डिफेंस के एडीसी सतीश कुमार द्वारा स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में आग से बचाव के लिए अध्यापक और अध्यापिकाओं के साथ- साथ छात्र और छात्राओं को जागरूक किया गया। शासन द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक प्रदेश में फायर सर्विस वीक मनाए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। एडीसी सतीश कुमार ने बताया 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के बंदरगाह पर भारतवर्ष के सबसे भयंकर आग लगने की घटना घटी थी, ये आग विक्टोरिया बंदरगाह पर खड़े समुद्री जहाज जिसका नाम फोर्ट स्ट्रीकाइन में लगी थी। जिसको बुझाने में 60 से ज्यादा फायर फाइटर को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। इस अवसर पर हरथला पोस्ट के सेक्टर वार्डन योगेश कुमार, दिलफराज मलिक, अध्यापक गौरव कुमार, प्रधानाचार्य सोनित कुमार, अध्यापिका निशा सागर, रूपाली, नाजरा, पूजा, ममता, दीपा कश्यप, अनम, प्रियंका, आदि मौजूद रहीं।

वोट का निशान दिखाने पर चिकित्सक देंगे फीस में छूट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महानगर के कुछ चिकित्सकों ने किया 25 से 50 फीसदी छूट का ऐलान

अमृत विचार: शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए महानगर के चिकित्सक भी आगे आए है। जो लोग मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का प्रयोग करेंगे तो उन्हें महानगर के चिकित्सक फीस में छूट देंगे। महानगर के चिकित्सकों ने अंगुली पर वोट की स्याही दिखाने वाले मरीजों को फीस में विशेष छूट देने का ऐलान किया है। ऐसे मरीजों को चिकित्सकों की फीस में 25 से 50 फीसदी छूट मिल सकेगी। परामर्श शुल्क के साथ ही विभिन्न चिकित्सकीय जांचों पर शुल्क में छूट का ऐलान नेशनल मेडिकोज एसोसिएशन के सदस्यों व कुछ चिकित्सकों ने किया है।

नेशनल मेडिकोज एसोसिशन के अध्यक्ष डॉ. बीपीएस लोचब ने बताया कि एसोसिएशन के सभी सदस्य चिकित्सकों के यहां परामर्श व चिकित्सकीय जांचों पर फीस में 25 फीसदी की छूट उन मरीजों को मिलेगी जिनकी अंगुली पर मतदान करने के बाद लगने वाली स्याही का निशान होगा। वहीं डॉ. सीपी सिंह का कहना है कि मतदान के अगले तीन दिनों तक अंगुली पर लगी स्याही के साथ पहुंचने वाले मरीजों को परामर्श शुल्क में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। जो लोग एक सप्ताह तक अपनी अंगुली पर स्याही का निशान दिखाएंगे तो मरीज 25 फीसदी की छूट मिलेगी। डॉ. नितिन बत्रा ने बताया कि मतदान करने वाले मरीजों को अंगुली पर लगी स्याही दिखाने पर फीस में 20 फीसदी की छूट दी जाएगी। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. राघव शर्मा ने बताया कि चुनाव में मतदान करके क्लीनिक पर आने वाले मरीजों से 15 दिन तक पंजीकरण फीस नहीं ली जाएगी।

महानगर के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार अहम मुद्दा, सभी नागरिकों से मतदान करने की अपील

चुनाव को लेकर युवाओं में भी जोश, सोच-समझकर करें वोट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जनपद में आज मतदान होने जा रहा है। लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने जा रहे युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं का कहना है कि इस बार मतदान जाति और धर्म पर नहीं बल्कि रोजगार व शिक्षा के मुद्दे पर होगा। साथ ही उन्होंने सभी से अपने मत का प्रयोग करने की अपील की है।

युवाओं के अनुसार, इस बार केवल उसी दल के प्रत्याशी को दिल्ली पहुंचाया जाएगा, जो रोजगार की बात करेगा। इस बार दावों से काम नहीं चलने वाला, हकीकत में जो दिखेगा उसी ओर युवा मतदाता रुख करेंगे। युवाओं ने अपने मत के साथ सभी से मतदान करने की अपील करते की है। कहा कि अभी तक जाति धर्म के नाम पर बहुत वोट कर लिया। लेकिन, अब बारी रोजगार, शिक्षा के मुद्दे की है।

मतदान न सिर्फ हमारा अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य भी है। वह इस बार उसी को वोट करेंगे, जो युवाओं के रोजगार की बात करेगा। सिर्फ दावों से काम नहीं चलेगा, उन्हें हकीकत में बदलना ही होगा।

-सरल शर्मा

हर पांच वर्ष में लोकसभा चुनाव होते हैं। युवाओं से शिक्षा, रोजगार आदि के लिए किए गए वादे पूरे नहीं होते। जो घोषणाएं होती हैं जनप्रतिनिधियों को उन्हें पूरा भी करना चाहिए। इससे युवा खुलकर आपके पक्ष में मतदान करेंगे।

-पूजा सैनी

इस बार उसी प्रत्याशी को वोट करेंगे जो शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था पर बात करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करना इस सरकार का अच्छा कदम है। हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए।

-रितिका सिंह

युवाओं को मतदान में शत-प्रतिशत भाग लेकर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी होगी। किसी भी सरकार को पहले रोजगार के लिए अहम कदम उठाने चाहिए। युवाओं के लिए रोजगार से बढ़कर कुछ नहीं है।

-कुशल शर्मा

कौन बनेगा सांसद, गलियों में रही चर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक गुरुवार को देर रात तक गली-मोहल्लों में जनसंपर्क में जुटे रहे। वहीं मतदाताओं ने भी देर रात तक चौपालें लगाई और सभी ने अपने-अपने आकड़ों से बताया कि कौन सांसद बनेगा। अब शुक्रवार को मतदाता फैसला करेंगे कि इस बार कौन सांसद बनेगा।

गुरुवार को मतदान से एक दिन पहले महानगर की हर गली-मोहल्लों में प्रत्याशियों को लेकर चर्चा होती रही। कोई अपने प्रत्याशी और पार्टी की तारीफ कर रहा था तो कोई दूसरों के विरोध में लगा रहा। देर रात तक चाय और पान की दुकानों पर भी लोग एक-दूसरे से पूछते नजर आए कि किसे वोट दे रहे हो। किसी ने अपने प्रत्याशी का नाम बता दिया तो किसी ने कह दिया कि कोई ढंग का प्रत्याशी नहीं है, लेकिन वोट तो वह पार्टी के लिए देंगे। ज्यादातर लोगों का जोर प्रत्याशी के स्थान पर पार्टी को वोट देने पर रहा। इसके अलावा देहात क्षेत्र में भी चौपालों पर भी चुनाव और प्रत्याशी को लेकर चर्चा होती रहीं। इसके अलावा देर रात तक सभी पार्टियों के प्रत्याशी और प्रत्याशियों के समर्थक दुकानों, पान और चाय की दुकानों पर खड़े होकर मतदाताओं का मूड जानने की कोशिश करते रहे। अब शुक्रवार को मतदान के दिन जनपद की जनता अपना मत का प्रयोग कर यह तय करेगी कि इस बार मुरादाबाद लोकसभा से सांसद का ताज किसके सिर सजेगा।

2133 मतदेय स्थलों को सुरक्षा देने को जवानों ने संभाला मोर्चा

जिले में कांठ, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद ग्रामीण, मुरादाबाद नगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पहुंचा सुरक्षा बल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा क्षेत्र-6 मुरादाबाद में शुक्रवार सुबह सात बजे से सभी 2133 मतदेय स्थलों पर वोटिंग शुरू हो रही है। इन सभी मतदान केंद्रों को सुरक्षित रखने और चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को सुरक्षा कर्मियों ने वहां डेरा डाल दिया है। इन सुरक्षा कर्मियों में पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल है। इन लोगों पर मतदान के दौरान वोटर को सुरक्षित माहौल देने की भी जिम्मेदारी है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि जिले के 1728 बूथों पर तैनात सुरक्षा बल मौके पर पहुंच चुका है। पीआरवी 112 के मूवमेंट को और अधिक बढ़ा दिया गया है। किसी भी समस्या के लिए लोग यूपी डॉयल-112 पर भी कॉल कर सकते हैं। एसएसपी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर चुनाव में कोई खलल न डाल पाए, इसके लिए खुफिया विभाग के लोगों को भी सक्रिय किया गया है। मतदान केंद्र के क्षेत्रों में 11,260 लोगों को चिह्नित कर उन्हें रेड, येलो व ग्रीन कार्ड बांटे गए हैं। रेड-येलो कार्ड वालों को चेताया गया है कि चुनाव में विघ्न डाला तो गैंगस्टर तक की कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने बताया कि रेड कार्ड वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस की नजर रहेगी। चुनाव में खलल डालने की आशंका वाले 4,100 लोगों को रेड कार्ड जारी किया है। 3,560 येलो कार्ड जारी किए हैं। ये कार्ड उन लोगों को दिए हैं, जो चुनाव में सामने से नहीं बल्कि, पर्दे के पीछे से विघ्न डाल सकते हैं। 3,600 ग्रीन कार्ड उन्हें दिए हैं, जो पुलिस के सहयोगी हैं। एसएसपी ने बताया कि 53,824 लोगों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई है। इनमें से 43,203 लोगों को एक से दो लाख रुपये के मुचलके से पाबंद किया है। साथ ही 1805 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यही नहीं, 339 के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। 40 लोगों को जिले से बाहर अर्थात जिला बदर किया है। एसएसपी ने बताया कि मतदान के दौरान वायरलेस सिस्टम के लिए चार कंट्रोल रूम सक्रिय किए गए हैं।

विल्सोनिया कॉलेज में बने पोलिंग बूथ पर सुरक्षा में तैनात जवान। ● अमृत विचार

- मतदान करने को 20.56 लाख मतदाताओं को शांतिपूर्ण वातावरण देंगे पुलिस व सुरक्षा कर्मी

मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र

मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा क्षेत्र आते हैं। इसमें मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद देहात, कांठ, ठाकुरद्वारा और बढ़ापुर विधान सभा क्षेत्र शामिल है। बढ़ापुर विधान सभा क्षेत्र बिजनौर जिले में आता है और वहां कुल 405 मतदेय स्थल हैं। यहां पर बिजनौर जिला प्रशासन निर्वाचन कराएगा।

चुनाव के प्रथम चरण में 15 थाने प्रभावित

कोतवाली, मुगलपुरा, नागफनी, सिविल लाइन, मझोला, कटघर, गलशहीद, मूंढापांडे, पाकबड़ा, ठाकुरद्वारा, डिलारी, भोजपुर, भगतपुर, कांठ, छजलैट।

निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर सशस्त्र जवानों का पहरा रहेगा। यदि किसी ने मतदान के दौरान गड़बड़ी करने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म की भी मॉनिटरिंग हो रही है।

-हेमराज मीना, एसएसपी

पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स

बाहरी जिलों से	दरोगा 267, कांस्टेबल/हेड कांस्टेबल 2432, होमगार्ड 2125, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) 20 कंपनी, पीएसी दो प्लाटून।
मुरादाबाद जिले से	इंस्पेक्टर 63, दरोगा 542, कांस्टेबल/हेड कांस्टेबल 1944, होमगार्ड 638, सीएपीएफ 8 कंपनी, पीएसी एक प्लाटून।
कुल	**इंस्पेक्टर 63, दरोगा 809, कांस्टेबल/हेड कांस्टेबल 4376, होमगार्ड 2790, सीएपीएफ 28 कंपनी, पीएसी तीन प्लाटून।**

इस तरह से चुनाव पर रहेगी नजर

- 205 मतदान केंद्र और 336 मतदेय स्थल हैं क्रिटिकल।
- चारों विधान सभा क्षेत्रों को 16 जोन व 138 सेक्टर में बांटा गया।
- 11 अंतर्राज्यीय बैरियर बने हैं, जिन पर चेकिंग चल रही है।
- 20 पिकेट संवेदनशील स्थानों पर लगी है।
- 72 घंटे पूर्व प्रत्येक चेकिंग पाइंट पर अतिरिक्त एसएसटी की और दो-दो टीमें लगाई गई हैं।
- एफएसटी की और 8 टीमें बढ़ा दी गई हैं।

चुनाव ड्यूटी में लगी रोडवेज बसें, यात्रियों की बढ़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रोडवेज प्रबंधन ने लंबी दूरी की बसों को छोटे मार्गों पर लगाया तब मंजिल तक पहुंचे यात्री

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में रोडवेज परिवहन विभाग की बसों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। ऐसे में यात्रियों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। इसके लिए रोडवेज प्रबंधन ने आसपास में जाने वाले स्टेशनों पर लोगों की बढ़ी भीड़ को देखते हुए लंबी दूरी की बसों को हटाकर छोटे मार्गों पर लगा दिया है।

गुरुवार सुबह से ही मुरादाबाद व पीतल नगरी डिपो पर संभल, चंदौसी, अमरोहा, रामपुर, बिजनौर व बरेली के यात्रियों की भीड़ दोपहर तक बढ़ी रही। हालांकि लंबे रूट की बसें डिपो में खड़ी थी। जिससे सहायक प्रबंधक मुरादाबाद डिपो नरेश चंद गुप्ता ने बसों के रूट में परिवर्तन कर यात्रियों को उनकी मंजिल तक भेजने को प्रबंध कराया। वहीं पीतल नगरी डिपो पर संभल, चंदौसी, रामपुर, बरेली के यात्रियों की 10 बजे के बाद अचानक भीड़ बढ़ने लगी। जहां सहायक प्रबंधक प्रेम सिंह ने लंबे रूट पर जाने वाली 20 बसों के मार्ग में परिवर्तन कर यात्रियों की जरूरत अनुसार मार्ग पर लगाया। जिससे दोपहर तक दोनों डिपो से यात्री अपनी मंजिल तक सकुशल पहुंचे।

प्रबंधक रोडवेज परिक्षेत्र मुरादाबाद ममता सिंह ने बताया कि यात्रियों की जरूरत पर बसों के मार्ग में परिवर्तन किया है और आगे भी अगर जरूरत पड़ने पर व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

वरिष्ठ साहित्यकार के निधन पर शोक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: साहित्य-जगत को सदैव अपने मधुर कंठ एवं हृदयस्पर्शी गीतों से गौरवान्वित करने वाले महानगर के वरिष्ठ साहित्यकार आनंद कुमार 'गौरव' के गुरुवार को निधन पर साहित्यकारों में शोक छा गया। वह पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

12 दिसम्बर 1958 को ग्राम भगवानपुर रैहनी, जनपद बिजनौर (उत्तर प्रदेश) में जन्मे आनंद कुमार 'गौरव' ने साहित्य-साधना के साथ-साथ प्रथमा बैंक के एक कुशल अधिकारी के रूप में भी समाज को अपनी सेवाएं दीं। वह 2018 में बैंक की नौकरी से सेवानिवृत हुए। देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित हुईं हैं। उनकी कृतियों में 'आंसुओं के उस पार' (उपन्यास), 'मेरा हिन्दुस्तान कहां है' (गीत-संग्रह), 'थका-हारा सुख' (उपन्यास), 'शून्य के मुखौटे' (कविता-संग्रह) तथा सांझी-सांझ' (गीत-संग्रह) साहित्य-जगत में प्रतिष्ठित रहीं। उनकी उत्कृष्ट लेखनी से निकला गीत मैं चला अविराम राही, तुम न मुझको टेरना अब। रथ मेरा तन सारथी मन रास्ता मत घेरना अब अत्यंत लोकप्रिय हुआ। इसके अतिरिक्त उनका एक अन्य गीत भी साहित्य साधकों के अन्तस को झंकृत करता रहा। जिसकी पंक्तियां पते पर नहीं जो पहुंची, उस चिट्ठी जैसा मन है, रिक्त अंजली-सा मन है। उनकी गजल-संग्रह 'सुबह होने तक' अप्रकाशित रही। समय-समय पर दूरदर्शन व आकाशवाणी से भी उनकी रचनाओं का प्रसारण हुआ। साहित्यिक साधना के लिए देश कई प्रतिष्ठित साहित्यिक मंचों से उन्हें सम्मानित किया गया था। मुरादाबाद की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'विप्रा कला साहित्य मंच की' भी उन्होंने स्थापना की। उनके निधन की जानकारी मिलने पर महानगर व आसपास के साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गई। साहित्यकार रामदत्त द्विवेदी, डॉ. कृष्ण कुमार 'नाज़', डॉ. मनोज रस्तोगी, ज़िया ज़मीर', राजीव 'प्रखर' आदि ने उनके आवास पर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। योगेंद्र वर्मा व्योम ने निधन पर दुख जताते हुए बताया कि आनंद गौरव की अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह 7:30 बजे उनके हिमगिरी कॉलोनी स्थित आवास से सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के निकट मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

परचून की दुकान से नकदी व सामान चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : चोरों ने परचून की दुकान से केवल नकदी और सामान ही नहीं बल्कि सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी खोलकर ले गए।

इस मामले में पंडित नगला के लाल सिंह ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कटघर थाने में चोरी के आरोप में एफआईआर दर्ज करा दी है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि दौलतबाग मोड़ मछरिया रोड पर परचून की दुकान है। दुकान से डीवीआर, एलसीडी, चीनी की बोरी, इनवर्टर, बैट्री व गल्ले में रखे 7,000 रुपये व अन्य सामान चोर ले गए है।

इस मामले में थानाध्यक्ष कटघर तेजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। मामले में पुलिस टीम लगी है, जल्द ही खुलासा कर देंगे।

जीआरपी ने चाकू के साथ पकड़ा युवक

मुरादाबाद, अमृत विचार: राजकीय रेल पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक के चाकू के साथ गिरफ्तार किया। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया।

एसपी रेल आशुतोष शुक्ला द्वारा मंडल भर में ट्रेनों में वारदात करने वाले अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को मुरादाबाद थाना जीआरपी में तैनात हेड कांस्टेबल तौसीफ रजा, विवेक पाल व आरपीएफ के हेड कांस्टेबल रविंद्र ढाका ने रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया।

पकड़ में आए युवक ने अपना नाम जावेद निवासी पीरगढ़ थाना नगर कोतवाली जनपद अमरोहा बताया। आरोपी के पास से एक चाकू बरामद हुआ है।

पहल | इसी सत्र से लागू होगा बदलाव, घर बैठे मिलेंगी जानकारी

9वीं, 11वीं में देना होगा मोबाइल नंबर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्कूलों में प्रवेश के समय छात्रों को ई-मेल आईडी भी देनी जरूरी

अमृत विचार: इस बार छात्र-छात्राओं को डिजिटल के माध्यम से स्कूल संबंधी सभी जानकारी घर बैठे उपलब्ध कराने की तैयारी हो रही है। यूपी बोर्ड में कक्षा 9 से लेकर 12 तक में प्रवेश लेने वाले छात्रों को अब अनिवार्य रूप से ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर देना होगा। यह बदलाव इसी सत्र से लागू होगा।

प्रदेश में बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र 2024-25 में प्रवेश की शुरुआत 1 अप्रैल से हो चुकी है। अन्य कक्षाओं के साथ-साथ 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों का भी प्रवेश शुरू होगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने कहा है कि 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को प्रवेश के समय ही ई-मेल व मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। इससे विद्यार्थियों को समय-समय पर कोई भी सूचना, सरकारी योजनाओं की जानकारी देने में आसानी होगी। बता दें कि विभाग को कई बार विद्यार्थियों को कोई भी आवश्यक या आकस्मिक सूचना देने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। यही वजह है कि इस बार सत्र शुरू होने के साथ ही विभाग ने इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी डीआईओएस से कहा है कि 9वीं से 12वीं के सभी विद्यार्थियों की ई-मेल आईडी, उनके मोबाइल नंबर प्रवेश आवेदन के साथ ही लिए जाएं। इनको प्रवेश आवेदन पर ही अंकित किया जाए। साथ ही प्रवेश आवेदन पर ली गई इन सूचनाओं को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाए। उन्होंने यह भी कह कि प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में उनके यहां चल रहे कोर्स, वर्ग, शिक्षक व विद्यार्थियों के विवरण, विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देने के लिए उनकी वेबसाइट तैयार कराई जा रही है। जिन विद्यालयों की वेबसाइट अभी तक नहीं तैयार है, उनकी वेबसाइट भी 20 अप्रैल तक तैयार कराना सुनिश्चित करें। ताकि विद्यार्थियों से संवाद व सूचनाओं के आदान-प्रदान में किसी तरह की दिक्कत न हो।

एक नजर

निर्माण कार्य में ठेकेदार पर धांधली करने का आरोप

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत में हो रहे नाली निर्माण कार्य की जांच करने पहुंचे इंजीनियर ने मौके पर निर्माण सामग्री में सीमेंट कम और बजरफुट ज्यादा पाई। गुरुवार को इंजीनियर हरिओम ने बताया कि नगर पंचायत में जो नाली निर्माण कार्य चल रहा है। वो लगभग 20 साल तक के लिए किया जा रहा हैं। लेकिन ठेकेदार नाली निर्माण कार्य में जो सामग्री लगा रहे हैं उससे इस निर्माण के पांच साल तक भी चलने की उम्मीद नहीं है। इस बारे में ठेकेदार को चेतावनी दे दी गई। घटिया सामग्री लगाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

चार हत्यारोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना पुलिस ने हत्या के चार आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि लाइनपार विक्रम राशन कार्ड वाली गली निवासी अर्जुन सिंह, उसके भाई सचिन कुमार, चामुंडा मंदिर निवासी अमन और नयागांव मझोला निवासी रोहित के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। चारों आरोपी गिरोह बनाकर हत्या जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देते रहे हैं। पिछले साल इन आरोपियों ने लाइनपार में हत्या की वारदात की थी। इस गिरोह का गैंग लीडर अर्जुन सिंह है। अन्य तीनों आरोपी गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं।

20 तक मनेगा सेवा सप्ताह

मुरादाबाद, अमृत विचार : अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इन दिनों अग्नि शमन सेवा सप्ताह मना रहे हैं। यह कार्यक्रम 20 अप्रैल तक होने हैं। इसके तहत अग्निशमन कर्मी विभिन्न प्रतिष्ठानों और संस्थानों में पहुंच कर लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक कर रहे हैं। अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि गुरुवार को अग्निशमन विभाग की टीमों ने रामगंगा विहार स्थित रिजोनेंस एजुकेशन फॉर बेटर टुमारो और पीतलनगरी के हैंडीक्राफ्ट फर्म में पहुंच कर मॉक ड्रिल कराई। इन स्थानों पर लोगों को आग और उसे बुझाने के तरीके बताए।

भाई और भाभी नामजद

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के डबल फाटक सीतापुरी निवासी मिंटू ने बड़े भाई कपिल व भाभी रेखा निवासी कमला बिहार के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। मिंटू ने पुलिस को बताया है कि 12 फरवरी को उनके भाई व भाभी ने उनके साथ मारपीट की थी। इसमें उनके बाएं पैर और सीधे हाथ में चोट आई है।

नौ बेरोजगारों से ठगे 9.40 लाख रुपये

विदेश में नौकरी दिलाने का ठेका लेने वाले बाबू को दिल्ली के दो लोगों ने लगाया चूना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : विदेश में नौकरी के चक्कर में नौ बेरोजगार ठगी का शिकार हो गए हैं। जालसाजों ने इनसे कुल 9.40 लाख रुपये ठग लिए हैं। ये सभी बेरोजगार मैनाठेर थाना क्षेत्र के लालपुर हमीर निवासी बाबू के माध्यम से ठगी का शिकार हुए हैं। इन बेरोजगारों में बाबू का बेटा नदीम भी है, वह भी ठगा गया है। नौकरी न मिलने पर अब पीड़ित बेरोजगार बाबू से अपने रुपये वापस मांग रहे हैं।

ऐसे में नौकरी लगवाने का ठेका लेने वाले बाबू का परेशान होना लाजिमी भी है। फिलहाल, बाबू ने मैनाठेर थाने में मामला भी दर्ज करा दिया है। इसमें उन्होंने नवाब उर्फ मन्ना और फैजान को नामजद किया है। नवाब उर्फ मन्ना दक्षिणी दिल्ली जुनेना लालबत्ती ओखला का रहने वाला है, जबकि फैजान का निवास अज्ञात है। बाबू ने बताया कि अपने बेटे नदीम के साथ ही उन्होंने विदेश में नौकरी के लिए अन्य आठ बेरोजगारों को खोजा था। इसमें उनका बेटा नदीम, साढ़ू का बेटा अजहर और उनके गांव के नईम, उवैस, नासिर, रामपुर जिले के असीम हुसैन व गागन नगला का मोहम्मद इकराम और मुरादाबाद में लोधीपुर के सलीम व रिजवान भी हैं।

सलीम व रिजवान आपस में दोस्त हैं। बाबू ने बताया कि नामजद आरोपी नवाब उर्फ मन्ना और फैजान ने उनसे कहा था कि कई लड़के देख लो फिर उनसे रुपये जमा करा लो। प्रक्रिया पूरी कराकर सभी को एक साथ कुछ को कतर में और बाकी को सऊदी अरब भेज देंगे। वहां इन लोगों को प्रति महीने 1800 से 2,000 रियाल (40,086 से 44,540 रुपये) पगार के मिलेंगे। अधिक रुपये तनख्वाह के लालच में आए बाबू ने संपर्क में आने वाले बेरोजगारों में किसी से डेढ़ लाख तो किसी से दो लाख रुपये तक वसूल लिए और ठगी के ठेकेदारों को कुल 9.40 लाख रुपये उपलब्ध करा दिए। उन्होंने बताया कि दोनों ठगों ने उनसे कुल 6.20 लाख रुपये बैंक खाते में लिए और शेष 3.20 लाख रुपये वीजा व प्लेन के टिकट के लिए नकद लिए थे।

इससे पहले बाबू ने संपर्क में आए सभी नौ बेरोजगारों को दिल्ली के भरतनगर में लालबत्ती में स्थित एक मेडिकल सेंटर पर ले जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया था। उन्होंने बताया कि ठगी करने वाले नवाब ने उन्हें व्हाट्सएप पर वीजा व टिकट भेज दिया। फिर उसके बारे में जब उन्होंने पड़ताल की तो पता चला कि वीजा व प्लेन का टिकट फर्जी है।

बाबू ने पुलिस को बताया है कि व्हाट्सएप पर वीजा व टिकट मिलने पर उनके बेटे नदीम व अन्य सभी आठ लोग कतर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी 15 फरवरी 2024 को आरोपी नवाब फोन कर कहा कि किसी वजह से टिकट कैंसिल हो गए हैं, थोड़ा इंतजार करो। इसके बाद से नवाब व उसके साथी फैजान से बाबू का संपर्क टूटा है। आरोपियों के फोन बंद हैं। इधर, ठगी का अहसास होने पर पीड़ित बेरोजगार बाबू को उठना-बैठना मुश्किल किए हैं वे लोग उनसे अपने रुपये वापस मांग रहे हैं।

इस तरह लालच में फंसा ठेकेदार

बाबू ने बताया कि बेटे नदीम को विदेश में नौकरी दिलाने के लिए पहले उनकी अपनी ससुराल जोया के पड़ोस हरियाणा गांव के रहने वाले हाजी मुअज्जम से हुई थी। उससे बेटे को कतर भेजने का दो लाख रुपये में सौदा हुआ था। टिकट, वीजा व अन्य खर्चों के नाम पर रुपये देने के बाद बाबू ने दिल्ली जाकर बेटे का मेडिकल परीक्षण करा लाए लेकिन, तीन महीने की अवधि बीत गई पर हाजी मुअज्जम ने टिकट दिया न वीजा। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर कर अपने रुपये वापस मांगे थे। लेकिन, हाजी ने कहा परेशान न हो दोबारा मेडिकल परीक्षण करा लो कतर भेज देंगे। बाबू बेटे को लेकर फिर दिल्ली पहुंचे थे, जहां मेडिकल सेंटर पर उनकी मुलाकात फैजान से हुई। फैजान ने नवाब उर्फ मुन्ना से मिलाया। फैजान व नवाब ने कतर व सऊदी अरब में प्रति महीने 1800 से 2,000 रियाल की सैलरी पर नौकरी दिलाने का वादा किया, जबकि हाजी मुअज्जम ने 1200 रियाल की पगार बताई थी। बाबू इसी अधिक तनख्वाह के चक्कर में आ गए और उन्होंने हाजी मुअज्जम का साथ छोड़कर फैजान व नवाब को पकड़ लिया था।

तीन दिन में 3 करोड़ का कारोबार प्रभावित

मुरादाबाद, अमृत विचार: फल सब्जी मंडी में फुटकर विक्रेता जाम का कारण बनते जा रहे हैं। इसके लिए कई बार आढ़तियों ने मंडी प्रशासन से शिकायत भी की है और आंदोलन भी किए गए हैं। गुरुवार की सुबह से मंडी की सड़कों पर बैठे फुटकर विक्रेताओं की अवैध दुकानों के कारण दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रही। तीन दिन से लगने वाले जाम के कारण आढ़तियों को 3 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो वहीं मंडी को भी लाखों के टैक्स की क्षति पहुंची है।

नवीन फल सब्जी मंडी की सड़कों पर बैठे फुटकर विक्रेताओं के कारण सुबह से दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रही। मंडी प्रशासन की लापरवाही से मंडी में आए दिन जाम लगने की समस्या बनी रहती है। मंडी आढ़तियों ने इस संबंध में कई बार मंडी प्रशासन को आंदोलन के माध्यम से चेतावनी भी दी है, लेकिन मंडी प्रशासन की ओर से ठोस कदम अभी तक नहीं उठाए गए हैं। मंडी आढ़ती मोहम्मद अली का कहना है कि तीन दिन से लगातार लगने वाले जाम से 3 करोड़ रुपयों से अधिक के कारोबार पर गहरा असर पड़ा है।

दहेज के लालच में पत्नी के साथ मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अतिरिक्त दहेज की मांग करने वाले पति की मार और प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता की तहरीर पर मझोला थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस एफआईआर को लिखाने में भी पीड़िता ने थाना, कप्तान कार्यालय से लेकर न्यायालय तक लंबी दौड़ लगाई है। अब पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पीड़िता के आरोपी पति के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया है।

मानसरोवर कॉलोनी की सुहानी गुप्ता ने बताया कि उनका विवाह 28 नवंबर 2019 को पारस अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय अशोक अग्रवाल के साथ हुआ था। उनकी ससुराल पश्चिमी दिल्ली में ग्लोबल अस्पताल के पास अंबिका विहार ग्राउंड फ्लोर में है। उनके माता-पिता ने विवाह में 30 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के कुछ समय तक उनके प्रति पति पारस का व्यवहार ठीक रहा लेकिन, फिर वह शराब के नशे में उन्हें पीटना शुरू कर दिया था। अतिरिक्त दहेज के नाम पर 25 लाख रुपये मायके से लाने का उन पर दबाव बनाने लगा था। फिलहाल, सुहानी ने अपने वैवाहिक जीवन में एक बेटी को जन्म दिया, लेकिन उसके पति के व्यवहार में बदलाव नहीं आया। आए दिन वह घर में ही दोस्तों के साथ शराब पीता और फिर नशे में आने पर पत्नी से मारपीट करता था। दोस्त भी उसे गलत नजर से देखने लगे थे। पीड़िता दोबारा गर्भ से थी। आरोप है कि उसके पति ने दोस्तों के साथ मिलकर उसे गोपनीय तरीके से पश्चिमी विहार दिल्ली में अल्ट्रासाउंड कराया और भ्रूण फीमेल होने पर उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद भी उसके पति के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि 26 फरवरी को 2023 को उसके पति ने उसे और उसकी बेटी को पीट कर घर से निकाल दिया।

पति ने की थी पीड़िता से बेटी छीनने की कोशिश

पीड़िता सुहानी गुप्ता ने बताया कि उसने परिवार न्यायालय में मामला भी दायर किया है। इस मुकदमे में 2 दिसंबर 2023 को पेशी पर आई तो उसके पति पारस अग्रवाल व इसके साथ मौजूद अन्य लोगों ने उससे उसकी बेटी छीनने की कोशिश की थी। गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दी थी। इस घटना के दिन ही पीड़िता थाने पर गई थी, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई थी। उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अर्जी लगाई थी। जिस पर मझोला पुलिस ने 23 दिसंबर 2023 को उसके पति को बुलाया और समझौता कराया था। जिसे उसके पति ने स्वीकार नहीं किया था। इसके बाद पीड़िता ने एसएसपी के सामने पेश हुई थी। कार्रवाई न होने पर वह न्यायालय की शरण में गई थी।

जनसंपर्क

मनोकामना मंदिर में आशीर्वाद मांगने पहुंची सपा प्रत्याशी रुचि वीरा।

जीत का आशीर्वाद मांगने मंदिर पहुंची रुचि वीरा

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में प्रचार के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी रुचि वीरा अपनी जीत के लिए मंदिर में मत्था टेकने पहुंची। उन्होंने मतदाताओं के बाद अब भगवान से जीत के लिए प्रार्थना की और मंदिर में नारियल भी फोड़ा। गुरुवार को चुनाव प्रचार की समाप्ति पर सपा प्रत्याशी रेलवे कैंपस स्थित प्राचीन मनोकामना मंदिर में देवी मां के दर्शन करने पहुंची। उनका मानना है कि इस प्राचीन मंदिर के दर्शन करने से मात्र से ही मनोकामना पूर्ण होती है। रुचि वीरा ने श्रद्धा भाव से मां के दर्शन किए और अपनी जीत के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। इसके बाद उन्होंने गुरहट्टी स्थित मुरादाबाद के मशहूर चाट वाले की दुकान पर चाट का आनंद लिया। रुचि वीरा लोगों से मिलने वाले प्यार और सम्मान से अपनी जीत को लेकर पूर्ण रूप से आश्वस्त हैं। इस दौरान उनके साथ कुशल यादव, राज कुमार प्रजापति, कांग्रेस नेता प्रियांक चौधरी, युगल किशोर वाल्मीकि अंकुर चौधरी, सुनील भारद्वाज, हिमांशु शर्मा आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

लोस चुनाव का माहौल अंदर से गरम और बाहर से ठंडा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चुनाव आयोग की सख्ती के चलते प्रत्याशियों में असमंजस की स्थिति

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में क्षेत्र का पारा अंदर से गरम और बाहर से ठंडा दिख रहा है। यह सब चुनाव आयोग की सख्ती का असर है। चुनाव में प्रतिभाग कर रहीं पार्टियों ने अंदर से पूरी ताकत झोंक दी है।, वे चुनाव जीतने के लिए हर दांव का प्रयोग कर रहे हैं। जिससे उनके चुनाव को कोई मात न दे सके। बाहरी शोर जो पहले होता था, वह अब चुनाव में नहीं होता है, लेकिन हम चुनाव प्रचार को शोर ही मानते चले आ रहे हैं। परंतु, इस चुनाव में तो बाहर सन्नाटा ही पसरा रहा। लेकिन, इस सन्नाटे के बीच अंदर ही अंदर गरमी भी बढ़ रही है। उम्मीदवारों द्वारा मतदाता को अपने पक्ष में करने का प्रयास चल रहा है।

चुनाव प्रचार बुधवार को थम गया। गुरुवार का दिन घर-घर प्रचार का रहा। लेकिन, पार्टियों ने अपनी सारी ताकत आज ही झोंक दी। रात में काफी कार्य पूरा कर लिया जाएगा। शुक्रवार को मतदान का दिन है, इस दिन तो बस मतदाता अपने फैसले पर ही ठप्पा लगाएगा, यानि कि ईवीएम का बटन दबाएगा। मतदान करने के अनेक पहलू इस समय काम कर रहे हैं। इनमें पार्टीगत, जातीय और क्षेत्रीय गतिविधियां शामिल हैं। कुछ अन्य गतिविधियां भी हैं, जिन्हें कोई सार्वजनिक नहीं करता है। कर भी नहीं सकता है। इस प्रकार गुरुवार की रात तक पूरी बिसात बिछा ली जाएगी, जिससे चुनाव में पार्टियों को लाभ मिल सके। पार्टियों की ओर से जो बिसात बिछाई गई है, उस पर दिग्गज बराबर नजर रखे हुए हैं। चूंकि, जिन्हें लग रहा है कि वे चुनाव जीत रहे हैं, इस पर उन्होंने अपनी सारी की सारी ताकत लगा दी है। अब इस पर से पर्दा तो चार जून को मतगणना के बाद ही उठ पाएगा।

40 बच्चों वाले मुसलमान का नाम बताएं साक्षी

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने भाजपा सांसद साक्षी महाराज के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को साक्षी महाराज बदनाम कर रहे हैं। चुनौती देते हुए कहा कि वह पूरे देश से एक मुसलमान का नाम बता दें, जिसकी 4 पत्नियां और 40 बच्चे हैं।

शहाबुद्दीन ने कहा कि अब मुसलमान शिक्षित भी हुआ है। अधिकतर मुसलमान एक ही शादी कर रहे हैं और उनके भी दो या तीन से ज्यादा बच्चे नहीं हैं। इस्लाम जायज और नाजायज के दायरे में रह कर जीवन जीने की अनुमति देता है। बच्चे कितने होंगे या नहीं होंगे, यह खुदा के हाथ में है। साक्षी महाराज को चाहिए कि वह समाज को तोड़ने का काम बंद कर दें। अन्यथा कुछ दिनों के बाद उनका घमंड खुद टूट जाएगा। दरअसल, उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बयान दिया था।

राहत: दिल्ली के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रतापगढ़ और लखनऊ की ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेलवे प्रबंधन ने दिल्ली के लिए तीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। अयोध्या और मां बेहलादेवी से चलीं विशेष ट्रेनें प्रतापगढ़ और अयोध्या कैंट के मार्ग पर चलेंगी।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए अयोध्या कैंट से दिल्ली के लिए अनरिजर्व ट्रेन 04205 को बाराबंकी, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद से गाजियाबाद स्टेशन पर ठहराव देकर दिल्ली संचालित किया जा रहा है। अनारक्षित ट्रेन 04207 की ट्रेन को आज मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़ से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। अमेठी, गौरीगंज, जायस, रायबरेली, बछरावां, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद पर स्टापेज दिया गया। तीसरी ट्रेन 04209 अनारक्षित स्पेशल गाड़ी को अयोध्या कैंट से दिल्ली के लिए गुरुवार को चलाया गया। यह ट्रेन अयोध्या कैंट-दिल्ली के रूट पर चल रही है। इन विशेष ट्रेनों को हेल्प डेस्क, टीटीई स्टॉफ की ओर से सूचना दी जा रही है।

चुनावी सीजन के लिए चल रहीं स्पेशल ट्रेनें

मुरादाबाद, अमृत विचार : ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेल संचालन के विकल्प पर अमल किया जा रहा है। एक तरफ गर्मी की छुट्टियां तो दूसरी ओर चुनावी सीजन को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही हैं। रेलवे प्रबंधन का कहना है कि छुट्टियों के साथ चुनाव की व्यस्तता का असर ट्रेनों पर पड़ रहा है। गुरुवार को भी मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस के रूट पर नई विशेष ट्रेन चलाई गई। आनंद विहार टर्मिनल से चली विशेष ट्रेन सप्तक्रांति के रूट पर चलीं। दोपहर में आनंद विहार से ट्रेन 37 मिनट की देरी से रवाना हुई। खास बात यह है कि रेगुलर गाड़ियों की तरह विशेष ट्रेन की स्थिति एनटीईएस पर ऑनलाइन देखी जा सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे समर स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या रेगुलर ट्रेनों में आ रही है। लंबे रूट की ट्रेनों में वेटिंग से भारी भीड़ है। भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन स्टेशनों पर नजर रख रहा है। गुरुवार को आनंद विहार से चलने वाली मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस (12558) में भीड़ को देखते हुए विकल्प के तौर पर एक और विशेष ट्रेन चलानी पड़ी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को सप्तक्रांति एक्सप्रेस के रूट पर मुजफ्फरपुर के लिए विशेष ट्रेन (04034) को हरी झंडी दी गई। यह ट्रेन सप्तक्रांति के मार्ग पर मुजफ्फरपुर तक जाएंगी। विशेष ट्रेन मुरादाबाद, लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया होते हुए मुजफ्फरपुर के लिए चलाया गया।

इस्कॉन की ओर से आशियाना केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

भगवान श्रीराम को 108 भोग अर्पण

मुरादाबाद, अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन आशियाना केंद्र पर गुरुवार को भक्तों ने भगवान श्रीराम दरबार का पंचामृत द्रव्य द्वारा अभिषेक कराया गया। भक्तों ने बारी- बारी से अभिषेक किया और भगवान के विग्रह पर पुष्प वर्षा की।

हरी नाम संकीर्तन पर भक्त झूम उठे और भगवान श्रीराम के प्रेम में पूरा प्रांगण भक्ति मय हो उठा। उसके बाद भगवान को 108 भोग अर्पण किए गए। केंद्र प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के त्याग, प्रेम और संघर्ष की कथा सुनाई। कहा कि उन्होंने कभी भी कोई कार्य ऐसा नहीं किया जिसके ऊपर कोई उंगली उठा सकें। इस दौरान वंशी धारी दास, सचिनानंदन दास, महामुनि दास, मोहित अग्रवाल, अरुण उदय प्रभु, साक्षी गौरांग दास, विद्वान गौरांग दास, शिव कुमार, राधा कांत गिरधारी दास मौजूद रहें।

हादसा | दो किसानों को हुआ नुकसान, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

चिंगारी से 17 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, मैनाठेर

अमृत विचार: मैनाठेर क्षेत्र के गांव मिलक गुरेर के जंगल में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी गिरने से दो किसानों की 17 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गेहूं की पकी फसल में आग लगने से दोनों किसान भाइयों को लाखों का नुकसान हुआ है।

मैनाठेर क्षेत्र के मिलक गुरेर निवासी मोहम्मद राईस रेहान पुत्र बाबू की 17 बीघा गेहूं की फसल पकी खड़ी थी। वही खेत के ऊपर से हाईटेंशन की जर्जर लाइन होकर निकल रही है। किसानों का कहना है कि तारों की हालत जर्जर हो चुकी है, गुरुवार को दोपहर को तारों से चिंगारी निकल कर गेहूं की फसल पर गिर गई। जिससे फसल में आग लग गई। आग लगने से 17 बीघा फसल में आग लग गई। जलकर राख हो गई। सूचना पर रईस और रेहान भी अपने खेतों पर पहुंच गए। बाद में काफी संख्या में एकत्र ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। मगर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मगर तब तक फसल जलकर राख हो गई।

मैनाठेर क्षेत्र के गांव मिलक गुरेर के जंगल में खेत में लगी आग। ● अमृत विचार

घर में लगी आग, सामान जलकर राख, भैंस झुलसी

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मुनीमपुर के मोहम्मद फैजान के घर आग लगने से उसकी उम्मीदें राख हो गई हैं। फैजान मजदूरी करता है। उसने बताया कि बहन की शादी के लिए दहेज का सामान इकट्ठा किया था। गुरुवार को फैजान के घर के बगल में पड़े कूड़े के ढेर में किसी ने आग लगा दी थी। इस चिंगारी से फैजान के घर में आग लग गई। घर में रखा सामान जलकर राख हो गया है। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझाई गई, उस समय तक घर में शादी के लिए एकत्रित किया गया सामान जल चुका था। फैजान ने बताया कि आग की चपेट में आकर उसकी एक भैंस भी झुलस गई है। आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

एक नजर

जहर खाने से महिला की हालत बिगड़ी, भर्ती

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव शरीफ नगर में घरेलू विवाद के चलते 25 वर्षीय महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि काफी दिनों से परिवार में गृह क्लेश चल रहा था। इससे वह तनाव में थी। इसके चलते उसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सैनी ने बताया कि उपचार के बाद हालात सामान्य होने पर महिला को घर भेज दिया गया।

किताब खरीदने घर से निकली छात्रा लापता

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : घर से सहेली के साथ किताब खरीदने की बात कहकर निकली छात्रा लापता हो गई। दोपहर तक घर लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। लेकिन कोई पता नहीं चला। छात्र की मां की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला मनिहारान निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गुरुवार सुबह सात बजे उसकी 20 वर्षीय बेटी अपनी सहेली के साथ किताबें खरीदने की बात कह कर घर से निकली थी। लेकिन दोपहर तक वह घर नहीं पहुंची।

रक्तदान करते नोमान अशरफ।

नोमान ने रक्तदान कर बचाई बच्ची की जान

कुंदरकी, अमृत विचार : शान-ए-कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन के सदस्य नुमान अशरफ ने ए-पॉजिटिव रक्तदान कर एक साल की बच्ची की जान बचाई है। बच्ची अमीना गांव रसूलपुर के रहने वाली है। वह मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती थी। डॉ. मुशाहिद हुसैन ने बताया कि बच्ची में रक्त की कमी है और जल्द ही उसे पीआरबीसी चाहिए। पीआरबीसी न मिलने की वजह से बच्ची के परिजन बहुत परेशान थे। तभी शान-ए-कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन के सदस्य नुमान अशरफ को पता चता तो वह रक्तदान करने मुरादाबाद स्थित ब्लड बैंक पहुंचे।

मतदान आज, कड़ी निगरानी में डाले जाएंगे वोट

सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान, सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात, अधिकारियों ने देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शुक्रवार को मतदान होगा। इसके लिए गुरुवार को मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां पहुंचीं। मतदान के दौरान कड़ी सुरक्षा और निगरानी रहेगी। क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। मतदान कर्मी वोटरों की आईडी की जांच मतदान कराएंगे।

ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में 721 मतदान केंद्रों पर 728 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनमें 206 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। 336 मतदेय स्थल संवेदनशील हैं। अति संवेदन मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस और सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मतदान स्थल के 200 मीटर परिक्षेत्र में सरकारी वाहनों को छोड़कर कोई अन्य वाहन नहीं जा सकता है। किसी भी व्यक्ति ने फर्जी मतदान करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार शाम पांच बजे तक सभी मतदान स्थलों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। इसके लिए 26 जोनल सेक्टर बनाए गए हैं। हर 10 मिनट में सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस बल के साथ मतदान स्थलों का निरीक्षण करेंगे। अतिसंवेदन शील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरो से निगरानी भी की जाएगी।

बस स्टैंड स्थित मतदान केंद्र में काम करते पीठासीन अधिकारी व अन्य।

सनातन धर्म इंटर कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर की गई बैरिकेडिंग।

मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न करने को पुलिस बल तैनात है। कहीं भी तीन से अधिक लोग एकत्रित नहीं होंगे। कड़ी निगरानी के बाद मतदान केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, नियमों का पालन कर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई है, ताकि अपने मत का प्रयोग करते समय किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करने पड़े। दिव्यागों को विशेष सुविधा मिलेगी।

केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, मतदान कराने के लिए तैयारियां पूरी

कांठ, अमृत विचार : क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों पर गुरुवार को पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। इसके लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट न पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। कांठ विधानसभा क्षेत्र में 419 पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों ने पहुंचकर पंफ्लेट चस्ता कर दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस बल एवं पैरामिलिट्री फोर्स व पीएससी के जवान पोलिंग बूथों पर सुरक्षा की दृष्टि से तैनात हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र में 213 मतदान केंद्रों पर 419 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 41 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं और एक मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील की श्रेणी में है।

इन बूथों पर शुक्रवार को पहले चरण के मतदान में 3,91,579 मतदाता वोट डालेंगे। पुलिस की तीनों कंपनियों को महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल, हावर्ड कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ठहरने की व्यवस्था की है। एसडीएम विनय कुमार सिंह, सीओ कांठ कुलदीप कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष छजलैट पूर्व में क्षेत्र के बूथ स्थलों का जायजा ले चुके हैं। वह मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान के लिए जागरुक कर चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि चुनाव में गड़बड़ी करने वाले ऐसा असामाजिक तत्वों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। साथ पुलिस प्रशासन ने शांति से मतदान करने की अपाली की है।

नीलगाय से टकराकर गिरी बाइक, दो युवक गंभीर रूप से घायल

बिलारी, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव सिहाली लद्दा के पास बाइक सवार नीलगाय से जा टकरा गए। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से जिला अस्पताल को रेफर किया गया।

गांव सीलपुर निवासी मोहम्मद यामीन व गांव इब्राहिमपुर निवासी इरशाद अली बाइक से बिलारी से चंदौसी की ओर जा रहे थे। जब उनकी बाइक सिहाली लद्दा के पास पहुंची तो सामने से नीलगाय आ गई। जिससे उनकी बाइक जा टकराई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल को रेफर किया गया। देर शाम तक दोनों की हालत गंभीर बनी हुई थी और उपचार चल रहा था।

तारों की चिंगारी से गेहूं की फसल जली

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : गांव चांदपुर मंगोल स्थित भटपुरा पट्टी फजरी वाले बाग के पास गुरुवार दोपहर बिजली लाइन के तारों से गिरी चिंगारी से किसान की दो बीघा गेहूं की फसल जल गई। इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने जली हुई फसल का मुआवजा मांगा है।

मोहल्ला कायस्थान निवासी इल्यास खान पुत्र वहीद खान ने चांदपुर मंगोल के रहने वाले पानसिंह पुत्र ठाकुर दास के खेत में बंटाई पर गेहूं की फसल बोई थी। इस समय खेत में गेहूं की फसल पकी हुई खड़ी थी। बताया गया कि गुरुवार को अचानक ट्यूबेल की लाइन में आग लग गई। तारों से गिरी चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। घटना के दौरान लोगों ने खेत मालिक पानसिंह को सूचना दी। सूचना के बाद ग्रामीण और पान सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ने आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना के बाद लेखपाल और पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसान से घटना की जानकारी ली। पीड़ित किसान ने मुआवजा की मांग की है।

गेहूं की फसल जलने के बाद खेत में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

घटना

- गांव चांदपुर मंगोल की घटना पीड़ित किसान ने मांगा मुआवजा
- लेखपाल और पुलिसकर्मियों ने किसान से ली जानकारी

यूपीएससी में छाया की सफलता से रिश्तेदारों में खुशी, मिठाई बांटी

बिलारी, अमृत विचार : गांव चांदपुर गनेश निवासी चौधरी नानक सिंह की नातिन छाया सिंह ने यूपीएससी में 65वीं रैंक हासिल की है। इससे उनके रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है।

गुरुवार को उन्होंने मिठाई बांटकर खुशी जताई। तहसील क्षेत्र के गांव चांदपुर गनेश में चौधरी नानक सिंह का परिवार रहा है। उनके चार बच्चों में दो बेटे आलोक चौधरी, अनूप चौधरी और दो बेटियां अलका चौधरी, अंजू चौधरी हैं। अलका चौधरी की शादी गाजियाबाद में और अंजू चौधरी की शादी मुरादाबाद के गांव ज्ञानपुर निवासी छोटे सिंह के साथ हुई थी। छाया सिंह अंजू चौधरी की पुत्री हैं। छाया सिंह के छोटे मामा अनूप चौधरी ने बताया कि वह छुट्टियों में नानी के घर आती थीं। उनका लक्ष्य सिर्फ अध्ययन ही रहा है।

ई-वेइंग से राशन वितरण में दिक्कत

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : ई-वेइंग मशीनों से राशन वितरण में दिक्कत होने से कार्डधारक परेशानी हो रहे हैं। साथ ही राशन डीलरों का समय भी बर्बाद हो रहा है। इस समस्या के चलते कार्डधारक सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर चक्कर लगा रहे हैं।

कार्ड धारकों का कहना है कि मशीन नहीं चल पा रही है और चलती भी है तो एक कार्डधारक को 25 से 30 मिनट तक का समय लग रहा है। इसके चलते राशन की दुकानों पर काफी भीड़ जुट ही है। गुरुवार को नगर कुंदरकी ब्लॉक के पास स्थित महबूब राशन डीलर की दुकान पर पहुंचे कार्ड धारक राजेश, निखिल, नजमा, भूरा, इमरान, मनोज, अनिकेत, राहुल, नगमा, रुखसार और शाहाना ने बताया कि वे लोग कई घंटे से राशन लेने के लिए आ रहे हैं। लेकिन मशीन नहीं चलने के कारण राशन मिलने में दिक्कत आ रही है।

राशन डीलर ने बताया कि उन्हें राशन बार-बार तौलना और उतारना पड़ रहा है। गल्ला 10-15 ग्राम ज्यादा या कम होता है तो भी मशीन नहीं तौलती है। जब तक तौल बिल्कुल सही नहीं होती है तब तक दूसरे कार्ड धारक का अंगूठा नहीं लग पा रहा है। बार-बार सॉफ्टवेयर बंद हो रहा है और मशीन नहीं चल पा रही है जिसके चलते राशन वितरण में काफी समय लग रहा है। इस बारे में जब सप्लाई इंस्पेक्टर से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

राशन की दुकान पर मौजूद कार्डधारक। ● अमृत विचार

लोगों की समस्याओं को लेकर सौंपा गया मांग पत्र

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने विभिन्न समुदायों के साथ चर्चा कर उनकी समस्याओं को लेकर मांग पत्र तैयार किया। उन्होंने यहा मांग पत्र लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को सौंपा है।

नागरिक एकता परिषद की ओर से गुरुवार को दलित, वंचित, पिछड़े व घुमंतु समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार को लेकर मांग पत्र तैयार किया गया। मानवाधिकार रक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि यह मुद्दा चार माह से सामुदायिक चर्चा के माध्यम से निकाला गया है। गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा, भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह, बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी, रामपुर में गठबंधन प्रत्याशी इमाम मोहिबुल्लाह नदवी, भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी, बसपा प्रत्याशी जीशान खां को मांग पत्र दिया है। महाजन ने बताया कि यह प्रयास उत्तर प्रदेश के 60 लोकसभा क्षेत्र में सकारात्मक प्रयास है। इसमें मुरादाबाद और रामपुर भी शामिल हैं।

मौलाना मोहिबुल्लाह को मांग पत्र सौंपते प्रेम कुमार व अन्य।

पृथ्वीपुर के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सुरजननगर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार ग्रामीण को टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

क्षेत्र के गांव पीपली अहीर निवासी नौशाद पुत्र इरशाद अहमद गुरुवार देर रात नौ बजे अपने घर जा रहा था। तभी ठाकुरद्वारा सुरजननगर मार्ग पर पृथ्वीपुर गांवड़ी के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल को एबुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे ले लिया है। पुलिस ने आरोपी चालक से भी पूछताछ की है।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद बाहर आते डीएम, एसएसपी। ● अमृत विचार

निष्पक्ष मतदान कराना प्रशासन की जिम्मेदारी

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ कांठ क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाएं देखीं और मतदान के दौरान कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ, मघपुरी इनायतपुरी सहित अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निष्पक्ष रूप से मतदान सम्पन्न कराना प्रशासन एवं पुलिस की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने कहा कि यदि कोई चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

हादसे में बाइक सवार दो फर्मकर्मी हुए जख्मी

ठाकुरद्वारा/कांठ, अमृत विचार : घर लौट रहे बाइक सवार नील गाय से टकरा गए। इसे दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जनपद नैनीताल के रामनगर निवासी फैजान व उसका साथी मोहम्मद हारुन मुरादाबाद पीतल नगरी में किसी फॉर्म में काम करते हैं। शुक्रवार को मतदान करने के लिए गुरुवार को बाइक से वे अपने घर लौट रहे थे। अब्दुल्लापुर लेदा के निकट नील गाय उनकी बाइक से टकरा गई। इससे दोनों युवक घायल हो गए। उपचार के बाद दोनों घायलों को परिजन उत्तराखंड के काशीपुर ले गए। उधर, कांठ क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मनोज शर्मा को संभल में 11 अप्रैल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें एक नर्सिंग होम मुरादाबाद में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस संबंध में तहरीर भी दे दी गई है।

मतदान के प्रति जागरूक करते डायट प्राचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

मतदान कराने में सहयोग करें डीएलएड प्रशिक्षु : ओमप्रकाश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को डायट प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने डीएलएड प्रशिक्षुओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने उसने अधिक से अधिक मतदान कराने में अपना सहयोग देने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षु शुक्रवार को अपने-अपने गांवों में मतदान कराने में सहयोग प्रदान करें। वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आप सभी प्रशिक्षु सबसे पहले अपना मतदान करें और मोहल्ला, बस्ती वालों से भी मतदान के लिए अपील करें। जिससे एक सच्चे ईमानदार प्रतिनिधि चुनकर संसद में पहुंचे। अंत में सभी डीएलएड प्रशिक्षुओं को डायट प्राचार्य ने मतदान के प्रति शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार, अंशु गुप्ता, लवकुश, आनंद कुमार, कार्तिक, इमरान, अर्जुन, शरद बिश्नोई, हरीश कुमार, निधि चौहान, इरम सैफी आदि रहे।

शोभायात्रा माता महाकाली की शोभायात्रा में उमड़ी भीड़, भगवान गणेश, भगवान शिव, महाकाली, माता दुर्गा की झांकी रही शामिल

कलाकारों ने झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर में गुरुवार को धूमधाम से माता महाकाली की वार्षिक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें माता की पालकी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कलाकरों ने कला प्रदर्शन किया। झांकियों ने लोगों को मन मोह लिया।

शोभायात्रा में शामिल कलाकारों ने झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। माता के भजनों पर लोग झूमते हुए चल रहे थे। माता की विशाल पालकी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। माता की पालकी को कंधा देने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी हुई थी। शोभायात्रा में भगवान गणेश, भगवान शिव, अयोध्या श्री रामलला, महाकाली, माता दुर्गा, बाबा महाकाल की झांकी शामिल रही।

बैंड पार्टियों ने अपने प्रदर्शन से नागरिकों का मन मोह लिया। बताया गया कि शुक्रवार को क्षेत्र में लोकसभा का चुनाव में मतदान होना है। इसलिए शोभायात्रा को दिन में ही निकाला गया।

शोभायात्रा प्राचीन माता के थान मंदिर से प्रारंभ होकर वैश्य धर्मशाला, मुख्य बाजार, उपदेश नेता का चौराहा, मोहल्ला पट्टी वाला, रविदास धर्मशाला, रामलीला मंदिर होती हुई वापस माता के थान पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल बिश्नोई व अन्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह व पुलिस मौजूद रहा।

असुरों के वध का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल माता की पालकी। ● अमृत विचार

बिना डीएल के कार ड्राइव करने वाले दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : क्षतिग्रस्त कार का क्लेम न मिलने और आरोपी दोस्त की तरफ से धोखेबाजी करने के आरोप में पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। इसमें कपड़ा व्यापारी चिराग छाबड़ा को नामजद किया है।

पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि उसका दोस्त कपड़ा व्यापारी चिराग बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कार चला रहा था। करनपुर गांव के पास कार हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई थी। दोस्त के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने से इंश्योरेंस नहीं मिल पाया है। आरोप है कि पीड़ित ने मदद करने के लिए कहा तो पहले उसके दोस्त ने वादा कर लिया लेकिन, बाद में मुकर गया।

फरजंद अली ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को बताया है कि वह नगर पंचायत अगवानपुर में पेपर मिल चौराहा के पास का निवासी है। उसने बताया है कि चिराग छाबड़ा की इंपीरियल सिनेमा के पास कपड़े की दुकान है। चिराग छाबड़ा उनके परिचित हैं। चार जुलाई 2023 को उनका फोन आया था।

उसने कहा था कि परिवार के लोगों के साथ अस्पताल तक जाना है। मुझे थोड़ी देर को अपनी कार दे दीजिए। जिस पर फरजंद अली ने उसे कार दे दी थी। फिर दो दिन बाद कार वापस मांगी तो वह इधर-उधर की बात करने लगा था। अगले दिन चिराग छाबड़ा ने उससे बताया था कि कार मुझसे दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जिसे सुनकर फरजंद परेशान था, चूंकि उसकी कार नई थी। फिर दुर्घटनाग्रस्त कार को उसने किसी तरह एजेंसी भेजा था। चिराग के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसलिए क्षतिग्रस्त कार के मामले में फरजंद अली को क्लेम भी नहीं मिल सका है। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि कई बार प्रयास करने के बाद चिराग ने नई कार दिलवाने की बात कही थी। इससे वह शांत था लेकिन, कई दिनों तक कोई जवाब नहीं आया।

नवंबर 2023 को चिराग ने उसे दिल्ली से एक दूसरी कार दिलाने का वादा किया था, लेकिन वह अपने वादे से मुकर गया। अब उसके मामले में आरोपित के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामले में आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

- कार क्षतिग्रस्त होने पर नई कार देने का किया था वादा

एक नजर

आटा चक्की से हाथ कटने से युवक गंभीर

बुरावली, अमृत विचार : रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी तनवीर पुत्र मेहंदी ने गांव में ही प्रथमा बैंक के सामने आटा चक्की लगा रखी है। गुरुवार को तनवीर सुबह आटा पीस रहा था। अचानक चक्की से बेल्ट उतर गई, तो तनवीर चक्की पर बेल्ट चढ़ाने लगा। अचानक चक्की में तनवीर का हाथ आ गया। जिससे तनवीर का एक हाथ कट गया। आननफानन लोगों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए डीएम को भेजी रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस ने शस्त्रों का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को पुलिस ने 114 शस्त्र धारकों के खिलाफ निरस्तीकरण की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को भेजी है। आचार संहिता लगते ही सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को शस्त्र जमा करने के लिए नोटिस जारी किए थे। मगर इसके बाद भी शस्त्र धारकों ने लाइसेंसी शस्त्रों को जमा नहीं किया।

24 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस ने 24 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर जिले भर में चलाए अभियान के दौरान पुलिस ने 24 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर उनके चालान किए हैं।

डॉ. सिराजउद्दीन बने कांग्रेस के लोस क्षेत्र प्रभारी

अमरोहा, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन जियाराम वर्मा की संस्तुति पर लोकसभा चुनाव को लेकर हकीम डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी को पार्टी का अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ डॉ. अहमद मुर्तजा को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी कुंवर दानिश अली चुनाव लड़ रहे हैं। डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं पीसीसी सदस्य रहे हैं।

जयमाला के समय दुल्हन की तबियत बिगड़ी

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में जयमाला के समय दुल्हन की हालत बिगड़ने से अफरातफरी मच गई। दुल्हन को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत सही बताई जा रही है। बुधवार रात कोतवाली क्षेत्र के गांव में बरात थाना गजरौला के गांव से आई थी। चढ़त के बाद जयमाला की तैयारी चल रही थी। दूल्हा और दुल्हन मंच पर खड़े थे, तभी दुल्हन को दौड़ा पड़ गया और उसकी हालत बिगड़ गई। दुल्हन की हालत खराब होने से कार्यक्रम में अफरातफरी का माहौल हो गया। दुल्हन को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। इसके बाद बरात लौट गई और दूल्हा और उसके परिजन रुके हुए हैं। बताया कि दुल्हन की हालत सही होने के बाद वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे।

अमरोहा की खबरें पेज 12 पर भी

मौत से कोई नहीं बच सकता : मौलाना कमाल

सैदनगली, अमृत विचार : मुहल्ला सादात के इमामबारगाह बाबुल हवाइज में मरहूम कर्रार हुसैन बाकरी की याद में मजलिस की महफिल सजी।

इसका आगाज डॉ. सैय्यद लईक हैदर बाकरी और हमनवा ने किया। मौलाना सैय्यद कमाल अब्बास रिजवी ने कहा कि अल्लाह ने कुरआन में कहा है कि हर नफ्स को मौत का जायका चखना है। हर जिंदा चीज को मौत आनी है। इंसान कितनी कोशिश कर ले, मौत से नहीं बच सकता। मौत हक है हर हाल में आएगी। अल्लाह ने सबकी मौत का समय मुकर्रर किया है। कुरआन में जहां जिदंगी का जिक्र है। उतनी ही जगह मौत का भी जिक्र है। निजामत मुहम्मद बिलाल बाकरी उझारवी ने की। मौलाना कंबर, मौलाना सरकार मेहंदी, जीशान हैदर, चमन हैदर, कमर हैदर, नूरुल हसन, जावेद केसर, बंदे हसन, हाजी अखलाक हुसैन, शाहिद अब्बास, रहीसुल अब्बास रहे।

मौलाना कमाल अब्बास।

सुरक्षा को लेकर एडीजी पीसी मीना ने अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रधानमंत्री आज भाजपा कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गजरौला में हाइवे किनारे मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। गुरुवार को एडीजी पीसी मीना और डीआईजी मुनिराज जी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

बता दें कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गजरौला के हाईवे स्थित हवेली होटल के सामने मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए सारी व्यवस्था गुरुवार शाम तक पूरी हो गई। पंडाल को वाटरप्रूफ बनाया गया है। पंडाल में प्रकाश की व्यवस्था भी की गई है। वहीं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया है। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से अभेद रहेगी, पूरे क्षेत्र को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है। ड्रोन व पंतग आदि उड़ाना भी वर्जित रहेगा, कोई उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को एडीजी पीसी मीना और डीआईजी मुनिराज जी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग ली और अधिकारियों को उनके सुरक्षा ड्यूटी प्वाईंट बताकर समय से मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से पूर्व पहुंचकर अपनी डयूटी संभालें। पूरी सतर्कता के साथ काम करें। बता दें कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जुटी एसपीजी ने भी बुधवार को पूर्वाभ्यास कर लिया था।

प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल पर अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीजी पीसी मीना।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा के कड़े इंतजाम

गजरौला, अमृत विचार : शुक्रवार को प्रधानमंत्री की चुनावी सभा हाईवे किनारे मैदान में होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सभा को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा के सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को भी प्रोटोकाल के तहत पूरा किया जा रहा है। चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह के मुताबिक गजरौला सीएचसी में सेफ हाउस बनाया है। श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी व अमरोहा जिला अस्पताल में भी सेफ हाउस बनाया है। इनमें चिकित्सकों की सात टीमों की ड्यूटी लगाई है। सुविधाओं से लेस छह एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेंगी। तीन एंबुलेंस जनसभा स्थल पर ही तैनात रहेंगी। गजरौला सीएचसी व श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी में भी एंबुलेंस मौजूद रहेंगी। सेफ हाउस में आक्सीजन के अलावा ईसीजी मशीन व सभी जीवन रक्षक दवाओं का इंतजाम किया है।

चुनाव के प्रशिक्षण से 38 कर्मचारी अनुपस्थित

गैरहाजिर रहने पर होगी कड़ी कार्रवाई, मतदानकर्मियों को 16 अप्रैल से दिया जा रहा है प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीसरे दिन प्रशिक्षण से 38 कर्मचारी अनुपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांति एवं निष्पक्ष कराने के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदाता कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक दी जा रही ट्रेनिंग के तीसरे दिन 38 कर्मचारी ट्रेनिंग में नहीं पहुंचे। इसकी संबंधित कर्मचारियों ने सूचना भी नहीं दी। कर्मचारियों के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

कर्मचारियों को प्रशिक्षण देतीं जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया।

- **21 अप्रैल तक चलेगा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, गैरहाजिर कर्मियों ने नहीं बताया कारण**

मतदान स्थल पर फोटो खींचने का दिया प्रशिक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : मतदान स्थल का फोटो खींचने के लिए कर्मचारियों को जिला पंचायत राज अधिकारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया ने कर्मचारियों को मतदान स्थल पर फोटो खींचने का प्रशिक्षण दिया। इस संबंध में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी विमल कुमार ने जानकारी दी है।

चुनाव ड्यूटी में भेजी 35 बसें, यात्री परेशान

अमरोहा, अमृत विचार : चुनाव में पुलिस बल के लिए परिवहन निगम ने 35 बसों को भेज दिया है। गुरुवार को अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए अमरोहा डिपो से रोडवेज की 35 बसों को भेजा गया है। रोडवेज में बसों की कमी से यात्रियों की मंजिल दूर हो गई है।

अमरोहा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे महिला बूथ

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पांच विधानसभा क्षेत्रों में महिला बूथ बनाने का निर्णय जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव में महिला मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा में महिला बूथ बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि धनौरा विधानसभा के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में, नौगांवा सादात विधानसभा क्षेत्र में फातिमा गर्ल्स स्कूल में, अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में एडब्लू फैजे आम इंटर कॉलेज, हसनपुर में गर्ल्स इंटर कॉलेज और गढ़मुक्तेश्वर में कमलावती मदन लाल सरस्वती विद्या मंदिर में महिला बूथ बनेगा।

डीजे पर डांस को लेकर मारपीट, तीन घायल

हसनपुर, अमृत विचार : बरात के दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर बरातियों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरौली निवासी अंकित की बरात बुधवार दोपहर को थाना सैदनगली के गांव सोहत गई थी। चढ़त के बाद डीजे पर बराती डांस कर रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और मारपीट होने लगी। कुछ लोगों द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कर दिया गया और बरात लौटकर गांव आ गई। गांव में देर रात फिर मारपीट हो गई। मारपीट में गौरव, पंकज एवं कोशिंदर घायल हो गए। तीनों घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी ने विकास के नाम पर मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : होटल रीगल 77 में भाजपा के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में एक सर्व समाज सम्मेलन हुआ। जिसमें सभी वर्गों, समुदायों, विभिन्न समाजों एवं शहर की सामाजिक धार्मिक व्यापारिक संस्थाओं के लोगों ने भाग लिया। सर्व समाज सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एवं महिलाएं भी शामिल रहीं।

कार्यक्रम का आरंभ भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए कोई नया व्यक्ति नहीं हूं। 2014 से लोगों की लगातार सेवा में लगा हुआ हूं। उन्होंने विकास के नाम पर वोट मांगे। इस मौके पर एमएलसी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सिंह सैनी, जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह पाल, लोकसभा प्रभारी राजीव सिसोदिया, लोकसभा संयोजक ब्रजेश चौधरी, लोकसभा सह संयोजक डॉ. ऋषिपाल नागर, धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व विधायक संगीता चौहान, ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक अंकित बंसल रहे और संचालन कुंवर विनीत अग्रवाल ने किया।

अमरोहा में कार्यक्रम में बोलते भाजपा उम्मीदवार चौधरी कंवर सिंह तंवर।

आयोजन

- **भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हुआ सर्व समाज सम्मेलन**
- **सम्मेलन में केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताकर समर्थन मांगा**

बस की साइड लगने से दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : रोडवेज बस की साइड लगने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक घायल को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी जितेंद्र सिंह और योगेश कुमार गुरुवार सुबह बाइक से हापुड़ जा रहे थे। रास्ते में नेशनल हाइवे पर गांव शहबाजपुर डोर के पास ओवरटेक करते समय रोडवेज बस ने उनकी बाइक में साइड मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। योगेश की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गजरौला में कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

महिलाओं ने डांडिया कर मनाई नवमी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : अग्रवाल सभा महिला शाखा के संयोजन में श्रीराम नवमी पर गुरुवार को डांडिया किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम शहर की बस्ती स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हुआ। इस दौरान अध्यक्ष विनीता गर्ग, उपाध्यक्ष राजबाला, मिलन बंसल, उपप्रबंधक पूनम गोयल, रचना अजय सिंघल, गीता गोयल, ऋषिबाला, रश्मि सिंघल, प्रीति मित्तल, दीप्ति जैन, भारती सिंघल, रीना बंसल, रचना सिंघल, शिवांगी, यशोदा मित्तल, प्रिया सिंघल, रजनी अग्रवाल, अर्चना गोयल, शिखा सिंघल, ज्योति सिंघल, प्रियंका सिंघल, गरिमा बंसल, अंजली सिंघल, श्वेता बंसल, मानसी अग्रवाल, कंचन बंसल, वंदना, रेखा जिंदल, खुशी गर्ग, अलका गर्ग, सरिता जैन, राधिका शर्मा आदि संगठन पदाधिकारी मौजूद रहीं।

युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगार: अजय राय

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की बैठक गुरुवार को शहर के होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने की और संचालन कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने किया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह-प्रभारी प्रदीप नरवाल रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की 20 अप्रैल को इंडी गठबंधन की होने वाली संयुक्त रैली को सफल बनाने के लिए इंडी गठबंधन के सभी साथी पूरी मेहनत के साथ लग जाएं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र और इलाके के बूथ पर चुनावी रणनीति बनाएं। अपने-अपने क्षेत्र के बूथों को जिताने की जिम्मेदारी लें। मोदी की सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। महंगाई बढ़ी है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हुई। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उत्तर प्रदेश में छुट्टा पशुओं की समस्या है। किसानों के गन्ने के रेट सरकार ने नहीं बढ़ाए। मोदी की सरकार किसान विरोधी है। इंडी गठबंधन भारत के किसानों की नौजवानों की आवाज है। बैठक में पूर्व एमएलसी परवेज अली, शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, सुशांत गोयल, विदित चौधरी रिजवान कुरैशी, अनिश, विशाल, आसिम साबरी, सुखराज चौधरी, अनिल, मनोज कटारिया, हरस्वरूप प्रधान आदि मौजूद रहे।

गजरौला में बैठक में बोलते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- **इंडी गठबंधन की बैठक में केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

सार संक्षेप

भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री की सभा के लिए किया संपर्क

मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के खाजेपुर, सलारा, मरौरा, मुबारिजपुर, देहरी खादर, खरपड़ी, करनपुर आदि गांवों में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार खड़गवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में लोगों से पहुंचने की अपील की। कहा कि नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जनपद गजरौला के हाईवे किनारे जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपाई गांव-गांव में लोगों से संपर्क कर रहे हैं।

ग्राम प्रधान सहित चार लोगों को जुआ खेलते पकड़ा

रहरा, अमृत विचार : आदमपुर क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए ग्राम प्रधान सहित चार लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से नकदी तथा ताश बरामद किए हैं। सूचना पर उप निरीक्षक राम प्रकाश टीम के साथ मौके पर पहुंचे, तो जुआ खेल रहे लोग भागने लगे। पुलिस ने भाग रहे जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से 1710 रुपये व ताश तथा तलाशी में पांचों आरोपियों से 440 रुपये बरामद किए। पूछताछ में इनकी पहचान नासिर पुत्र मंजूर अहमद निवासी पंजू सराय संभल, उत्तम कुमार पुत्र नरेश कुमार गांव शीतला सराय, तीरथ पुत्र हरि सिंह गांव सकतपुर करनपुर, अरुण यादव पुत्र धीरेन्द्र गांव सौधन जनपद संभल, ग्राम प्रधान लालमन पुत्र शंकर सिंह गांव सिकंदराबाद के रुप में हुई। पुलिस ने नगदी व ताश जब्त करते हुए सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमरोहा में वाहन चेक करती पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस ने 378 वाहनों के किए चालान

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। इस दौरान जिले में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 24 घंटे में पुलिस ने 378 वाहनों के चालान किए। जिले में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चल रहा है। वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है।

मंडी धनौरा में मार्च करते पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस ने पैदल मार्च कर दिलाया भरोसा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष कराने के लिए मंडी धनौरा पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

चेयरमैन ने किया पालिका कार्यालय का निरीक्षण

हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिकार्डों की स्थिति देखी और पालिका कर्मचारियों से उनके काम के बारे में भी पूछताछ की। कर्मचारियों से कहा कि सभी कर्मचारी अपने पटल पर नियमित रूप से मौजूद रहें। कार्यों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें। चेयरमैन ने बाबू करन सिंह से जानकारी की। उन्होंने ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए।

कार्यक्रम में बोलते ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

सुलोचना सती का मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक

रहरा, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के चचौरा दढ़ियाल बनखंडी धाम में श्री रामलीला मैदान में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम को भारत में नहीं बल्कि देश-विदेश में भी पूजा जाता है। इसके उपरांत कलाकारों ने सुलोचना सती का मंचन किया। जिसको देखकर दर्शक भावुक हो गए। इस मौके पर सुभाष शर्मा, प्रवेश कुमार, श्याम सुंदर शर्मा, महेश ठाकुर, कुलदीप, अजय कुमार रहे।

मंडी धनौरा में हवन में आहुति देते भक्त। ● अमृत विचार

श्रीराम प्रकटोत्सव के समापन पर हवन-भंडारा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : श्रीराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम का गुरुवार को हवन व भंडारे के साथ समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने परिवार व सभी के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। श्रीराम जानकी भक्त मंडल के तत्वावधान में राम जानकी मंदिर बाला जी धाम में चल रहे श्रीराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन हवन किया गया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर कुसुम लता गोयल, राहुल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, नवीन दीक्षित, पारस सिंगल संजीव दीक्षित, छत्रपाल सिंह, हर्ष भटनागर, गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

हाइवे पर ओवरब्रिज के नीचे मिला वृद्ध का शव

गजरौला, अमृत विचार : हाइवे पर ओवरब्रिज के नीचे वृद्ध का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार दोपहर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाइवे पर गांव मोहम्मदाबाद के पास ओवरब्रिज के नीचे वृद्ध का शव पड़ा मिला। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौजूद लोगों के मुताबिक वृद्ध क्षेत्र में लोगों की मदद से गुजारा करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। बुजुर्ग की नाक से खून भी निकल रहा था। कुछ लोगों ने वृद्ध की हत्या किए जाने का अंदेशा भी जताया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ होगा। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

सट्टा लगाते दो लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में पर्ची से सट्टा लगाते दो लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने नकदी सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में मुशर्रफ कालोनी में मजार के पीछे खाली पड़े प्लाट में बुधवार देर रात दो लोगों के पर्ची से सट्टा लगाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने चौधरी सराय निवासी सलीम व फैजान को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को सलीम व फैजान के पास से 2320 रुपये की नकदी, सट्टा पर्ची बरामद हुई।

मारपीट के मामले में दो लोगों का चालान

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव पीपलवाड़ा निवासी गौतम व गोपाल गुरुवार को किसी बात को लेकर भिड़ गए। दोनों के बीच गाली गलौज के साथ ही मारपीट हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोपाल व गौतम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने डिप्टी सीएम की मौजूदगी में भरा पर्चा, सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे

सपा और भाजपा प्रत्याशियों समेत पांच ने दाखिल किये नामांकन पत्र

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचार: कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन जहां सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने जनप्रतिनिधियों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल। वहीं भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी ने डिप्टी सीएम के केशव प्रसाद मौर्य के साथ पर्चा भरा। इनके अलावा तीन अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए चुनाव मैदान में ताल ठोकी।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नामांकन स्थल पर सबसे पहले समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाऊर्ररमान वर्क संभल से दमखम के साथ जुलूस के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। राज्यसभा सांसद जावेद अली खां, असमोली विधायक पिंकी यादव, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, पूर्व मंत्री अकीलउर्ररमान खां के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने नामांकन स्थल पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी व तीन अन्य प्रस्तावों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे।

उन्होंने भी जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके अलावा निर्दलीय के तौर पर तौफीक अहमद, किसान क्रांति दल के संतोष, राष्ट्रीय कांग्रेस जे पार्टी के प्रत्याशी प्रेमपाल सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कुल पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी। साथ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य। ● अमृत विचार

नामांकन पत्र दाखिल करने जाते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क। साथ में सांसद जावेद अली खां, विधायक पिंकी यादव, विधायक फहीम खां व पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां।

रोड शो से पहले ही नामांकन स्थल पर पहुंचे डिप्टी सीएम

बहजोई, अमृत विचार : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को पहले जनसभा को संबोधित करना था। फिर मिनी स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक रोड शो के जरिए भाजपाइयों के साथ आना था लेकिन उनके सवा घंटा देरी से आने से इन सारे मंसूबों पर पानी फिर गया। सवा दो बजे के लगभग डिप्टी सीएम चंदौसी से सीधे नामांकन स्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। फिर रोड शो के जरिए भाजपाइयों में जोश भरा।

सपा प्रत्याशी के साथ पहुंचा छठा व्यक्ति तो मचा हड़कंप

बहजोई, अमृत विचार : सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के साथ राज्यसभा सांसद जावेद अली खान, असमोली विधायक पिंकी यादव, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, सहित पांच लोग नामांकन स्थल पर नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे थे। अचानक रास्ते में एक छठा व्यक्ति पुलिस को दिखाई दिया तो उन्होंने उसे दौड़ा लिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष को पुलिस ने नहीं जाने दिया

बहजोई, अमृत विचार : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू तथा तीन अन्य व्यक्ति परमेश्वर लाल सैनी का नामांकन कराने के लिए पहुंच रहे थे। प्रत्याशी सहित पांच लोग ही नामांकन स्थल के अंदर जाने थे। इसको लेकर एएसपी अनुकृति मिश्रा ने जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू को बाहर ही रोक दिया। केवल पांच व्यक्तियों को अंदर जाने की इजाजत दी। ऐसे में जिलाध्यक्ष को बाहर कर दिया गया। फिर कमान राज्य मंत्री गुलाब देवी ने संभाली। बाद में एक व्यक्ति को बाहर निकाला गया फिर जिलाध्यक्ष को नामांकन स्थल तक पहुंचाया गया।

ट्रक में घुसा केंटर, चालक सहित तीन लोग घायल

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर छुट्टा पशु को बचाने के लिए चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए तो टमाटर से लदा केंटर पीछे से ट्रक में घुस गया। हादसे में केंटर चालक सहित तीन लोग घायल हो गए।

अमरोहा जिले के गांव पौरारा निवासी ओमपाल व महेंद्र गुरुवार की तड़के चार बजे केंटर में लादकर टमाटर बेचने चंदौसी मंडी जा रहे थे। तहसील हसनपुर निवासी चालक सलीम केंटर लेकर जैसे ही संभल गवां मार्ग पर हयातनगर थाना क्षेत्र में गांव मोतीनगर के पास पहुंचा। अचानक से सड़क पर आए छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में आगे चल रहे चालक ने ट्रक के इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिससे केंटर पीछे से ट्रक में घुस गया और चालक सलीम व ओमपाल, महेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सलीम, ओमपाल व महेंद्र को केंटर से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने को 400 पार

अखिलेश, राहुल व मायावती का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में, किसी का खाता भी नहीं खुलेगा : केशव प्रसाद

संवाददाता,बहजोई(संभल)

अमृत विचार: प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा, बसपा व कांग्रेस पर कटाक्ष करते कहा कि लोकतंत्र नहीं बल्कि अखिलेश, राहुल व मायावती का अस्तित्व खतरे में है।अब की बार 400 पार पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए चाहिए।

नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम में जनसभा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में खाता खुलने वाला नहीं है। समाजवादी पार्टी इस चुनाव में समाप्त वादी पार्टी साबित होगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा कांग्रेस के गठबंधन 2017 में चारों खाने चित्त हुआ था। 2017 में न कांग्रेस कहीं दिखाई दी और न ही सपा। दोनों पार्टियों आईसीयू में पड़ी थीं। 2024 में फिर इनका बुरा हाल होगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा एक देश एक चुनाव के लिए, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए और समान नागरिक संहिता के लिए 400 पार की बात कहती है।

इस दौरान राज्य मंत्री गुलाब देवी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, ओमवीर सिंह खड़क वंशी, रामस्वरूप राणा, कमल कुमार कमल, ललित मोहन शर्मा, पूर्व विधायक सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन भुवनेश राघव ने किया।

बहजोई में जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्य। ● अमृत विचार

- समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बसपा उत्तर प्रदेश में पहुंची आईसीयू में
- समाजवादी पार्टी इस चुनाव में समाप्त वादी पार्टी साबित होगी

सैफई परिवार वाले रहते हैं मुझसे बहुत नाराज

बहजोई, अमृत विचार : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सैफई परिवार वाले मुझसे बहुत नाराज रहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं जब अखिलेश यादव की सरकार थी तो सपाईयों का नारा था खाली प्लॉट हमारा है। जिस गाड़ी पर सपा का झंडा वह उतना बड़ा गुंडा, प्रोफेसर चाचा व एक और चाचा मुझे निशाना बनाते हैं, लेकिन मुझे सपा को समाप्त वाली पार्टी बनाना है।

डिप्टी सीएम ने प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो

बहजोई, अमृत विचार : प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में रोड शो किया।

डिप्टी सीएम केशव प्र साद मौर्य जनसभा को संबोधित करने नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम पहुंचे। यहां से टाटा मैजिक पर सवार होकर डिप्टी सीएम ने राज्यमंत्री गुलाब देवी के साथ बहजोई बबराला मार्ग पर रोड शो निकाला। रोड शो में शामिल कार्यकर्ता ने जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। डिप्टी सीएम ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में मतदान करने की अपील की। हालांकि यह रोड शो मिनी स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक जाना था लेकिन डिप्टी सीएम पर कम समय रहने के कारण करीब डेढ़ सौ कदम दूरी पर ही समाप्त हो गया। तब डिप्टी सीएम चले गए। कार्यकर्ताओं में मायूसी का माहौल बना।

सार-संक्षेप



फूलडोल शोभायात्रा में प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

फूलडोल यात्रा में गूंजे भगवान राम व माता सीता के जयकारे

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में बुधवार को ग्रामीणों ने रामनवमी के मौके पर गांव में हर वर्ष की तरह फूलडोल यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल भजन मंडली ने भगवान राम के भजन सुनाए तो ग्रामीणों ने भगवान राम, माता सीता के दर्शन कर जयकारे लगाए। थाना क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी बालू शंकर में हर वर्ष चैत्र माह में रामनवी पर फूलडोल यात्रा निकाली जाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार की देर शाम गांव के पास स्थित बालक दास बाबा के आश्रम से फूलडोल यात्रा का शुभारंभ किया गया। फूलडोल यात्रा गांव की गलियों, रास्तों से होते हुए वापस बालक दास बाबा के आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई। फूलडोल यात्रा में भजन मंडली ने भगवान राम सीता के भजन सुनाए तो माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं ग्रामीणों ने भगवान राम व माता सीता के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भरत सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अवनेश शर्मा, मेघसिंह, सोमवीर सिंह, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

पूर्णागिरि मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते बच्चे। ● अमृत विचार

पूर्णागिरि धाम मंदिर पर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

चन्दौसी, अमृत विचार : नवरात्र के उपलक्ष्य में गोशाला रोड स्थित मां पूर्णागिरि धाम मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर एक बजे आरंभ हुआ भंडारा देर शाम तक जारी रहा। मां पूर्णागिरि मंदिर पर नवरात्र पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना की गई। गुरुवार को श्रद्धालुओं की ओर से नवरात्र के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर एक बजे कन्याओं को भोजन कराया गया। उन्हें उपहार दिए गए। इसके बाद भंडारा आरंभ हुआ। जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान प्रभव गोयल, अंजू गोयल, लता गोयल, निखिल, प्रेम शंकर, दिलीप कुमार, मदन लाल, कुंवर पाल, कृष्ण पाल, ममता गोयल, राजवाला, कामिनी, दुर्गेश, जमुना आदि मौजूद रहे।

वाहन चेकिंग में मिले 62 हजार रुपए किए जब्त

गुन्नौर अमृत विचार : एफएसटी टीम प्रभारी राम लखन यादव ने बैरपुर महराजी के तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन से 62 हजार की नकदी बरामद की। साक्ष्य नहीं दिखाने पर नकदी जब्त कर ली गई। बदायूं रोड पर बैरपुर महराजी के तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान बदायूं जनपद के सहसवान के मुहल्ला नवादा निवासी इरशत पुत्र हसमत से 62,800 की नकदी मिली। साक्ष्य या दस्तावेज नहीं दिखाने पर आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए नकदी जब्त की गई। धनराशि को कोषागार संभल में जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

कारों का काफिला रोका तो साइकिल से गए सपा प्रत्याशी

भीष्म सिंह देवल,संभल

अमृत विचार: चुनावी माहौल में उम्मीदवार हर हालात से निपटने को तैयार हैं। संभल में नामांकन कराने जा रहे सपा प्रत्याशी की कारों का काफिला पुलिस ने रोका तो सपा प्रत्याशी कार से उतरे और साइकिल पर सवार होकर नामांकन स्थल की दौड़ लगा दी।

पूर्व सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के पौत्र जियाउर्रहमान बर्क को समाजवादी पार्टी ने संभल लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। जियाउर्रहमान बर्क अब तक कुंदरकी विधानसभा सीट से सपा के विधायक हैं। गुरुवार को जियाउर्रहमान बर्क समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल करने के लिए बहजोई कलेक्ट्रेट गये थे। पुलिस प्रशासन ने तय व्यवस्था के तहत नामांकन स्थल से काफी पहले टिकटा तिराहा पर काफिले की कारों को रोक दिया। कहा गया कि यहां से आगे केवल प्रत्याशी व प्रस्तावक ही कार से जा सकते हैं। किसी तरह प्रत्याशी के साथ जनप्रतिनिधियों की कारों को निकाल कर आगे बढ़ाया गया लेकिन रेलवे क्रासिंग के पास फिर से कारों को रोककर पुलिस ने साफ कर दिया कि यहां से आगे केवल प्रत्याशी व प्रस्तावक की कार से जा सकते हैं। कारों के रोके जाने की वजह से सड़क पर जाम जैसे हालात बने तो सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क़ ने एक साइकिल मंगाई और साइकिल पर सवार होकर नामांकन स्थल की तरफ चल पड़े। सपा प्रत्याशी साइकिल पर और सुरक्षा कर्मी उनके साथ दौड़ते हुए चलने लगे।

इस नजारे को देखकर पुलिस प्रशासन भी अवाक रह गया। हालांकि जियाउर्रहमान के नामांकन स्थल पर पहुंचने से पहले ही पुलिस ने उनकी कार को भी जाम से निकलवाकर आगे भिजवा दिया।

साइकिल पर सवार होकर नामांकन स्थल की तरफ जाते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क। ● अमृत विचार

- जियाउर्रहमान बर्क ने साइकिल मंगवाई और नामांकन करने गए

महिला की मौत के मामले में अस्पताल संचालक पर रिपोर्ट

संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में निजी अस्पताल में गर्भपात के बाद महिला की मौत मामले में अस्पताल संचालक डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के गांव करकोरा निवासी गिर्राज की गर्भवती पत्नी मीना का गवां में अवैध रूप से संचालित सीमा देवी मैमोरियल हेल्थ केयर सेंटर में गर्भपात किया गया था। जिसके बाद मीना की मौत हो गई थी। परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। सीएमओ और नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील किया था। इस मामले में नोडल अधिकारी डॉ.विरास यादव ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि नोडल अधिकारी की तहरीर पर अस्पताल के डॉ. प्रदीप कुमार मरोठिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

महिला ने लगाया जमीन पर कब्जा करने का आरोप

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर मढैया निवासी ओमपाल की पत्नी सावित्री देवी ने गुरुवार को बहजोई पहुंचकर जिलाधिकारी मनीष बंसल को शिकायती पत्र दिया। कहा कि गांव में ही स्थित साझे के प्लाट में जेठ राम सिंह व वि जयपाल ने हिस्से की जमीन पर मकान का निर्माण करा लिया था। आरोप लगाया कि ओमपाल के हिस्से की खाली जमीन पर जेठ फरवरी में झोपड़ी डालकर कब्जा करने लगे। 13 अप्रैल को मकान निर्माण कराने के लिए दोनों ने ईंट मंगाकर प्लाट में डाल दीं। विरोध करने पर 15 अप्रैल की शाम घर में घुसकर सावित्री के साथ मारपीट की गई। शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। सावित्री ने डीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई।

चौराहे पर अतिक्रमण से लगता है जाम

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : नेहरू चौराहे पर फल-सब्जी आढ़तियों और रेहड़ी पटरी वालों के अतिक्रमण से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। हाइवे की सड़क से लेकर फुटपाथ तक अनाधिकृत कब्जे से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई नहीं हो रही है।

मेरठ-बदायूं स्टेट हाइवे पर स्थित नेहरू चौराहे पर फल, सब्जी के थोक विक्रेता प्रतिदिन सुबह सब्जी और फल की मंडी लगाते हैं जबकि ठेले-खोमचे वाले फल, छोला-भटूरा, चाट आदि की दुकान सजाकर खड़े रहते हैं। सड़क किनारे पटरी पर बड़े दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे स्कूली बसें और मरीजों की एंबुलेंस तक जाम में फंसी रहती हैं। इतना ही नहीं, प्रशासनिक अफसरों व पुलिस की गाड़ियां भी यहां लगने वाले जाम में फंस जाती हैं। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बताते चलें कि नेहरू चौराहे पर कई होटल और रेस्टोरेंट हैं। जहां रोडवेज की बसें रुकती हैं। चाट, फल आदि के ठेले पटरी पर कब्जा जमाए हुए हैं। मंडी में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में ग्राहकों का आना-जाना लगा रहता है। यहां 100 से अधिक छोटी-बड़ी सब्जी दुकानें हर रोज लगती है। सुबह छह बजे से मंडी लगनी शुरू हो जाती है और दस बजे तक खरीद फरोख्त होती है। हालांकि, नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जाती है लेकिन कार्रवाई के नाम पर होता कुछ नहीं है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गुन्नौर में सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाई फल व सब्जी मंडी। ● अमृत विचार

- फल-सब्जी आढ़तियों और रेहड़ी पटरी वालों ने जमाया कब्जा
- नगर पंचायत नहीं चला रही अतिक्रमण हटाओ अभियान

> अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। नेहरू चौराहे पर अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -मनीष चौधरी, ईओ नगर पंचायत

चौकी के पास अवैध रूप से संचालित हो रहा वाहन स्टैंड

बबराला, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का कोई असर नहीं दिख रहा है। नगर में पुलिस चौकी के पास धड़ल्ले से वाहन स्टैंड अवैध रूप से संचालित हो रहा है। इंदिरा चौक से प्राइवेट बसें व अन्य डग्गामार वाहन बेखौफ सवारियां ढोते नजर आते हैं। स्थानीय पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई व अनाधिकृत तौर पर संचालित हो रहे टैक्सी, बस स्टैंड को हटाने के निर्देश दिए थे। आदेश का असर कुछ दिन तक ही दिखाई दिया। अवैध वाहन स्टैंड कुछ दिनों के लिए निष्क्रिय रहा पर इसके बाद फिर सब कुछ पहले जैसा हो गया। नगर में पुलिस चौकी के पास से ही प्राइवेट टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहा है। फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इंदिरा चौक पर सुबह से लेकर शाम तक प्राइवेट व अन्य डग्गामार वाहन बेखौफ होकर सवारियां ढोते हुए नजर आते हैं।

प्रभाव मुबारकपुर बंद लिंक मार्ग की सड़क को लेकर अमृत विचार ने प्रकाशित की थी खबर

पीडब्ल्यूडी ने दोबारा शुरू कराया सड़क का निर्माण

अमृत विचार खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली क्षेत्र में मुबारकपुर बंद लिंक मार्ग पर सड़क निर्माण होने के साथ ही उखड़ने को लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो पीडब्ल्यूडी विभाग चेत गया। पीडब्ल्यूडी विभाग ने उसी सड़क का निर्माण दोबारा से शुरू करा है। मानक के अनुसार सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिल सकेगी।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने असमोली क्षेत्र के कई गांवों में सड़कों का निर्माण शुरू कराया था। गांव मुबारकपुर बंद लिंक मार्ग पर भी सड़क तैयार कराई गई थी लेकिन सप्ताह भर में ही सड़क उखड़ने लगी तो सवाल भी खड़े हुए। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने को लेकर चर्चा का माहौल बना तो ग्रामीणों ने मानक के अनुसार सामग्री से सड़क निर्माण की मांग उठाई। अमृत विचार ने तीन अप्रैल के अंक में पेज सात पर बनते ही उखड़ने लगी लाखों की लागत से बनी सड़क...शीर्षक से खबर प्रकाशित करते हुए सच्चाई बयां की थी। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो अब पीडब्ल्यूडी विभाग भी चेत गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने गांव मुबारकपुर बंद में उसी मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य फिर से शुरू करा दिया।

गुरुवार को मजदूर काम में जुटे नजर आए। ग्रामीणों का कहना रहा कि मानक के अनुसार सामग्री लगने से ही टिकाऊ सड़क बनेगी। जिससे आवागमन में आसानी होगी।

संभल के मुबारकपुर बंद में सड़क निर्माण करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- सप्ताह भर में ही सड़क उखड़ने लगी थी तो सवाल खड़े हुए

बनते ही उखड़ने लगी लाखों की लागत से बनी सड़क

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात् ।
शुष्केणार्द्रदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

भारत की मजबूत दावेदारी

बीते कुछ समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता पर सवाल उठे हैं। सुरक्षा परिषद के बारे में कहा जाता है कि वो अपने मौजूदा रूप में पुराना और कम प्रतिनिधित्व वाला संगठन बन गया है। दूसरी ओर भारत का वैश्विक कद बढ़ा है। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है जिसका समर्थन वैश्विक समुदाय भी करता है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसमें 21 वीं सदी की दुनिया को प्रतिबिंबित किया जा सके। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। इसके चलते परिषद बेतुकी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 14 अप्रैल को जारी अपने घोषणापत्र में भाजपा ने कहा हम वैश्विक निर्णय लेने में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2 अप्रैल को कहा था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी,क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि उसे यह पद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है और उनका मानना है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। यह एक वैश्विक मंच है, जहां विवादों को निपटाने पर चर्चा होती है। फिलहाल सुरक्षा परिषद में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम स्थायी सदस्य हैं। परिषद के 10 अस्थायी सदस्य हैं। भारत फिलहाल अस्थायी सदस्य है। अस्थायी सदस्य जनरल असेंबली द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद में जब भी किसी मसले पर फैसला लेना होता है तो उसके लिए 15 में से 9 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। वोटिंग में स्थायी सदस्य काफी अहम होते हैं। अगर कोई भी एक स्थायी सदस्य फैसले से सहमत नहीं होता है तो वो पूरा प्रस्ताव या निर्णय खारिज हो जाता है। स्थायी देशों की इस शक्ति को वीटो पावर कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के बिना भी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका हासिल कर ली है। अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत के दावे को मजबूती मिली है।

पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन क्यों जरूरी है भाजपा के लिए

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है,वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर .के . पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं,यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आज यानी 19,26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, "हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।"

पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी,जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं,बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें है। इसके अलावा मणिपुर,अरुणाचल प्रदेश,मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर है। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथल-पुथल मची हुई है।

इस बीच एक खबरिया चैनल के मुताबिक 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है,जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं,जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं।

इस बीच पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15 वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था।

पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं,अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है,पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी.वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईस्ट से है। बेशक दिल्ली पुलिस की नार्थ ईस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। वे नार्थ ईस्ट के नागरिकों से लगातार मिलते भी हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेडिट यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। अब दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं। बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है,वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

व्यंग्य

एक अनूठी कला

छेड़खानी भारतीय संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा है। हमारे यहां छेड़ने वाले आदरणीय देवता मान लिए गए है। नंदलाल का ही उदाहरण ले लीजिए। पनघट पर जाने वाली कन्याएं प्रतीक्षा करती थी उनकी, मनुहार करती थी। कृपया पधारें। आएं और छेड़े हमें। पानी भरना तो बहाना मात्र है,हमें तो आपसे छिड़ जाने में आनंद आता है। आपका कंकरिया मार हमारी मटकी तोड़ देना,हमारी बैंया मरोड़ कर या हमारे वस्त्र चुराकर आपके कदंब के पेड़ पर चढ़ जाने में जो सुख है वो किसी और बात में हैं नहीं।

छेड़खानी है क्या? छेड़खानी के लिए कम से कम एक लड़की का होना आवश्यक है। भारतीय उपमहाद्वीप में लड़का छेड़ू होता है। प्रायः और लड़कियां छेड़ी जाती हैं। लड़की का ध्यान खींचने के लिए किए गए सारे ही क्रियाकलाप छेड़खानी की परिभाषा में आते हैं। मुंह चलाना या उसे छूने की कोशिश करना भी शामिल है इसमें। ऐसा किया जाना तब तक ही सुरक्षित है जब तक कि खुद कन्या अथवा उसका भाई या बाप इसका बुरा न मानें। इनके बुरा माने जाने का डर ही वो वजह है जिससे हमारे देश में कानून एवं व्यवस्था बनी हुई है।


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

छेड़खानी दरअसल प्रेम निवेदन का ही पर्याय है। हमारे पुराणों में मत्स्य कन्या सत्यवती का जिक्र है। नदी पार करने के लिए ऋषि पाराशर उसकी नाव में बैठे। उसकी सुंदरता पर रीझे। कन्या को अपनी अभिलाषा सूचित की उन्होंने। वो सरल कन्या ऋषि के निवेदन को ठुकरा नहीं सकी। नदी और नाव की सार्वजनिक उपस्थिति को देखते हुए कोहरे के वितान का इंतजाम भी ऋषि ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत ऋषि ने उसे आजीवन सुगंधित और चिरकुमारी रहने का आशीर्वाद दिया। इस कथा का सार यह कि यदि पुरुष समर्थ है तो छेड़खानी दोनों ही पक्षों को प्रसन्न कर सकती है और इसे आध्यात्मिक क्रिया माना जा सकता है। छेड़खानी कभी वर्जित विषय नहीं रहा हमारे यहां। हमारे पारिवारिक रिश्तों में भी छेड़छाड़ की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। हमारी संस्कृति में भाभी-देवर,जीजा-साली के बीच हंसी-मजाक,छेड़खानी शास्त्र सम्मत मान्य है। होली जैसे पर्व भी इसी मनोवृत्ति को समर्पित है,होली का एक दिन केवल इसीलिए निश्चित किया गया है ताकि जो अभागे संपूर्ण वर्ष इस आनंद से वंचित रहे हैं वो भी अपने मन की भड़ास निकाल लें। इस दिन ससुर और जेठ के देवर हो जाने को अन्यथा नहीं लिया जाता और शायद यही कारण है कि होली हमारा सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार है। छेड़खानी मनोरंजन हमारा है। हमारी हिंदी फिल्मों को ही देख लें। हिंदी फिल्मों के हीरो आधी फिल्म में हीरोइन को छेड़ता है और बची हुई आधी फिल्म में अपनी बहन को विलेन से छिड़ने में बचाता है। आप समझ नहीं पाते कि जब हीरो और विलेन एक जैसी ही सांस्कृतिक क्रिया में लिप्त हैं तो हीरोइन खुश क्यों होती है और हीरो की बहन क्यों बुरा मान जाती है?

दरअसल छेड़खानी तभी दुस्साहस है जब आपकी नायिका इसे अन्यथा ले। यदि आपकी छेड़खानी उसे भा रही है,तब तो आपकी चांदी है और यदि ऐसा नहीं तो आपको सर मुंडाने के बाद गधे की सवारी भी करना पड़ सकती है। यह तो हुई पुराणों और फिल्मों की बातें। सच बात तो यह कि हर भारतीय पुरुष छेड़खानी की कला में सिद्धहस्त मानता है खुद को। किसी भी कन्या की उपस्थिति मात्र से उनकी आंखें चमकने लगती हैं। हमारे देश में कन्या,कन्या होने भर से छेड़खानी की पात्र हो जाती है। एकांत हो,भीड़ हो,किसी कन्या का दिखना भर पर्याप्त होता है। जब भी ऐसा होता है भारतीय पुरुषों का मन की करने के लिए रोम-रोम तड़पने लगता है।

छेड़खानी का परिणाम पीटा जाना ही हो हर बार,ऐसा भी जरूरी नहीं। छेड़खानी कला है और आप इस कला में पारंगत है तो आप कन्या की प्रशंसा भी प्राप्त कर सकते हैं। देखने दिखाने में ठीक-ठाक हों आप। जेब में भरा हुआ पर्स हो और बातें बनाना आता हो आपको तब तो आप मास्टर हो सकते हैं इस विधा के। मनोविज्ञान का जानकार होना आपको सफल बना सकता है। छेड़खानी यदि शिष्टता पूर्ण है,तमीज की हद में हो। लड़की की प्रशंसा का भाव शामिल हो,उसमें तो मुमकिन है आप अपनी करनी में सफल हो जाए। यदि आपने जीवन में किसी लड़की को छेड़ा नहीं। छेड़ने का प्रयास या विचार नहीं किया तो आपके इस ग्रह के निवासी होने पर बाबत शक होगा मुझे। यदि आपने ऐसा किया है और समस्त विध्न बाधाओं से सुरक्षित रहते हुए किया है,आपके ऐसा करने से लड़कियां प्रसन्न होती हैं तो यकीनन आप आकर्षक सुदर्शन समर्थ और निडर मनुष्य हैं।

साहित्य चोरी के लिए हटाए गए नार्वे के दो मंत्री

के . विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है।

संपन्न उत्तरी यूरोप राष्ट्र नार्वे,एक विकसित राजतंत्र की गत दिनों बड़ी वैश्विक फजीहत हुई। सरकार की दो मंत्री श्रीमती सांद्रा बोर्स जो रिसर्च और उच्च शिक्षा विभाग संभालती हैं तथा स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती इंगविल्ड क्जेर्कोल को बेशर्मी से पद त्याग करना पड़ा। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने अपनी थीसिस के लिए दूसरे छात्रों के शोधकार्य से चोरी की। आश्चर्य यह था कि सत्ता और शिक्षा का प्रशासन संभालने वाले सत्तासीन ने ही शैक्षिक तस्करी की। नार्वे की संसद में भी मसला उठा। छात्रों ने गंभीर गुस्सा प्रगट किया।

हालांकि भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है। ठीक जमींदार जैसा जो खेतिहर श्रमिक का शोषण करता है। अब इन महिला मंत्री, वह भी रिसर्च और शिक्षा की, ऐसी ओछी हरकत करें? अक्षम्य ही न है,कठिन दंड की भागी हैं। कई भारतीय विश्वविद्यालय में तो डाक्ट्रेट रिसर्च की थीसिस की चोरी आम बात है। ऐसे चोरी के अभियुक्त साधारण नहीं, ऊंचे लोग भी हैं। विचार कर लें कि साहित्यिक चोरी क्या है? दूसरे के विचारों या शब्दों को अपना मानना,स्रोत को श्रेय दिए बिना उपयोग करना और किसी मौजूदा स्रोत से प्राप्त विचार या उत्पाद को नए और मौलिक के रूप में प्रस्तुत करना।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान डेमोक्रेटिक प्राथमिक उम्मीदवार जो बाइडन तक,साहित्यिक चोरी करते हुए पकड़े गए। साहित्यिक चोरी के 'वास्तविक जीवन' में बहुत कम या कोई परिणाम नहीं होते हैं। इसके खिलाफ कोई कानून नहीं है। केवल अपमानजनक टिप्पणी,नकारात्मक और शर्म ही है,लेकिन शिक्षा जगत में अमूमन ऐसा नहीं होता है। साहित्यिक चोरी के परिणाम,जो शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन है,गंभीर सजा हो सकती है जिसमें कक्षाओं में असफल होना और डिग्री रद करना शामिल है। उदाहरण के लिए साहित्यिक चोरी के आरोप लगने के बाद एक कनाडाई शिक्षक को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा,उसकी पीएचडी रद कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नौकरी के लिए नामित एक व्यक्ति ने उस समय अपना नाम वापस ले लिया जब उसकी पीएचडी थीसिस में साहित्यिक चोरी का पता चला।

यहां मेरा अभिप्राय भी मेरे कई लेखों की निंदनीय चोरी से है। यह एक अति गंभीर बौद्धिक तथा शैक्षणिक गुनाह है। इसके वर्गीकृत अपराध हैं : हार्वर्ड के 2006 में एक स्नातक ने एक पुस्तक प्रकाशित की जो 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सर्वाधिक पठनीय वाली सूची में काफी ऊपर आ गई। मगर जब पता चला कि उसके कई हिस्से दूसरी पुस्तकों से चुराए गए हैं तब वह लेखिका गुमनामी के अंधेरे में खो गई। ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ नहीं है। भविष्य में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले अमेरिका के एक उभरते हुए सासंद ने मूर्खता के कारण अपने सारे अवसर खो दिए। उन्होंने बराक ओबामा के भाषण को अपना बताकर दर्शकों के सामने हूबहू दोहरा दिया।

मेरे निजी अनुभव में एक बड़ी विकराल दगाबाजी हो गई,गाजियाबाद की एक पत्रिका के संपादक ने मेरा लेख हूबहू शतप्रतिशत जैसा था छाप दिया। बस मेरा नाम काटकर अपना नाम लिख मारा। फोन पर जब मैंने बहुत डांटा और चोरी के जुर्म में लखनऊ पुलिस को भेजने की चेतावनी दी तो पहले तो प्रमाण मांगने लगे। बाद में डरकर माफी मांगने लगे। मेरा लेख था मंदिर और मजार बनाकर फुटपाथ कब्जियाना। लखनऊ सचिवालय के ठीक सामने बापू भवन के फाटक पर एक गैर कानूनी मंदिर बन गया था। मैंने पुलिस द्वारा उसे तुड़वाया,क्योंकि यातायात बाधित हो रहा था। फिर मैंने पत्रिका के संपादक का प्रमाण दिया। मैंने लिखा कि मुख्यमंत्री के सचिव नृपेन्द्र मिश्रा (आईएएस) ने मंदिर तुड़वाने हेतु मेरी शिकायत पर सहायता की थी। पत्रिका के संपादक डर गए कि नृपेन्द्र मिश्र उन्हें जानते ही नहीं। मदद की बात तो हुई नहीं। फिर उनका यह लेख कैसे हुआ? बिजनौर के पत्रकार ने मेरी सहायता की थी। अंततः संपादक जी ने बेहतर समझ कि मुझसे माफी मांग ली। वर्ना हर सप्ताह उन्हें लखनऊ अदालत में आना पड़ता।

सोशल फोरम

चार कंधे भी मिलने मुश्किल

हृदय बहुत व्यथित है। रोज किसी न किसी परिजन या परिचित की इस फानी दुनिया से कूच कर जाने की मनहूस खबर मिलती है। अफसोस का बड़ा मुद्दा यह भी है कि विदाई देने वालों की संख्या सीमित खुद-ब-खुद सीमित हो गई है। हरेक की कोई न कोई मजबूरी भी है। और हम भी अस्थमा के कारण विदाई देने वाली सीमित संख्या का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। कई लोग तो खबर भी नहीं कर रहे हैं। सोचते हैं बताने से फायदा ही क्या? बंदा आ तो पाएगा नहीं। और अगर आ भी गया तो इस भीषण गर्मी में उसे संभालना भी पड़ेगा।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

चौहत्तर प्लस हो चुका है। नाना प्रकार की व्याधियों से पीड़ित है। उसे कुछ हो गया तो ये तय करना मुश्किल हो जाएगा कि किस वजह से मरा। सच तो ये है कि डर तो हमें भी लगता है। पहले तो हम जरा सी जान-पहचान वाले को भी विदा करने चले जाते थे। पत्नी उलाहना दिया करती थी,कुछ ज्यादा ही सामाजिक हो चले हो। हम कहते थे,नहीं जाएंगे तो हमारी बारी में कौन जाएगा? वो पलटवार करती थी, जब सभी संगी-साथी चले जा रहे हैं तो तुम्हारे साथ जाएगा कौन? आज हम सोचते हैं,पत्नी सही कहती है। सब तो जा रहे हैं। दस लोग जुटने भी मुश्किल हो चले हैं और अगर ये सिलसिला आगे भी जारी रहा तो कंधा देने के लिए चार जरूरी बंदे भी नहीं मिलेंगे। हो सकता है वो दिन भी आए कि नगर निगम की तरफ से लाश ढोने वाली गाड़ी आए,निर्जीव शरीर लाद ले जाए और अगले फेरे में एक पोटली में राख समेट कर दे दे,अपनी फुरसत से नदी में बहा देना।

हमें तो वो जमाना याद आता है जब आवागमन के साधन सीमित थे। हमारे पुश्तैनी शहर मियांवाली (अब पाकिस्तान में) से साल दो साल बाद सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार के लिए एक कारवां चलता था,सबके हाथों में अपने-अपने परिजनों की अस्थियों पोटलियों में बंधी होती थीं। कुछ के हाथ में ज्यादा पोटलियां होती थीं। ये उनकी होती थीं जिनके वारिसान सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार का लंबा सफर करने में अक्षम होते थे। वो जाने वाले से गुजारिश करते थे - भाई,मेरे बाऊजी जी की अस्थियां भी गंगा मैया में बहा देना। वर्तमान व्यस्त हालात देखकर ख्याल आता है,क्या वो युग वापस आने वाला है?

-फेसबुक वॉल से

शिक्षा और परीक्षा

हम सभी जानते हैं कि साहित्य सौंदर्य बोधात्मक विषय है। वह सौंदर्य किसी भी क्षेत्र का हो सकता है। प्रकृति का,मानव का,चरित्र का, भाव का,कला का इत्यादि। सौंदर्य की खासियत यह है कि वह मनुष्य को डुबाकर अपने रंग में रंग देता है। सौंदर्य-नद में स्नान किया हुआ व्यक्ति अपने को पावन महसूस करता है। उसके भीतर अनायास ही एक सकारात्मक रूपांतरण की घटना घटने की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है और कई लोग रूपांतरित भी हो जाते हैं। साहित्य में विचार भी घुले-मिले होते हैं। विचार सुंदर भी हो सकते हैं और कुरूप भी,विचार प्रगतिशील भी हो सकते हैं और पतनशील भी,जो साहित्य प्रतिगामी विचारों को लेकर चलता है,उसे ही घटिया साहित्य कहा जाता है। इसी तरह सौंदर्य भी मनुष्य को शाश्वत शांति की ओर ले जाने वाला और अशांति पैदा करने वाला भी हो सकता है। साहित्य की समीक्षा में यह देखना होता है कि वर्णित सौंदर्य हमें किस दिशा में ले जा रहा है या ले जा सकता है,जो समीक्षा इस दृष्टि से विश्लेषण न कर सके,वह सार्थक नहीं कही जा सकती।


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी आलोचना की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसका ध्यान साहित्य के सौंदर्योद्घाटन पर नहीं है। वह मुख्य रूप से विचार पर आधारित होती है,जबकि साहित्य मुख्य रूप से सौंदर्य पर आधारित होता है। ऐसी आलोचना को साहित्यालोचन कैसे कह सकते हैं? आचार्य शुक्ल ने तुलसीदास,सूरदास आदि पर पुस्तकें लिखकर जिस आलोचना की नींव डाली थी,वह सौंदर्योद्घाटन पर आधारित थी। उसका विकास किया जाना चाहिए,लेकिन अफसोस कि शुक्ल जी से आगे इस दिशा में समीक्षा नहीं बढ़ सकी। जिस तरह साहित्य की शुष्क समीक्षा लिखी जा रही है। उसी तरह उसका अध्यापन भी शुष्क होता चला गया। मैंने अनेक अच्छे शिक्षकों से पढ़ा है,लेकिन काव्य पढ़ाने का जो ढंग गुरुवर कविवर केदारनाथ सिंह का पास था,वह अन्यत्र दुर्लभ था,उनकी कक्षा में रसधार बहती थी। खासकर निराला की "राम की शक्ति पूजा" और "सरोज स्मृति" पढ़ाते समय ऐसा समां बंधता था कि विद्यार्थी सुध-बुध खोकर उनके साथ बहे चले जाते थे। वह साहित्य की शुष्क समीक्षा नहीं थी,वे सौंदर्य की गहराई में उतरते थे और अपने सहृदय विद्यार्थियों को उसमें बहा ले जाते थे।

बहुत समय पहले की बात है। पटना के गांधी मैदानमें विशाल पंडाल लगा था। वहां मोरारी बापू का रामचरित मानस पर प्रवचन चल रहा था। उन्होंने गायकों और वाद्ययंत्रों की सहायता से वीर रस को साकार कर दिया। कक्षा में वीर रस की कविताओं को समझाने के क्रम में यह कहना कि इसमें कठोर और द्वित्व वर्णों का समायोजन होता है। एक बात और है उसे सही कंठ और वाद्ययंत्रों से जीवंत कर देना कितनी अलग बात है। मुझे साहित्य के अध्यापन का सूत्र वहां मिला। हमारे शिक्षक बंधु तुरंत बोल उठेंगे कि कक्षा में यह कैसे संभव है? इस सड़े सिस्टम में तो सचमुच संभव नहीं है। मैं तो इस प्रणाली से बाहर की बात कर रहा हूं। इस प्रणाली में तो लिखित परीक्षा लेकर कागज पर अस्सी प्रतिशत और उससे भी अधिक अंक दे दिए जाते हैं। कागज का वह टुकड़ा हमें खुशियों से भर देता है कि अब हमें नौकरी मिल सकती है। क्या इसी बात के लिए साहित्य बना है? हमारा कोई परिष्कार नहीं हुआ। हमारे उदात्त भाव नहीं जगे,बल्कि कुछ उल्टा ही हुआ। हमारे अंदर अनेक तरह की विकृतियां आ गईं। साहित्य हमने डूबकर पढ़ा और समझा है, इसकी परीक्षा जीवन के दैनंदिन क्रियाकलापों में होनी चाहिए या परीक्षा भवन में कागज के पन्नों पर? द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की परीक्षा कक्षा में कागज पर न लेकर पेड़ पर एक नकली चिड़िया रखकर ली थी। विद्यार्थियों के हाथ में कागज और कलम नहीं,धनुष और बाण थे। इसे कहते हैं शिक्षा और परीक्षा।

संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाएं

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है।

मई दिवस अमर रहे,दुनिया के मेहनतकशों एक हो। पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता एक मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाती आई है,हमारे देश में भी 1923 से मजदूर दिवस मनाया जाता रहा है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है। पूंजीवाद का विरोध और समाजवाद की स्थापना के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाना मेहनतकश वर्ग का मूल उद्देश्य है। वैसे तो काम के घंटे तय करने की लड़ाई के लिए लड़े गए इस संघर्ष को बढ़ाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है। किंतु पिछले कुछ सालों की पूंजीवादी सोच को बढ़ाने वाली सत्ता और उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और अमीरी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। सौ वर्ष पहले हासिल काम के घंटे के अधिकार को समाप्त करने,स्थाई रोजगार के बदले ठेका/संविदा प्रथा, अग्निवीर, शिक्षामित्र, बैंक मित्र, लेबर कोड लागू करने,एकतरफा छटंनी, तालाबंदी, जबरन हो रहे वीआरएस से आम जनता त्रस्त हुई है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बार मई दिवस एक बार फिर मेहनतकश जनता को पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लामबंद होने और क्रांतिकारी संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का समय है। आइए अपनी क्रांतिकारी संघर्षों की विरासत को इस मई दिवस पर और आगे बढ़ाएं।

एक नजर

अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, युवक घायल

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : गावं बिचैटा के निकट अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। हादसा गुरुवार की शाम उस समय हुआ जब हेम सिंह पुत्र निर्मल दास निवासी गांव निसरोल थाना बिसौली जिला बदायूं बहन के यहां शादी समारोह में शिरकत करने गांव दियौरा खास जा रहा था। वह जैसे ही बिचैटा गांव के निकट पहुंचा। अचानक बाइक सड़क पर फिसल गई। जिससे हेम सिंह के चेहरे समेत शरीर पर गंभीर चोटें आयी हैं।

देवी कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : बनियाठेर के गांव अकरौली में आयोजित देवी कथा के अंतिम दिन कथा वाचक सुमित शिवम महाराज ने नौ देवियों के बारे में रोजाना अवगत कराया। नवदुर्गा के द्वारा 9 दिन जन्मजय माता रानी का व्रत रखा और अंत में अपने पिता राजा परीक्षित को उसने मोक्ष दिलाया। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत, नहीं हुई पहचान

शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी पुलिस, शव मोर्चरी में रखवाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड पर ओएलएफ के सामने अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

गुरुवार की सुबह पांच बजे बदायूं रोड स्थित ओएलएफ के सामने एक युवक गंभीर रुप से घायल अवस्था में पड़ा था। जिसके सिर से रक्त बह रहा था। उधर से गुजर रहे लोगों ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आई। यहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की तलाशी ली गई तो उसके कपड़ों में 300 रूपये निकले और उससे दाये हाथ में रोहित लिखा था। इसके अलावा युवक के कपड़ों से कोई अन्य कागज बरामद नहीं हुआ। जिससे युवक की पहचान नहीं हो सकी। दिन भर पुलिस युवक की पहचान कराने का प्रयास करती रही। मगर कामयाबी नहीं मिली। युवक मानसिक तौर पर कमजोर बताया जा रहा है। लोगों ने युवक को अक्सर सड़क पर घूमते हुए देखा है। युवक की मौत का कारण वाहन की चपेट में आना बताया जा रहा है।

> युवक की बदायूं रोड पर वाहन की चपेट में आने से मौत हुई है। युवक अक्सर बदायूं रोड पर घूमता देखा गया है। पहचान कराने का प्रयास कराया जा रहा है।
> **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

बहजोई, अमृत विचार : बरेली अलीगढ़ रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बमनेटा के निकट गुरुवार को दोपहर ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखा। जिसके बाद मौके पर दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब में रखे पहचान पत्र के माध्यम से उसकी शिनाख्त अबरार (20 वर्ष) पुत्र अनवर निवासी मिर्जापुर थाना बहजोई के रूप में की। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर युवक की भाई से कहासुनी हो गई थी।

चुनाव में लगीं अनुबंधित बसें, दिक्कतों से जूझ रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल से मुरादाबाद के लिए चलने वाली 40 में से सिर्फ पांच बसें संचालित
- एक से डेढ़ घंटे में रोडवेज बस अड्डा पहुंच रही बसें, यात्रियों में मच रही मारामारी

अमृत विचार : मुरादाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए संभल से अनुबंधित बसें गईं तो यहां यात्रियों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। 40 में से महज पांच बसें ही मार्ग पर दौड़ रही हैं, जिस कारण यात्री परेशान हैं। संभल रोडवेज बस अड्डा पर बस में सवार होने के लिए यात्रियों में मारामारी का माहौल बना हुआ है।

लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद मुरादाबाद में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए संभल से भी परिवहन निगम की अनुबंधित बसों को लगाया गया है।

बताया गया है कि 35 बसें चुनाव के लिए गई हैं तो यहां सिर्फ पांच बसों का ही संचालन संभल और मुरादाबाद के लिए हो रहा है। बसों की किल्लत के चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि संभल रोडवेज बस अड्डा पर घंटों तक यात्री बस का इंतजार कर रहे हैं। कभी बस एक घंटा तो कभी डेढ़ में पहुंच रही है। जैसे ही बस आती है तो यात्री सवार होने के लिए दौड़ पड़ते हैं।

यात्रियों में बस में सवार होने के लिए मारामारी का माहौल बन रहा है। गुरुवार को भी बस अड्डा पर यात्रियों को परेशान हाल देखा गया।

बताते चलें कि रोडवेज बस अड्डा भी वर्षों से किराये के भवन में संचालित हो रहा है। यहां यात्रियों की सुविधाओं के लिए समुचित इंतजाम नहीं है। जिस कारण बसों का इंतजार करने के दौरान यात्रियों की दिक्कतें और भी बढ़ी हुई हैं।

संभल में रोडवेज बस अड्डे पर बस का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

> अनुबंधित बसें मुरादाबाद में चुनाव के लिए गई हैं। यहां 40 में से पांच बसों का ही संचालन हो रहा है। एक से डेढ़ घंटे में भी बस रोडवेज बस अड्डा पर पहुंच रही है।
> **-ताराचंद,** कार्यवाहक प्रभारी बस अड्डा

समय से नहीं निपट रहे काम

संभल, अमृत विचार : तमाम लोग ऐसे हैं जो रोजाना ही जरूरी काम के लिए मुरादाबाद जाते हैं। वर्तमान में बसों की किल्लत के कारण उन लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है। बसें समय से नहीं मिल रही हैं तो लोग देरी से मुरादाबाद पहुंच रहे हैं। जिस कारण जरूरी काम समय से नहीं निपट पा रहे हैं।

तेजी से बढ़ रहा तापमान, स्वास्थ्य के प्रति रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अप्रैल में ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। तेज धूप के साथ गर्मी बढ़ने से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी के कारण लोग बुखार की चपेट में भी आने लगे हैं। वहीं चिकित्सक मरीजों से गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। मंगलवार को तापमान 33 से 34 डिग्री सेल्सियस रहा।

गेहूं की कटाई शुरू होने के बाद गर्मी शुरू हो गई है। सुबह नौ बजे से ही धूप में तेजी होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे धूप तेज होने से तापमान अधिक बना रहता हैं। धूप की तपिश से बचने के लिए लोग जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से लोग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। रोजाना सीएचसी में बुखार के 250 से अधिक मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। वहीं चिकित्सक भी मरीजों से गर्मी का मौसम शुरू होने पर एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बाहरी भोजन बिल्कुल न करें। धूप में जरुरत होने पर ही घर से बाहर निकलें। वायरल फीवर होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार कराए।

सीएचसी में लाइन में लगे अपनी बारी का इंतजार करते रोगी। ● अमृत विचार

> गर्मी के मौसम में छोटी लापरवाही ही बड़ा रूप ले लेती है। वायरल फीवर होने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सक से उपचार कराकर ही दवा का सेवन करें। जितनी हो सके उतनी एहतियात बरतें।
> **-डॉ. हरवेंद्र सिंह,** प्रभारी, सीएचसी

यह बरतें सावधानियां

- तेज गर्मी व धूप में बाहर से आकर तुरंत पानी न पीयें।
- तेज धूप व गर्मी होने पर घर से छाता लेकर निकलें।
- गर्मी के मौसम में ताजा भोजन करें, बासी भोजन का सेवन न करें।
- बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री का सेवन करने से बचे।
- रात को मच्छरदानी अवश्य लगाकर सोए, ताकि मच्छरों से बचा जा सके।

गर्मी शुरू होते ही विद्युत कटौती से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रोजाना तीन से चार घंटे ठप रहती ही विद्युत आपूर्ति
- अक्सर फाल्ट होने व ट्रपिंग से समस्या उत्पन्न हो रही

अमृत विचार: गर्मी बढ़ने के साथ-साथ शहर की विद्युत व्यवस्था भी चरमराने लगी है। अक्सर फाल्ट होने व ट्रपिंग से समस्या उत्पन्न हो रही है। दिन में तीन से चार घंटे विद्युत कटौती होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खास तौर पर सुबह के समय विद्युत कटौती होने से लोगों को दैनिक कार्य निपटाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

गर्मी में लोगों को विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता अधिक होती है। अब गर्मी के साथ-साथ धूप भी तेज होनी शुरू हो गई है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे बिजली ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने कूलर व एसी चलाना शुरू कर दिया है। जिससे ट्रपिंग के साथ-साथ विद्युत लाइन में फाल्ट भी होने लगे हैं। दिन के समय तीन से चार घंटे विद्युत कटौती होना आम बात है। सुबह के समय बिजली गुल होने से घरेलू कार्य के लिए पानी नहीं मिलने पर महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने विद्युत विभाग से गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है।

तात्या टोपे की वीर गाथा को किया याद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने गुरुवार को संयुक्त रुप से 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी तात्या टोपे का बलिदान दिवस विनायक कालोनी में मनाया। उनकी वीर गाथा को याद किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने तात्या टोपे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि अंग्रेज दुआ मांगा करते थे कि फिर किसी तात्या से पाला न पड़े।

भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 10 मई 1857 से लेकर एक नवंबर 1858 तक चला। इस युद्ध में भले ही भारत आजादी न हासिल कर पाया हो लेकिन कई क्रांतिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया। उनमें तात्या टोपे का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। तात्या टोपे का जन्म 16 फरवरी 1814 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के छोटे से गांव येवला में हुआ था।

इनका वास्तविक नाम रामचंद्र पांडुरंग राव था। तात्या टोपे की मृत्यु उनके अजीज मान सिंह के धोखा देने के कारण हुई। वीर सपूत तात्या टोपे को शिवपुरी में 18 अप्रैल 1859 को खुले मैदान में सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सृष्टि सिंह ने की। संचालन बृजेंद्र प्रसाद तिवारी ने किया। रश्मि शर्मा, सच्चिदानन्द शर्मा, सत्यप्रिया मिश्रा, राम सिंह, डॉ. शिवांगी मिश्रा, हिमशिखा मिश्रा, हर्ष तिवारी, उत्कर्ष तिवारी, शुभ आशीष पाराशरी, आकाश वार्ष्णेय, किशन सिंह, गोपी सिंह, शांतनु मिश्रा, आर्यन उपस्थित रहे।

तात्या टोपे का बलिदान दिवस मनाते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

आयोजन

- महापुरुष स्मारक समिति ने तात्या टोपे का बलिदान दिवस मनाया

हाइवे पर छुट्टा पशुओं का लगा डेरा, हादसों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- थाना बनियाठेर के गांव भुलाबई से अकरौली तक सड़क पर विचरते रहते हैं पशु
- गोशालाओं में नहीं मिल रहा आश्रय

अमृत विचार: जहां एक ओर सरकार छुट्टा गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने के लिए गांव-गांव अस्थाई गोशाला का निर्माण करा रही है। वहीं सरकारी तंत्र सरकार की मंशा को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहा। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र में छुट्टा पशु दिन भर सड़क पर विचरते रहते हैं। जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। रात के समय हादसे की आशंका अधिक बनी रहती है। शायद जिम्मेदारों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। इसलिए इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

पिछले दिनों छुट्टा गोवंशीय पशुओं से तंग आकर किसानों के आंदोलन के बाद सरकार ने 15 जनवरी तक छुट्टा पशुओं को आश्रय स्थल भेजने निर्देश दिए थे। इसके बावजूद सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलाबई से अकरौली तक करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में छुट्टा गोवंशीय पशुओं ने डेरा डाल लिया है। इसी बीच करीब दो दर्जन से अधिक पशु विचरते हैं। जबकि गांव अकरौली और भुलाबई में गो आश्रय स्थल बने हुए हैं। इसके बावजूद ये पशु दिन भर सड़क किनारे विचरते रहते हैं। थाना बनियाठेर के आसपास भी झुंड के रूप में पशु देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ये पशु रात में बीच सड़क पर आकर बैठ जाते हैं। ऐसे में किसी वाहन के पशुओं से टकराने का अंदेशा बना रहता है। पिछले दिनों कई बाइक सवार टकरा भी गए हैं। चौपहिया वाहनों के टकराने से कई पशु जख्मी भी हुए हैं। इतना ही नहीं ये पशु सड़क किनारे खेतों में घुस कर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं को गो आश्रय स्थल पहुंचाने की मांग की है।



गांव भुलाबई के निकट सड़क किनारे बैठे गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार दंपती घायल

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुरुवार को देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार दंपति घायल हो गया। घायलों को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया। जहां पति की हालत गंभीर बताई गई है।

गांव कैल निवासी नरेश और उसकी पत्नी सोमवती गुरुवार को धनारी गए थे। रात करीब आठ बजे टेंपो से लौट रहे थे। रास्ते में सामने से जा रहे अज्ञात वाहन ने टैंपो को टक्कर मार दी। जिससे नरेश और सोमवती घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां नरेश की हालत नाजुक बनी हुई है।

कार की टक्कर से बालिका गंभीर रूप से घायल

गुन्नौर अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर गांव रसूलपुर के पास सड़क पार कर रही बालिका को तेज रफ्तार कार ने रौंद डाला। जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव रसूलपुर निवासी सतीश की 6 वर्षीया बेटी प्राची गुरुवार शाम को घर से घेर पर जाने के लिए हाईवे पर सड़क पार कर रही थी। तभी नरौरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे घायल हुई प्राची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने हालत नाजुक देखकर प्राची को प्राथमिक उपचार देकर मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

नारी उत्थान समिति के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोलते कपिल सिंघल।

जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं

संभल, अमृत विचार : नारी उत्थान समिति की ओर से स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, सामाजिक लोगों को सम्मानित किया गया। आर्य समाज स्कूल में नारी उत्थान समिति के स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समाजसेवी कपिल सिंघल, कमलकांत तिवारी, संजय गुप्ता पोली, नीलांशु वार्ष्णेय, शिवकुमार, जयप्रकाश गुप्ता, पूर्वी वार्ष्णेय, तरन्नुम अकील और अजय शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके की। समाजसेवी कपिल सिंघल ने कहा कि समिति की पदाधिकारी निरंतर सामाजिक कार्यों में लगी रहती हैं। लोगों की मदद भी करती हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से बड़ा कोई कार्य नहीं है। गरीबों की सेवा कर जो मानसिक सुख व शांति मिलती है वह अन्य किसी कार्य से प्राप्त नहीं होती हैं। कमलकांत तिवारी ने कहा कि समिति द्वारा जो सेवा कार्य किए जा रहे हैं वह प्रशंसनीय व सराहनीय हैं। पूर्वी वार्ष्णेय ने कहा कि समिति हर पर्व को धूमधाम से मनाती हैं। जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जाती हैं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। समिति की अध्यक्ष सीमा आर्या ने कहा कि समिति लंबे समय से निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा कर रही है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान पूनम शुक्ला, मीनाक्षी सिंघल, नीलू चाहल, ममता भोला, रेखा, बबली आर्या, प्रीति शर्मा, ऋतु रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, सुरभि टंडन, शोबी, अल्पना आर्या, आशा, विनीता, रेखा आर्या आदि रहीं।

दुष्कर्म के झूठे आरोप पर कोर्ट ने महिला को किया तलब

काशीपुर, अमृत विचार : दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाकर पैसा मांगना एक महिला व उसके साथी को महंगा पड़ गया। कोर्ट ने अवैध मांग, गाली गलौज व धमकी के मामले में महिला को तलब किया है। ग्राम राघूवाला, तहसील ठाकुरद्वारा निवासी ओमप्रकाश ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई और भारत भूषण के माध्यम से न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर के यहां परिवाद दायर कर कहा कि थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुत्र अर्जुन के खिलाफ दिसम्बर 2023 से बलात्कार के फर्जी प्रार्थना पत्र भिजवाने शुरू कर दिए। फिर उसके बाद महिला के साथी कौशल ने ओमप्रकाश के ऊपर दस लाख रुपये देने का दबाव बनाया। साथ ही धारा 156 (3) सीआरपीसी का प्रार्थना पत्र प्रार्थी को दिखाया। ओमप्रकाश ने घबराकर पांच लाख रुपये कौशल कुमार व महिला को दे दिए, जबकि यह प्रार्थना पत्र झूठा था। बाद में पांच लाख रुपये ओमप्रकाश के घर पर राजेन्द्र सिंह व मोहन सिंह के सामने बीती 1 जनवरी 2024 को दिए गए। इसके बाद महिला फिर से दस लाख रुपये की और मांग करने लगी। पीड़ित ने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई व भारत भूषण के माध्यम से रुपये मांगने के समस्त साक्ष्य न्यायालय के समक्ष दाखिल किए। इस पर कोर्ट ने आरोपी महिला व उसके साथी को तलब किया है।

अल्मोड़ा जिले के जंगलों में लगी आग

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले के अलग अलग क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सल्ट समेत लमगड़ा, द्वाराहाट और धौलादेवी के अनेक जंगलों में दिन भर आग धधकी रही। आग लगने से चारों और धुंए का गुबार फैल गया। कई जगहों पर जंगल की आग सड़क मार्गों तक भी पहुंच गई। जिस कारण वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक जिले के 48 से अधिक जंगल जल चुके हैं। लेकिन वन विभाग के पास वनाग्नि की इन घटनाओं का सही सही आंकड़ा तक दर्ज नहीं है।

धूमधाम से निकाली डॉ. आंबेडकर की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चंदौसी

अमृत विचार: ब्लाक बनियाखेड़ा के ग्राम अजीमगंज में गुरुवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा बैंड बाजा संग धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर किया।

शोभायात्रा में डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, भगवान बुद्ध की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा ने विभिन्न मार्गो पर भ्रमण किया और शिव मंदिर पर जन सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश सिंह ने की। संचालन विशाल कुमार. ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश प्रेमी ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान में दलित व पिछड़ों का राजनीतिक सामाजिक आर्थिक मार्ग प्रशस्त कर दुनिया को समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कपिल देव, खेमकरण भारती, शिशुपाल, जॉनी सिंह, सिपेक्टर सिंह, विश्वास, प्रेम सिंह, अमन सिंह, कुबेर पाल, राहुल सिंह, पंकज सिंह, रणवीर सिंह वीर सिंह, गौतम कुमार, छत्रपाल, कृष्णपाल, उमेश कुमार, विपिन गौतम आदि मौजूद रहे।

गांव अजीम गंज में शोभायात्रा में शामिल बाबा साहब की झांकी।

आसपास-उत्तराखंड

पत्नी ने लगाया डीएसपी पर मारपीट का आरोप

बरेली, अमृत विचार : लखनऊ लोकायुक्त में तैनात डीएसपी पर पत्नी ने मारपीट का आरोप लगाया है। थाना इज्जतनगर पुलिस डीएसपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के अम्बे आवास कर्मचारी नगर निवासी मंजू सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पति राकेश सिंह लखनऊ लोकायुक्त में तैनात हैं। वह शराब पीकर मारपीट करते हैं। आरोप है कि दो दिन पहले बरेली आने पर राकेश सिंह ने शराब पीकर उन पर हमला बोल दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी। मंजू सिंह ने थाना इज्जतनगर पहुंचकर डीएसपी राकेश सिंह के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। राकेश सिंह पदोन्नति से डीएसपी बने हैं। इज्जतनगर पुलिस के अनुसार डीएसपी का मकान दो हिस्सों में बंटा है। एक हिस्से में पत्नी बेटों के साथ और दूसरे में डीएसपी स्वयं रहते हैं।

कार्यालय में लगा मिला ताला तो घंटों बाहर बैठे रहे कुलसचिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन के आदेश पर गुरुवार सुबह पदभार लेने पहुंचे अजय कृष्ण यादव
- दोपहर बाद दूसरी चाबी बनवाकर कुलसचिव ने ताला खुलवाया

अमृत विचार: शासन के आदेश पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलसचिव अजय कृष्ण यादव गुरुवार को पदभार ग्रहण करने पहुंचे तो कार्यालय में ताला पड़ा मिला। इसकी वजह से वह और उनका स्टाफ बाहर भटकते रहे। सुरक्षा प्रभारी से चाबी मांगी लेकिन नहीं मिली। चार घंटे बाद स्टाफ के कक्ष का ताला खुल गया लेकिन कुलसचिव के कार्यालय का नहीं। इस पर कुलसचिव ने दूसरी चाबी बनवाकर मंगाई और ताला खुलवाया। कुलसचिव ने इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में शासन को भी पत्र भेजा है। वहीं कुलपति प्रो. केपी सिंह की ओर से जांच पूरी न होने से पहले कुलसचिव की ओर से ताला खोलने को गलत बताया है और सुरक्षा प्रभारी से रिपोर्ट मांगी है।

कुलसचिव अजय कृष्ण यादव गुरुवार सुबह करीब सवा 10 बजे विश्वविद्यालय पहुंचे तो उनके कार्यालय में ताला लगा हुआ था। इस पर उन्हें और स्टाफ को बाहर रहना पड़ा। उन्होंने सुरक्षा प्रभारी सुधांशु से कार्यालय की चाबियों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि चाबियां उनके पास नहीं हैं। कुलसचिव ने शासन के आदेश के बारे में कहा तो बताया गया कि कुलपति के पास अभी लिखित आदेश नहीं पहुंचा है और व्हाट्सएप का आदेश मान्य नहीं। इस दौरान कुलसचिव ने यूपी 112 को भी विवाद की सूचना दे दी। यूपी 112 पहुंची लेकिन विवाद न होने पर वापस लौट गई। कुलसचिव ने उप कुलसचिव सुनीता यादव को भी शासन के आदेश का हवाला देते हुए चाबी उपलब्ध कराने के संबंद्ध में पत्र लिखा। वह काफी देर बाद स्टाफ के कहने पर परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के कक्ष में बैठ गए। करीब ढाई बजे कुलसचिव के स्टाफ के कार्यालय का ताला तो खोल दिया गया। इस पर कुलसचिव ने सुरक्षा प्रभारी से फिर चाबी मांगी तो बताया कि चाबी नहीं है। इसके बाद कुलसचिव ने ताले की दूसरी चाबी बनवाकर मंगाई और फिर सुरक्षा प्रभारी की मौजूदगी में करीब साढ़े तीन बजे ताला खोला गया। इसकी वीडियोग्राफी भी की गई। कुलसचिव का कहना है कि शासन के आदेश का पालन नहीं कराया गया।

एक नजर

सपा लोहिया वाहिनी के सचिव ने दिया त्यागपत्र

बिजनौर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान से एक दिन पहले गुरुवार को सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव साहिल मेहरा ने त्याग पत्र दे दिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी में युवाओं का कोई सम्मान नहीं रह गया है। विधायकों का पार्टी पर कब्जा है। उन्होंने आगे की रणनीति के बारे में कहा कि वह इस चुनाव में फिलहाल असपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को समर्थन दे रहे हैं क्योंकि वह एक जुझारू युवा नेता हैं।

पोशक नहर के किनारे युवक का शव मिला

धामपुर, अमृत विचार : स्योहारा मार्ग पर पोशक नहर के किनारे एक अज्ञात युवक बेहोश मिला। पुलिस ने उसे अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा गया है। स्योहारा मार्ग पर गांव सरकड़ा चकराजमल के पास स्थित पोशक नहर के किनारे एक युवक के पड़े होने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बेहोशी की हालत में अज्ञात युवक को पुलिस ने अस्पताल तक पहुंचाया।

एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे लोग

हसनपुर, अमृत विचार : सीएचसी में प्रतिदिन 50-60 मरीज कुत्ते काटने का इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 50 से 60 लोग कुत्ते काटने के आ रहे हैं। सभी मरीजों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जंगल में अकेले न जाएं। खासतौर से बच्चों का ध्यान रखना चाहिए।

ट्रेन में धुआं देख यात्रियों में मची अफरा तफरी

हापुड़, अमृत विचार : नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ जा रही राजधानी एक्सप्रेस की बोगी में ब्रेक जाम होने से धुंआ उठने लगा। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। हापुड़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर ब्रेक की मरम्मत की गई और करीब 20 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया। नई दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस गुरुवार दोपहर डिब्रूगढ़ जा रही थी। जैसे ही ट्रेन दोपहर करीब 12:40 बजे हापुड़ पहुंची तो ट्रेन के ब्रेक में लगी रबड़ जलने से धुंआ उठने लगा।

बिजनौर, नगीना सीट के लिए मतदान आज

पोलिंग पार्टियां कड़ी निगरानी में कराएंगी मतदान, मतदाता करेंगे प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिले में शुक्रवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक दो लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इसके लिए गुरुवार को पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंचीं। मतदान कराने के लिए देर शाम तक मतदान कर्मियों ने तैयारी की।

बिजनौर लोकसभा सीट के लिए कुल 1733372 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 921187 पुरुष मतदाता और 812094 महिला मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। इस सीट पर 91 मतदाता अन्य शामिल हैं। इस बार जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र में 100 वर्ष की आयु वाले 125 मतदाता अपने मत से सांसद चुनेंगे। 90 से 99 वर्ष की आयु वाले 5369 मतदाता वोट डालेंगे। उधर, बिजनौर, चांदपुर, नूरपुर, नहटौर, नगीना, नजीबाबाद, बढ़ापुर, धामपुर समेत आठ विधानसभा क्षेत्र के मतदाता बिजनौर लोकसभा, नगीना लोकसभा और मुरादाबाद लोकसभा सीट में शामिल बढ़ापुर के मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। फिलहाल मतदान कराने के लिए सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। कड़ी निगरानी और जांच के बाद मतदाता अपना वोट डाल सकेंगे। मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के भारी संख्या में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बाताया कि सुबह सात से शाम छह बजे वोट डाले जाएंगे। इसके लिए जिले में 3014 बूथ बनाए गए हैं। जिले भर को 28 जोन और 298 सेक्टर में बांटा गया है। 24 जगहों पर नाकेबंदी कर चेकिंग की जा रही है। जिले भर में शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स की 46 कंपनी, 5000 होम गार्ड और 5000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। उधर, दोपहर तक एसपी नीरज कुमार जादौन की अगुवाई में पुलिस के साथ पैरा-मिलिट्री फोर्स ने बॉर्डर पर वाहनों की जांच की।

मतदान केंद्र पर जानकारी लेते एसपी नीरज कुमार जादौन। ● अमृत विचार

मॉडल बूथ पर बना सेल्फी प्वाइंट। ● अमृत विचार

पांच मॉडल बूथों के जरिये मतदान करने की अपील

बिजनौर, अमृत विचार : स्योहारा के सरकारी अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों को भी पर्चे पर मुहर लगाकर, पहले मतदान, फिर जलपान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से अपील की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग और आईएमए चिकित्सकों ने स्योहारा नगर में पांच मॉडल बूथों को भी तैयार किया है। इन बूथों के गेट पर बड़ी होर्डिंग के साथ एक-एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। डॉ. स्नेही ने बताया कि शहर के सम्मानित और चिकत्सकों, नर्सिंग होम एसोसिएशन के सहयोग से यह पहल की गई है। डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. कालरा, डॉ. रवि सिसौदिया, डॉ. विशाल सैनी और डॉ. संजय विश्वकर्मा के सहयोग से मॉडल मॉडल बूथों को तैयार किया गया।

आग लगने के बाद बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से तीन लोग झुलसे

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : गांव जोधावाला रोड स्थित मकान में चल रही पटाखा फैक्ट्री में आग लग गई। इससे तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दमकल विभाग की टीम और पुलिस ने आग पर काबू पाया।

बताया गया कि गांव जोधुवाला रोड पर मकान में पटाखे बनाने का काम किया जा रहा था। तभी यहां अचानक आग लग गई, जिससे दीपक, सुभाष और नरेंद्र गंभीर रूप से झुलस गए। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। फैक्ट्री मालिक युसुफ अहमद के पास पटाखे बनाने का लाइसेंस भी होना बताया गया है। आग लगने के कारण का अभी तक नही पता लग सका है।

दवा लेने जा रहे बाइक सवार दंपती को स्कॉर्पियो ने रौंदा, दोनों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

दुखद

- पानीपत-खटीमा हाईवे पर पीली पुलिस चौकी के पास हुआ हादसा
- गांव जीतपुर पलड़ी के रहने वाले थे अंकुश और भारती

अमृत विचार : नगर में गुरुवार रात साढ़े सात बजे पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर पीली पुलिस चौकी के पास स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपती को रौंद दिया। इससे पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं।

बताया गया कि नगीना थाना क्षेत्र के गांव जीतपुर पलड़ी में भगवान दास का परिवार रहता है। गुरुवार को उनका पुत्र अंकुश (27) पत्नी भारती (25) के साथ बाइक से बिजनौर जाने के लिए घर से निकला। बाइक सवार दंपती बिजनौर में किसी चिकित्सक से दवा लेने जा रहे थे। जब इनकी बाइक पानीपत-खटीमा मार्ग पर पीली पुलिस चौकी के पास पहुंची तो सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दंपती कई फीट ऊपर हवा में उछल कर सड़क पर जा गिरे। मौके पर पहुंचे लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अंकुश को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी पत्नी भारती को मेरठ रेफर कर दिया गया। जहां गंभीर रूप से घायल भारती को भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दंपती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। अंकुश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उनकी शादी लगभग तीन वर्ष पहले हुई थी। दंपती के कोई संतान नहीं है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं। देर शाम तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

अंकुश और भारती।

सार संक्षेप

व्यापारियों ने चुनाव का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

बिजनौर, अमृत विचार : दुकानदार को धमकाने व रिश्वत मांगने के आरोपी इस्पेक्टर के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने से नाराज व्यापारियों ने चुनाव का बहिष्कार की चेतावनी दी है। बताया गया कि दो दिन पहले शहर की एक दुकान पर लाइसेंस में कमी बताकर फूड इंस्पेक्टर रामवीर सिंह ने दबाब बनाया था। इस मामले में शिकायत के बाद डीएम ने एसडीएम को जांच सौंपी थी। व्यापारियों का कहना है कि इंस्पेक्टर दुकानदार के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास कर रहा है। इससे व्यापारियों में नाराजगी है। दुकानदार साहिल अग्रवाल के व्यापारी संगठन खड़ा हो गया है। दुकानदारों ने कार्रवाई नहीं होने पर चुनाव के बहिष्कार की बात कही है।

शायर तैय्यब आजाद को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

शायर तैय्यब आजाद सम्मानित

नगीना, अमृत विचार : कुरआन के 30वें पारे का तरजुमा करने पर उर्दू शायर तैय्यब आजाद शेरकोटी को अल्लामा हाफिज शीराजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शायर डॉ. दाऊद नूर की अध्यक्षता व शायर बहाउद्दीन बहार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ हाफिज नगीनवी ने किया। आफताब मुल्तानी ने कहा कि तैय्यब आजाद की शायरी उनके नाम की भांति ही पवित्र और पाकीजा है। डॉ. दाऊद नूर ने कहा कि तैय्यब आजाद द्वारा किया गया तरजुमा उनमें पाकीजा होने की दलील है। इस दौरान हाशिम इस्लाम, मुनीर आलम, यासीन सोनी, मोहम्मद हस्सान, राशिद उस्मानी आदि मौजूद रहे।

आग से सुरक्षा के उपाय बताते कर्मचारी। ● अमृत विचार

आग से सुरक्षा के उपाय बताए

नगीना, अमृत विचार : लीडिंग फायरमैन जयप्रकाश शर्मा ने गुरुवार को अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत लोगों को आग से सुरक्षा के उपाय बताए। लाल सराय इंटर नेशनल, वुड हैंडी क्राफ्ट नूर सराय व आमिर इंश्योरेंस एंड नेट प्वाइंट कार्यालय में मॉक ड्रिल किया गया। पंपलेट वितरित कर अग्नि सुरक्षा के उपाय बताए गए।

आग से जलकर कई बीघा गेहूं की फसल नष्ट

डिडौली, अमृत विचार : कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव सैंतली में दो खेतों में आग से सात बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। गुरुवार को गांव सैंतली निवासी मौलाना अहसान व अफसान का खेत हटवा रास्ते पर है। उनके खेत के ऊपर से एचटी लाइन गुजर रही है। दोपहर के समय दो बजे के करीब अचानक तारों में स्पार्किंग से खेत में आग लग गई और मौलाना अहसान की करीब पांच बीघा गेहूं जल गई और अफसान के खेत में दो बीघा गेहूं की खेती जल गई गई। गांव वालों ने आकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। बड़ी मुश्किल से आग को बुझाया गया।

हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

संवाददाता, शेरकोट

अमृत विचार : अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की गुरुवार को मौत हो गई।

अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर गांवड़ी निवासी हिरदेश कुमार (34) बुधवार दोपहर बाइक से गांव राजीपुर से घर लौट रहा था। जब वह शेरकोट में एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे धामपुर के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। काशीपुर के एक अस्पताल में गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

नदी में डूबने से किशोर की मौत : धामपुर, अमृत विचार : गांव सुहागपुर के पास खो नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। गांव सुहागपुर में मोहित गिरी का परिवार रहता है। उनका पुत्र नैतिक गिरी (13) गुरुवार दोपहर डेढ बजे पिता के साथ जंगल से चारा लेने के लिए गया था। तभी नैतिक खो नदी में पहुंच गया। वह नदी में डूब गया। उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कोई पता नही लग सका।

टैंकर से क्षतिग्रस्त प्रतीक्षालय। ● अमृत विचार

प्रतीक्षालय में घुसा टैंकर, चालक हिरासत में

शेरकोट, अमृत विचार : क्षेत्र में नेशनल हाईवे-74 पर मुबारकपुर कुंडा के पास स्थित प्रतीक्षालय में टैंकर घुस गया। इसे प्रतीक्षालय का कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। बताया गया कि अफजलगढ़ से धामपुर की ओर जा रहा टैंकर प्रतीक्षालय में घुस गया। इस दौरान प्रतीक्षालय में कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसके बाद टैंकर चालक फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने पीछा कर टैंकर चालक को खो बैराज से पहले नए पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया। चालक ने टैंकर राजस्थान का बताया और अपना नाम चौखेलाल बताया है।

हापुड़ के कारीगरों ने अपने हुनर का मनवाया लोहा

संवाददाता, हापुड़

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिलखुवा के रामलीला मैदान में जनसभा को किया संबोधित

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हस्तशिल्प के लिए यह क्षेत्र जाना जाता है। यहां का हैंडलूम दिल्ली, गुडगांव, नोएडा और एनसीआर में विख्यात है। यहां के हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपने हुनर का लोहा मनवाया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को पिलखुवा के रामलीला मैदान में अतुल गर्ग के समर्थन में सभा को कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामनवनी से अगले दिन ही उन्हें इस क्षेत्र में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र में संवाद करने के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि पहले चरण का चुनाव कल सम्पन्न हो रहा है। दूसरे चरण में गाजियाबाद, हापुड़ लोकसभा के प्रत्याशी को चुनकर के भेजना है। पूरे देश के अंदर एक ही लहर एक ही स्वर गूंज रहा है। जनता की आवाज आज देश की आवाज बन रही है, वो आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। दिल्ली से मेरठ के बीच 10 लेन का हाईवे बन चुका है। रैपिड रेल का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान है। अभी से तैयारी करो, घर-घर जाकर एक वोट-वोट को संजोने का काम करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री सतेंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, लज्जारानी गर्ग, क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विभू बंसल आदि मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेट्स ने रैली से किया जागरूक

हापुड़, अमृत विचार : चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने एसएसवी इंटर कॉलेज से एनसीसी कैडेट की मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया।

मतदाता जागरूकता रैली मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एसएसवी इंटर कॉलेज से आरम्भ होकर तहसील चौराहे से होते हुए नगर पालिका हापुड़ के परिसर में समाप्त हुई। रैली में एसएसवी इंटर कॉलेज की 150 कैडेट्स, एसएसके इंटर कॉलेज की 50 कैडेट्स तथा चौधरी ताराचंद इंटर कॉलेज की कुल 25 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। एनसीसी कैडेट्स ने रैली के दौरान स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. शैलेंद्र कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर आदि शामिल रहे।

दो किसानों की छह एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, स्वार

- गांव मानपुर की घटना, पीड़ित किसानों ने मांगा मुआवजा

अमृत विचार : दो किसानों की लगभग छह एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। किसानों ने तहसीलदार से मुआवजा दिलाने की मांग की है। मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

तहसील क्षेत्र के गांव मानपुर निवासी किसान रंजीत सिंह की गांव नबीगंज के निकट बथुआ खेड़ा में साढ़े पांच एकड़ जमीन में गेहूं की फसल बोई हुई थी। गुरुवार को किसी शरारती तत्व ने जलती बीड़ी गेहूं के खेत में डाल दी। इससे कुछ ही में गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली।

किसान की गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई। तमाम ग्रामीण खेतों की और दौड़ पड़े और गेहूं की फसल में लगी आग बुझाने का प्रयास करते हुए खेत स्वामी को सूचना दी। इस दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गेहूं की फसल से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं।

आग ने गांव नबीगंज निवासी किसान जसवंत सिंह की चार बीघे में खड़ी गेहूं की फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसानों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दोनों किसानों की खून पसीने से तैयार की गई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने तहसीलदार से जांच करा कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

किसानों की जमीन कब्जाने के 22 मामलों में सुनवाई टली

संवाददाता, रामपुर

- एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में 25 अप्रैल को होगी सुनवाई

अमृत विचार : किसानों को डरा-धमकाकर उनकी जमीन को जबरन कब्जाने के मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन मामलों में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी।

सपा शासनकाल में सपा नेता आजम खां ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर विश्व विद्यालय का निर्माण कराया था। अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय की तर्ज पर मोहम्मद अली जौहर विश्व विद्यालय को बनवाया गया था। सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां और सपाइयों की घेराबंदी कर दी थी। इसमें जौहर ट्रस्ट के पदधिकारियों को भी घेरा गया था। इस दौरान आलियागंज के काफी किसानों ने 2019 में अजीमनगर थाने में तहरीर दी थी।

इसमें आरोप लगाया था कि पूर्व सांसद आजम खां ने सपा की सरकार के समय जमीन का बैनामा कराने का दबाव बनाया था। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीठासीन अधिकारी शोभित बंसल ने सभी 12 आरोपी सपा नेता आजम खां, आले हसन, कुशलवीर, डा. तंजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, निकहत अफलाक, जकी उररहमान सिदद्की, मुश्ताक अहमद सिदद्की, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए थे।

आनंदवीर पर तीन मामलों में आरोप तय हुए थे। इन मामलों में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी।

अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में नहीं हो सकी गवाही

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है। गुरुवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 23 अप्रैल को सुनवाई होगी।

समस्या लोग बोले- मार्ग पर दुर्घटना की रहती है आशंका, जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

जर्जर सड़क पर राहगीरों का आवागमन बाधित

संवाददाता, मुबारिजपुर

अमृत विचार : शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की करोड़ों रुपये से बनीं सड़कें टूटी हुई हैं। जिससे इन सड़कों में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सड़कों से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है। लोग जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने को मजबूर हैं।

गांव दढ़ियाल से तटबंध किनारे जनपद संभल के कस्बा गवां को जाने वाली करीब तीन किलोमीटर की सड़क दो साल से उखड़ी पड़ी है, जिसका कई बार सर्वे कराकर छोड़ दिया। अधिकारियों का ढुलमुल रवैया लोगों को परेशान कर रहा है। गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण पीडब्ल्यूडी ने कुछ समय पहले कराया था, लेकिन ठेकेदारों ने सड़क निर्माण में मानकों का ध्यान नहीं रखा गया। बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से परेशानी हो रही है। क्षेत्र की कई सड़कें टूट चुकी हैं। कई स्थानों पर तो सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। यहां से वाहन ले जाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़कों की खस्ता हालत के चलते आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। रात में दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है।

कुछ इस तरह है सड़क का हाल।

तटबंध किनारे दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क पिछले दो वर्ष से जर्जर हालत में है। प्रशासन को लिखित रूप में इस सड़क की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई।

-विजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान मुबारिजपुर

जर्जर सड़क पर गिरकर राहगीर भी चोटिल हो रहे है। जल्द सड़क का निर्माण किया जाए। सरकार की ओर से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान भी चलाया, लेकिन इसके बाद भी सड़क को ठीक नहीं कराया गया।

-राजपाल सिंह खड़गवंशी

चुनाव के दौर में अनेक नेता आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन अपने वादों को पूरा नहीं किया जाता। जर्जर सड़क के हालात खराब होने के कारण आवागमन बाधित रहता है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

-डॉ. मनोहर

तटबंध किनारे यह सड़क कई गांवों को जोड़ती हुई कस्बा गवां निकलती है। इस सड़क से कई जनपद के राहगीर गुजरते हैं। सड़क की हालत खराब होने के वजह से समस्या आ रही है।

-नंदकिशोर

बिजली के तारों की चिंगारी से गेहूं फसल में लगी आग

मिलक (रामपुर), अमृत विचार : मिलक क्षेत्र के ग्राम पिपला शिवनगर में मंगलवार की शाम को गांव निवासी मोहनलाल के खेत में बिजली के तार से गिरी चिंगारी से आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया था। इस दौरान 19 बीघा गेहूं की फसल और पॉपुलर के तीन वर्ष पुराने 850 पेड़ जल कर राख हो गए थे। इस घटना में किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। पीड़ित ने डीएम से शिकायत करके मुआवजे की मांग की थी।

इसके अलावा बिलासपुर के गांव ताल महावर में बुधवार की सुबह पूर्व प्रधान हफीज खां के खेत में अचानक आग लग गई थी। देखते ही देखते यह आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। वह निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने में जुट गए थे। मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया था। सूचना के घंटों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था

आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का आज फैसला

देश के मूड का आज पहला इम्तिहान 102 सीटें तय करेंगी नया रोड मैप

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, मध्य प्रदेश की छह, बिहार की चार, राजस्थान की 12, पश्चिम बंगाल की तीन, तामिलनाडु की सभी 39 के अलावा अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, छत्तीसगढ़ की 11, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो सीट, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा, लक्षद्वीप व पुडुचेरी अंडमान और निकोबार द्वीप तथा जम्मू-कश्मीर की की एक-एक पर मतदान होगा। इस बार पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। तीन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा के बिप्लव कुमार देब, असम के सर्बानंद सोनोवाल और बिहार के जीनराम मांझी हैं। केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, डॉ. संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव और अर्जुन मेघवाल प्रमुख उम्मीदवार हैं।

जिन 102 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट, उन पर 2019 में स्कोर



मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनौती से निपटने में कांग्रेस के लिए बसपा बन रही स्पीड ब्रेकर

- मध्यप्रदेश में पहले चरण की अन्य सीटों में सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के राजेश मिश्र और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को बसपा के पूजनराम साकेत चुनौती दे रहे हैं। शहडोल भाजपा की हिमाद्रि सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को के मुकाबले बसपा से धनीराम कोल मैदान में हैं। जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के सीधे मुकाबले को बसपा के राकेश चौधरी त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत हैं। बालाघाट में भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के कांग्रेस के अशोक सिंह सरस्वार के साथ कंकर मुंजारे की चुनौती से निपटना पड़ रहा है।

गडकरी को जीत की हैट्रिक में नहीं दिख रही कोई मुश्किल बड़ी

महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीसरी बार मैदान में हैं। गडकरी के खिलाफ कांग्रेस से निधायक विकास ठाकरे उतरे हैं। 2014 में गडकरी ने सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी की जीत की हैट्रिक जानकार आसान मान रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप पर घेर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने जातीय समीकरण के आधार पर भी गडकरी को घेरने का प्रयास कर रहा है।

08% महिला प्रत्याशी ही पहले चरण में चुनाव मैदान में

77 भाजपा प्रत्याशी पहले चरण में लड़ रहे चुनाव, कांग्रेस के 56 प्रत्याशी

86 सबसे ज्यादा उम्मीदवार पहले चरण में बसपा से उतरे हैं मैदान में

रिजिजू के लिए आसान नहीं नजर आ रहा जीत का चौका लगाना

- अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। किरेन रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। रिजिजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। माना जा रहा है कि रिजिजू को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजु अब तक इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें तीन बार बिजयी रहे हैं।

जितेंद्र सिंह विकास के सहारे तीसरी बार

- जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता और मोदी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ .जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से वह लगातार दो बार से चुनाव जीत चुके हैं। जितेंद्र सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा ने इलाके के विकास को मुद्दा बनाया है, जबकि कांग्रेस विकास के दावों को झूठा बताने के साथ अग्निवीर भर्ती को मुद्दा बना रही है। मोदी, योगी, राजनाथ, अनुराग ठाकुर के मुकाबले यहां सचिन पायलट, राजबब्बर, उमर अब्दुल्ला प्रचार कर गए हैं।

51 सीटों पर अन्य दलों ने 2019 में पहले चरण की कुल 91 सीटों पर हुए चुनाव में कब्जा जमाया था। 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं।

यूपीए और मोदी सरकार के मंत्रियों राजा और मुरुगन के बीच दिलचस्प जंग

- बागवानी और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर मोदी सरकार के मंत्री और मनमोहन सरकार में मंत्री रह चुके दो नेताओं के बीच मुकाबला है। यहां डीएमके से पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं, जिनके खिलाफ भाजपा की मोदी सरकार में मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन ताल ठोंक रहे हैं। ए राजा इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। पिछली बार एआईएडीएमके के प्रत्याशी त्यागराजन को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया था। मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

चेन्नई साउथ : त्रिकोणीय संघर्ष में पूर्व राज्यपाल दे रहीं डीएमके को चुनौती

- चेन्नई को डीएमके का गढ़ माना जाता है। यहां तीन सीटें चेन्नई साउथ, चेन्नई सेंट्रल और चेन्नई नार्थ हैं। चेन्नई साउथ सीट से पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वह मार्च तक तेलंगाना की राज्यपाल थीं। सुंदरराजन 2019 में थुथूकोडी सीट से लड़ी थीं लेकिन डीएमके की कनिमोड़ी से हार गई थीं। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था। सुदरराजन 2014 से 2019 तक तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सुंदरराजन के सामने दो मजबूत प्रत्याशी हैं। डीएमके के मौजूदा सांसद थमिजाची थंगापांडियन और एआईडीएमके से उतरे जयवर्धन। जयवर्धन 2014 में चेन्नई साउथ से जीते थे। 2019 में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट पर डीएमके को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, इसकी वजह बाढ़ के दौरान हुई लोगों की परेशानी है। एआईडीएमके और भाजपा प्रत्याशी सुंदरराजन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में जुटे रहे।

कोयंबटूर में कितना कमाल दिखा पाएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई

- तमिलनाडु के कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई मैदान में उतरे हैं। यहां उनका सामना डीएमके नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है। इस सीट पर वामपंथी दलों का प्रभाव भी है। 2019 के चुनाव में माकपा के पीआर नटराजन जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की सभाओं में आने वाली भीड़ उनके समर्थन का इशारा कर रही है। इसी तरह राज्य की शिवगंगा लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति इस पर 2014 में चुनाव हार गए थे। लेकिन 2019 में जीते थे।

कहीं इस बार भी मंझधार में ही न रह जाएं जीतन राम मांझी

- बिहार की गया सुरक्षित सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी पिछले दो चुनाव इस सीट से हार चुके हैं। इस बार उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए वोट मांग गए हैं। मांझी का सीधा मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से हैं। सर्वजीत बोध गया विधानसभा सीट से विधायक हैं। नीतीश-तेजस्वी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। जातीय आधार के मुताबिक इस सीट पर माझी की जाति महादलित के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर दुसाध यानी पासवान है, राजद के सर्वजीत इसी बिरादरी से आते हैं।

निशीत प्रमाणिक को कूच बिहार सीट जीतने से रोकने में जुटी टीएमसी

- कूच बिहार लोकसभा सीट पर भाजपा के निशीत प्रमाणिक का सीधा मुकाबला तृण मूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बसुनिया से है। पिछली बार प्रमाणिक इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीतने में सफल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट पर सभाएं कर गई हैं। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशी राजबंशी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे, जिनकी इस सीट पर 40 फीसदी से अधिक आबादी है।

चेन्नई सेंट्रल में दयानिधि मारन के सामने जीत का अंतर बचाना चुनौती

- चेन्नई सेंट्रल सीट से डीएमके से उतरे दयानिधि मारन को भाजपा के विनोज पी सेल्वम के साथ डीएमडीके के प्रत्याशी पार्थसारथी की चुनौती से पार पाना पड़ रहा है। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके दयानिधि मारन का इस लोकसभा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है। 2019 में मारन यहां से करीब साढ़े चार लाख मतों से चुनाव जीते थे। हालांकि 2014 में एआईएडीएमके के एसआर विजयकुमार ने दयानिधि मारन को हरा दिया था। भाजपा ने इस बार 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रही पीएमके को राजग गठबंधन में जोड़कर मारन के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते को मरकाम से मिल रही तगड़ी टक्कर

- मंडला में भाजपा ने छह बार के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों नेता 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं, तब मरकाम को हार मिली थी। उधर, कुलस्ते इस सीट से केवल एक बार 2009 में हारे थे। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में मंडला लोकसभा की निवास सीट से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस काबिज है, तीन पर भाजपा जीती थी। इसके चलते लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कुलस्ते को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

डिब्रूगढ़ ले रहा केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की कड़ी परीक्षा

- असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। भाजपा ने इस बार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह सोनोवाल को यहां से मैदान में उतारा है। कांग्रेस से मनोज धनोवर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। डिब्रूगढ़ सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दोनों दलों का घमासान देखने को मिला। जानकर यहां मुकाबला नजदीकी मान रहे हैं।

जोराहट में गौरव गोगोई को जोर लगाने पर भी छूट रहा पसीना

- असम में कांग्रेस ने इस बार सीट बदलकर अपने नेता गौरव गोगोई को जोराहट सीट से मैदान में उतारा है। वह पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के तपन कुमार गोगोई जीते थे। वह इस बार भी यहां कमल खिलाने में लगे हैं। इसके चलते गौरव गोगोई को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इस सीट पर अहोम समुदाय के मतदाता ज्यादा हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी इसी समुदाय से आते हैं।

एक अकेला छिंदवाड़ा क्या इस बार भी बनेगा कांग्रेस का सहारा

- मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा अकेली लोकसभा सीट जिस पर 2019 के चुनाव में कांग्रेस जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा से भाजपा ने विवेक बंटी साहू को उतारा है, जो इस बार पार्टी नेताओं का जोरदार समर्थन मिलने से नकुल नाथ के सामने जमकर चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। 1997 को छोड़कर कांग्रेस यहां से बराबर जीतती रही है। लेकिन इस बार कमलनाथ ऐसा फंसे हैं कि राज्य की अन्य सीटों पर प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा नगीना इस बार चुनेगा किस दल की अंगूठी

मतदान से पहले बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई रोचक और दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अपनी आजाद समाज पार्टी से मैदान में उतरे युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद ने मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है। यहां दलित और मुस्लिम वोटों पर घमासान मचा है, जो संख्या में लगभग बराबर हैं। भाजपा से इस सीट पर नहटौर के विधायक ओम कुमार को रालोद का भरपूर समर्थन मिलने के बाद भी चुनाव निकालने में पसीना छूट रहा है। इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल भी जमकर ताल ठोंक रहे हैं। पिछली बार इस सीट पर बसपा जीती थी। लेकिन यहां के सांसद गिरीश चंद्र इस बार बसपा से ही बुलंदशहर से चुनाव लड़ रहे हैं।

रामपुर में मुकाबला सीधा या तिकोना इसी पर टिकी हैं जीत की उम्मीदें

रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता मो. आजम खान का दबदबा रहा है, लेकिन वह इस बार जेल में हैं, तो नवाब खानदान भी चुनाव से दूर है। हालांकि पूर्व सांसद बेगम नूर बानो कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार के साथ हैं, तो उनके पौत्र हमजा मियां भाजपा में शामिल होने के बाद कमल खिलाने में लगे हैं। 2019 में आजम खान ने इस सीट पर भाजपा से उतरीं पूर्व अभिनेत्री जयाप्रदा को हराया था। 2002 में विधायक का चुनाव लड़ने के लिए सांसदी छोड़ दी थी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी विजयी रहे थे। भाजपा ने उन्हें ही दोबारा मैदान में उतारा है। सपा से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खान भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील महबूब प्राचा भी मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इस सीट पर ध्रुवीकरण होने की स्थिति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

कैराना में सपा की इकरा हसन ने मेहनत से भाजपा को दी चुनौती

कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन से इकरा हसन और बसपा से धर्म सिंह सैनी मुकाबले में हैं। यहां चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी तीनों दल जातीय समीकरण साधने में जुटे रहे। भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी गुर्जर हैं और इस सीट पर भाजपा के कोर वोट के साथ डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर मतदाता का उन्हें समर्थन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पलायन की याद दिलाकर पार्टी वोटों को लामबंजद कर गए हैं। ऐसे में सपा और बसपा में मुस्लिम वोट पाने के लिए होड़ मची है। लेकिन सपा की युवा प्रत्याशी इकरा हसन ने जिस तरह गांव-गांव जाकर मेहनत की है, उसने माहौल उनके पक्ष में मोड़ा है। इकरा की मां पिछली बार इस सीट से चुनाव हार गई थीं। जानकारों के मुताबिक राजनीतिक परिवार से आने वाली इकरा भाजपा को चुनौती देने में सफल होती दिख रही हैं। उनके पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं वह दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट की जुगत में लगी हैं।

सहारनपुर में मसूद को भाजपा से सीधे मुकाबले में आने से रोक रही बसपा

सहारनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का मुकाबला कांग्रेस-सपा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली से है। यहां प्रचार थमने से पहले प्रियंका गांधी ने रोड शो के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। 2014 में यहां भाजपा जीती थी, लेकिन 2019 में राघव लखनपाल बसपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बसपा के दलित वोट बैंक में सेंध लगा दी है। चार दिन पहले ही बसपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट पर मतदाताओं में जोश भर गए थे। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद वोट के समीकरण साधकर सीधी लड़ाई में चुनाव जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो भाजपा बसपा प्रत्याशी माजिद अली के मुस्लिम वोट बांटने से राहत की सांस ले रही है।

पीलीभीत में जनता ले रही भाजपा की रणनीति का कड़ा इम्तिहान

पीलीभीत लोकसभा सीट पर वरुण गांधी का टिकट काटने के बाद भाजपा ने पूरी ताकत लगाई है। यहां से भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी तीन बार आए हैं। भाजपा प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी प्रचार में दिन-रात एक किए रखा। यहां करीब 17.40 लाख मतदाताओं में ओबीसी 34 प्रतिशत, दलित 17 प्रतिशत के साथ मुस्लिम करीब 24 प्रतिशत निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सपा के टिकट पर उतरे बरेली जिला में नवाबगंज सीट से पांच बार के विधायक भगवत शरण गंगवार प्रचार में वरुण गांधी के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरते रहे। उनके समर्थन में अखिलेश यादव सभा कर गए हैं। बसपा भी पीलीभीत के मुकाबले में पीछे नहीं कही जा सकती है। पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशी अनीस अंसारी के समर्थन में जनसभा करने आयी थीं। जानकारों का मानना है कि भाजपा यहां हिंदुत्व और राम के मुद्दे को आगे करके जीत के लिए ध्रुवीकरण कराने की कोशिश में है।

मिलेगी जीत हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री निशान बनाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

आज मतदान पहले चरण में जिन 12 सीटों पर मतदान, उनमें पांच पर भाजपा ने उतारे हैं नए चेहरे, हाई प्रोफाइल सीटों बीकानेर व अलवर में दो केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

राजस्थान में प्रत्याशी बदलने वाली सीटों पर मुकाबले में फंसी भाजपा

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। राजस्थान में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की तरफ देख रही है। राज्य में लोकसभा चुनाव -2024 के पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर और ग्रामीण, दौसा तथा नागौर में शुक्रवार को मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इन एक दर्जन में पांच लोकसभा सीटों भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, नागौर और चूरू पर सबकी नजर हैं, इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर भाजपा ने मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर मुकाबले का जोर लगा रखा है।

भरतपुर सीट प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है। यहां जाट आरक्षण का मुद्दा गर्म है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और कांग्रेस से संजना जाटव में मुकाबला है। यहां करीब पांच लाख जाट मतदाता हैं।

दौसा में कांग्रेस ने विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा है। वह यहां से सांसद रहे सचिन पायलट के करीबी हैं। भाजपा से पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद भी यहां भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा विधायक रहे भजन लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा यहां भाजपा से प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खच्चरिया वास हैं।

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल कांग्रेस-आरएलपी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। पिछली बार एनडीए से गठबंधन में वह जीते थे। उनका मुकाबला पिछली बार कांग्रेस से प्रत्याशी रहीं भाजपा की ज्योति मिर्धा से है। ज्योति दिग्गज कांग्रेस नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। वह हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थीं। यह सीट भी सीधे मुकाबले में फंसी है। चुरु सीट भाजपा का गढ़ है। लेकिन भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। अब वे कांग्रेस से मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया से है। मोदी यहां सभा कर गए हैं। भाजपा प्रतिष्ठा लगाए है, लेकिन कस्वां की चुनौती कम नहीं है। मुकाबला रोचक हो गया है।

2024 में भी सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप हैट्रिक की तरफ देख रही है भाजपा

अर्जुनराम मेघवाल की स्थिति मजबूत, पर भूपेंद्र यादव को मिल रही कांग्रेस विधायक से चुनौती

- बीकानेर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल फिर से मैदान में हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस से पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल प्रत्याशी हैं। अर्जुनराम मेघवाल यहां से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में यहां से फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सांसद चुने गए थे। अर्जुनराम की इस सीट पर स्थिति मजबूत मानी जा रही है।
- इसी तरह अलवर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक और दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है। कांग्रेस से युवा विधायक ललित यादव सामने हैं। 2019 में यहां से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीता था। यादव बहुल सीट है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवार यादव हैं। मुकाबला दिलचस्प है। भूपेंद्र यादव मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए समर्थन जुटा गए हैं, लेकिन ललित यादव वोटों में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

अपनी ढपली अपना राग

मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। मोदी को किसान, गरीब मजदूरों की नहीं बल्कि अदाणी-अंबानी की चिंता है।

– प्रियंका गांधी

वह वायनाड को अपना परिवार बता रहे, हिंदी में कहावत है कि लोग रंग बदलते हैं, लेकिन परिवार बदलते पहली बार देखा।

– स्मृति इरानी

भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। फेयर चुनाव हुआ और गड़बड़ी नहीं हुई तो जुमलेबाजी, गारंटी वाली बातें कुछ काम नहीं आने वाली।

– मायावती

जिन्होंने भाजपा को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाई? यह दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है।

– राहुल गांधी

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज आईसीयू में हैं और जनता दोनों ही पार्टियों को ऑक्सीजन देने के लिए तैयार नहीं हैं।

– केशव प्रसाद मौर्य

तीन स्तरों से प्रेक्षक रखेंगे मतदान पर नजर

7582 मतदेय स्थलों पर होगी वेबकास्टिंग | **1510** मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी होगी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग होगी। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3571 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4083 भारी वाहन, 5058 हल्के वाहन व 65380 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों-पुलिस बलों के तैनाती में आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन मुरादाबाद व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन बरेली में रहेगी।

111 आदर्श मतदेय स्थल

पहले चरण में चरण में कुल 111 आदर्श मतदेय स्थल, 45 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 36 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल व 32 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

सबसे अधिक प्रत्याशी कैराना में

कुल 80 प्रत्याशियों में सात महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना क्षेत्र में हैं व सबसे कम प्रत्याशी नगीना (अजा) व रामपुर निर्वाचन क्षेत्र में हैं, जहां छह-छह प्रत्याशी हैं।

सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद में, नगीना में कम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मुरादाबाद व सबसे कम मतदाता नगीना (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कैराना से 14 प्रत्याशी व कुल मतदाताओं की संख्या 17,22,432 है, जिसमें पुरुष 9,21,832, महिला 8,00,504 तथा थर्ड जेन्डर 96 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1750 मतदेय स्थल है। मुजफ्फरनगर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,17,472 है, जिसमें पुरुष 9,68,869, महिला 8,48,460 तथा थर्ड जेन्डर 143 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1698 मतदेय स्थल हैं। बिजनौर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,38,307 है, जिसमें पुरुष 9,23,530, महिला 8,14,693 तथा थर्ड जेन्डर 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1837 मतदेय स्थल है। नगीना (अ0जा0) से छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 16,44,909 है, जिसमें पुरुष 8,72,364, महिला 7,72,485 तथा थर्ड जेन्डर 60 है।

इलेक्शन बॉयस्कोप

लखनऊ : चुनाव के प्रचार का जोर और शोर भले दिखायी, सुनायी न दे रहा हो, लेकिन, राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री बेचने वाली दुकानें पूरी तरह सजी-धजी नजर आ रहीं हैं। दरअसल, लखनऊ की ऐसी दुकानों से आसपास के जिले से आकर भी अलग-अलग पार्टियों के समर्थक झण्डा-बैनर खरीद कर ले जाते हैं। अमृत विचार

भविष्यवाणियों पर भी मुहर लगाएगा वेस्ट यूपी का वोटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न होगा। इस चरण में पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली आठ सीटों पर एनडीए मजबूती से ताल ठोक रहा है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव में इन 8 सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा था। हालांकि, विभिन्न चैनलों के ओपिनियन पोल में इस बार इन सभी 8 सीटों पर अलग-अलग तरह की भविष्यवाणी की जा रही है। एनडीए के लिए हो रही भविष्यवाणी के पीछे डबल इंजन की सरकार द्वारा हर तबके और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। खासतौर पर राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को जिस तरह बिना लीकेज जन-जन तक पहुंचाया है, उसके चलते समझा जा रहा है कि मतदाताओं के मन मे एनडीए की सकारात्मक छवि बनी है। वहीं, कहीं युवाओं का मन टटोल कर तो कहीं जात-बिरादरी और उम्मीदवार को लेकर छायी नाराजगी के बहाने सपा-कांग्रेस गठबंधन का वजन बढ़ा बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि, क्षेत्रीय स्तर पर गुटबंदी का फायदा विपक्ष को भी मिल सकता है। बहरहाल, भाजपा को उप्र. में अपने सबसे बड़े स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। इन सभी सीटों पर वह तूफानी रैलियां कर चुके हैं। उन्होंने भी भविष्यवाणी की थी कि पहले ही चरण से एनडीए अपने विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल कर लेगा।

- पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की 8 सीटों में से 4 पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा

57 वर्षों के इतिहास में 9 सांसदों ने किया है अमेठी का प्रतिनिधित्व

3 सांसद रहे अपराजित, 6 को मिल चुकी है पराजय

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। अमेठी लोकसभा के चुनावों में तीन सांसद ही ऐसे हुए हैं जिनको अमेठी की जनता ने कभी हार का स्वाद नहीं चखाया। अब तक हुए 09 सांसदों में तीन ही अजेय रहे हैं, बाकी के 06 सांसद ऐसे रहे हैं जिन्हें कभी ना कभी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट का 57 वर्षों का इतिहास देखें तो अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं, जिसमें विजयी हुए 09 सांसदों ने अब तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया है। विद्याधर बाजपेई, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ही ऐसे सांसद हैं जो अमेठी में अजेय रहे। 1967 में सबसे पहले कांग्रेस से विद्याधर बाजपेई सांसद बने। उन्होंने 1971 का भी चुनाव जीता। इसके बाद उन्होंने चुनाव भी नहीं लड़ा। दोनों चुनाव जीतने से अमेठी के पहले सांसद रहे विद्याधर बाजपेई अजेय रहे। संजय गांधी के निधन के बाद अमेठी आए राजीव गांधी ने 1981, 1984, 1989 और 1991 में चुनाव जीतकर लगातार 10 वर्षों तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें भी कभी पराजय का सामना नहीं करना पड़ा। अमेठी के अजेय योद्धाओं में उनका नाम लिया जाता है। सोनिया गांधी ने अमेठी से सिर्फ 1999 में ही चुनाव लड़ा। और जीतने के बाद वो रायबरेली चली गई। जिससे उन्हें भी कभी अमेठी में हार नहीं मिली। इसके अलावां रवींद्र प्रताप सिंह, संजय गांधी, सतीश शर्मा, संजय सिंह, राहुल गांधी व स्मृति इरानी ऐसे सांसद हैं जिन्हें जीतने के बाद या फिर पहले पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

ये सांसद रहे अपराजित

1967, 71	विद्याधर वाजपेई
1981, 84, 89, 91	राजीव गांधी
1999	सोनिया गांधी



इन सांसदों को मिल चुकी है हार

वर्ष	हारे सांसद	कितने वोटों से मिली हार
1977	संजय सिंह	75844
1980	रवीन्द्र प्रताप सिंह	128545
1998	सतीश शर्मा	23270
1999	संजय सिंह	300012
2014	स्मृति इरानी	107903
2019	राहुल गांधी	55120

लोस चुनाव का शोर, रायबरेली में अभी नहीं पकड़ रहा जोर

कांग्रेसियों को प्रियंका के आने की उम्मीद | **भाजपा खेमा रुको-देखो की रणनीति पर**

दिलीप सिंह, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सियासी हलचल बढ़ने लगी है। रायबरेली सीट पर गांधी परिवार ने प्रियंका को उतरने के संकेत भी दे दिए है। वहीं, भाजपा अभी भी कांग्रेस के पत्ते खोलने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रत्याशी रह चुके अधिवक्ता अजय अग्रवाल, पूर्व सांसद व हाई कोर्ट के अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह लोगों के बीच जाकर मजबूत अपनी-अपनी दावेदारी की पेशबंदी कर रहे हैं। इसके अलावा कई और नामी-गिरामी हस्तियां भी दावेदारी करते नजर आ रहीं हैं।

दूसरी ओर बसपा की बात करें तो अभी भी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। संभवतः उसे भी पहले कांग्रेस से उम्मीदवार के सामने आने का इंतजार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि स्थानीय जनता भी कांग्रेस उम्मीदवार की सूरत स्पष्ट होने को बेकरार है। वीआईपी सीटो में शुमार कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली सीट पर लगातार सोनिया गांधी ने चार बार जीत दर्ज की है, जबकि इससे पहले भी कांग्रेसी ही ज्यादातर जीत दर्ज कराते रहे। नेहरू गांधी परिवार से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवारों की जीत होती रही है। इस बार जहां देश मे इंडिया बनाम एनडीए के मध्य चुनाव हो रहा है। दोनों गठबंधन अपने अपने मुद्दे लेकर जनता के बीच जा रहे है।

इन सबके बीच अभी तक रायबरेली में भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों को लेकर पत्ते नही खोले है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के ताक में है, जबकि 26 अप्रैल से नामांकन भी होने है। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद अब कांग्रेस से किसी नए चेहरे का आना तय है। ऐसे में पार्टी के पदाधिकारियों की माने तो पार्टी की तेज तर्रार नेता सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार रायबरेली से अपनी सियासी पारी का आगाज कर सकती है। प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साहित है, लेकिन जमीनी स्तर पर चुनाव का माहौल काफी सुस्त है। वही भाजपा की ओर से भी अभी तक किसी के नाम की घोषणा नही कि गई है। उप्र. की दो सीटें जहां पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी नही उतारे है उनमें एक सीट रायबरेली भी है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर सोनिया गांधी के सामने सियासी ताल ठोंकने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को जीत तो नही दिला सके बल्कि कांग्रेस की रिकार्ड जीत को जरुर कम किया था। इस बार भी वह तेजी से अपने समीकरण बनाने में जुटे है, लेकिन अभी किसी के नाम की घोषणा नही हुई है।

1952 से अब तक सिर्फ तीन बार चुनाव हारी है कांग्रेस

उप्र में रायबरेली का जिक्र आते ही मस्तिष्क में वीआइपी जिले का नक्शा आ जाता है। कारण भी साफ है क्योंकि इसी सीट से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी लड़ चुकी हैं। वह जीतीं भी और उन्हें खाटी समाजवादी राजनारायण के हाथों हारना भी पड़ा। यह वही सीट है जहां नेहरू-गांधी परिवार की दो पीढ़ियों का सीधा नाता रहा है। इतना ही नहीं, इस परिवार ने जिसे भी यहां से खड़ा किया उसने जीत का परचम फहराया। इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है क्योंकि जब उप्र. में इस दल का सूपड़ा साफ हो गया तो इसी जिले ने लाज भी बचाई। 1952 से लेकर 2014 तक की चुनावी तस्वीर बताती है कि, सिर्फ तीन बार कांग्रेस हारी है। जबकि, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी, शीला कौल, अरुण नेहरू, सतीश शर्मा जैसी बड़ी हस्तियां यहां से चुनाव जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच चुकी हैं।

आईना : रायबरेली लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
सोनिया गांधी	534,918
दिनेश प्रताप सिंह	367,740



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	सोनिया गांधी	526,434
भाजपा	अजय अग्रवाल	173,721
बसपा	प्रवेश सिंह	63,633
एएपी	अर्चना श्रीवास्तव	10,383

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952,57	फिरोज गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1960	आरपी सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	बैजनाथ कुरील	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	इंदिरा गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	इंदिरा गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	राज नारायण	जनता पार्टी
1980	इंदिरा गांधी व अरुण नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	अरुण नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989 व 91	शीला कौल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1996 व 98	अशोक सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2004,06,09,14 व 19	सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

2014 नोटा 5,409 | 2019 नोटा 10,252

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	सोनिया गांधी	481,490
बसपा	आरएस कुशवाह	1,09,32
बीजेपी	आरबी सिंह	25,444

2024

कुल मतदाता - 2139284
पुरुष मतदाता - 1116539
महिला मतदाता- 1022706



सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसी, हम विकास की पॉलिसी : योगी

योगी ने बुलंदशहर, मेरठ और गाजियाबाद में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित | **गौतमबुद्ध नगर, मेरठ-हापुड़ और गाजियाबाद सीटों पर रैली कर भाजपा प्रत्याशियों का किया प्रचार**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिमी उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा, मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल और गाजियाबाद सीट से पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में चुनावी जनसभाएं कीं। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस, सपा और बसपा रही।

भाजपा मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, जनसभाओं उन्होंने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या में राम के भव्य सूर्य तिलक को देख हर कोई अभिभूत रह गया। उन्होंने सवाल भी पूछा कि अगर कांग्रेस, सपा या बसपा की सरकार होती तो क्या अयोध्या में राम का भव्य मंदिर बन पाता। योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से तबाह हो रहे पाकिस्तान की दुर्दशा का भी जिक्र किया, कहा कि एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को पिछले चार साल से मुफ्त राशन दे रहा है और अगले 5 साल तक देता रहेगा, वहीं 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं।

बुलंदशहर में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए आयोजित रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को ''राम-राम'' और माफिया-अपराधियों के लिए ''राम नाम सत्य'' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। सीएम योगी ने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



मेरठ में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट करते मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल।

आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट के लिए किठौर में प्रचार की कमान संभालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए। लेकिन आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है। भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं।

चुनावी चक्कर

- **मिशन 80 साधने को खुद मोर्चा संभालेंगे मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में फिर चुनावी माहौल गरमाने को रुहेलखंड में कई रैलियां करेंगे। 26 अप्रैल को मोदी बरेली में भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी बीच, शाम को प्रधानमंत्री करीब एक घंटे जनता के बीच होंगे। जबकि, इससे एक दिन पहले 25 अप्रैल को बदायूं और शाहजहांपुर में उनकी चुनावी रैलियां होनी हैं। मोदी के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। बरेली के भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे प्रधानमंत्री बरेली में रोड शो की शुरुआत करेंगे। वह करीब एक घंटे तक बरेली में रहेंगे। राम मंदिर के लोकार्पण के बाद मोदी पहली बार बरेली आएंगे। ऐसे में इस रोड शो में उनका आभार भी प्रकट किया जाएगा।
- **चौराहे पर संवाद किया और हो गई एफआईआर :** मछली शहर लोकसभा से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जौनपुर के मड़ियाहूं में मुकदमा दर्ज हुआ है। इस पर प्रिया का तर्क है कि जब से उन्हें चुनाव मैदान में उतारा गया है तब से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। यही कारण है कि नियमों का पालन करते हुए जनसंपर्क किए जाने पर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल, मड़ियाहूं कोतवाली के सामने गांधी तिराहे पर जनसंपर्क के दौरान उन्होंने संवाद किया था। आरोप है कि इसकी पूर्व अनुमति नहीं ली गई। इसलिए उड़ान दस्ता टीम ने उन पर कार्रवाई करा दी। बहरहाल, प्रिया सरोज कहतीं हैं कि भाजपा लाख कोशिश कर ले, लेकिन वह डरने वाली नहीं। वहीं प्रिया सरोज के पिता मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के चलते वहां पर कुछ लोग एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम में सपा का तो कोई कार्यकर्ता ही नहीं था।

प्रधान शिक्षिका ने सहायक शिक्षिका को दांत से काटा, दोनों निलंबित

विद्यालय में फेशियल कराने का वीडियो बनाने पर हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार : बीघापुर तहसील व ब्लाक क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका का फेशियल कराते हुए वीडियो बनाना न सिर्फ सहायक शिक्षिका को महंगा साबित हुआ। बल्कि, बीएसए ने दोनों को निलंबित भी कर दिया है। दोनों शिक्षिकाओं के बीच तहसीलदार द्वारा निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षिका को अनुपस्थित दर्शाए जाने को लेकर बीते एक माह से तनातनी चली आ रही थी। बीईओ शुची गुप्ता ने बताया कि जांच आख्या भेजते हुए शिक्षिकाओं को निलंबित करने की संस्तुति भेजी है।

बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के दुंदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की सहायक शिक्षिका एक अन्य

चोटें दिखाती सहायक शिक्षिका।

सहयोगी शिक्षिका विज्ञानकी से फेशियल करा रही प्रधान शिक्षिका का वीडियो बना रही थी। सहयोगी शिक्षिका को वीडियो बनाते देख प्रधान शिक्षिका ने उसे डिलीट कराने का दबाव बनाया। इस दौरान दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। एक शिक्षिका ने दूसरे के शरीर

- **एक शिक्षिका ने दूसरे के शरीर को जगह-जगह दांतों से काटकर किया लहुलुहान**

को जगह-जगह दांतों से काटकर लहुलुहान कर दिया। यह बात शिक्षकों के बीच से आम लोगों के बीच ही नहीं बीएसए संगीता सिंह तक पहुंच गई। उन्होंने बीईओ को विद्यालय पहुंचकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बीईओ विद्यालय पहुंचती, इससे पहले ही दोनों शिक्षिकाएं बीघापुर थाने पहुंचकर अपनी-अपनी तहरीर दे चुकी थीं। सीओ बीघापुर माया राय ने बताया कि इस मामले में विधिक करवाई की जा रही है। वहीं, बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि दोनों शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच बीईओ सिकन्दरपुर सरोसी को सौंपी गई है।

सपना चौधरी को मिली बड़ी राहत

लखनऊ, विधि संवाददाता : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गायिका सपना चौधरी को बड़ी राहत देते हुए, उनके पासपोर्ट के नवीनीकरण पर विचार का आदेश रीजनल पासपोर्ट

ऑफिसर को दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने सपना चौधरी की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से पासपोर्ट नवीनीकरण का निर्देश देने संबंधी एक प्रार्थना पत्र अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की कोर्ट में उसके द्वारा दिया गया था। हालांकि उक्त प्रार्थना पत्र निचली अदालत ने खारिज कर दिया। याची की ओर से दलील दी गई कि पासपोर्ट नवीनीकरण में बाधा आने के कारण वह विदेश नहीं जा पा रही है। न्यायालय ने सपना चौधरी को 20 दिनों में नवीनीकरण के लिए प्रार्थना पत्र देने का आदेश दिया।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **बिजनौर में मध्य गंगा नहर चरण-द्वितीय परियोजना में अनुबंध को लेकर हुआ था विवाद**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनावश्यक मुकदमेबाजी को बढ़ावा देने पर राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि निरर्थक मुकदमेबाजी के मामलों में जुर्माना लगाना केवल एक दंडात्मक उपाय नहीं है बल्कि न्यायिक प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने और कानूनी प्रक्रियाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक उपकरण है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि जुर्माने के प्रावधानों को तुच्छ मुकदमेबाजी के लिए एक निवारक के रूप में अपनाना चाहिए।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि जहां मुकदमेबाजी तुच्छ और कष्टप्रद होती है, वहां जुर्माना लगाकर अदालतें कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने और वैध दावेदारों की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के बीच संतुलन बनाती हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल याचिका को 5 लाख के जुर्माने के साथ खारिज करते हुए की। न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर कोर्ट ने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को जुर्माने की राशि आदेश के चार हफ्तों के भीतर विपक्षी राजवीर सिंह को देने का निर्देश दिया है। दरअसल सरकार और विपक्षी के बीच बिजनौर में मध्य गंगा नहर चरण-द्वितीय परियोजना के तहत मुख्य नहर से 5.355 किलोमीटर पर क्रॉस ड्रेनेज के निर्माण के लिए एक अनुबंध किया गया था।

उपरोक्त अनुबंध में पक्षकारों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया, जिससे वर्तमान मामला उत्पन्न हुआ। वर्तमान याचिका में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिजनौर और वाणिज्य न्यायालय, मुरादाबाद के आदेशों को चुनौती दी गई है।

सार-संक्षेप

कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक को मिली आंशिक राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के आचार संहिता उल्लंघन मामले को भूपेश बघेल के मामले के साथ आगामी 23 अप्रैल को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है और मुकदमे की अगली सुनवाई तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने पंखुड़ी पाठक की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार वर्ष 2022 में चुनाव प्रचार के दौरान कोविड और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर नोएडा विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने कोतवाली सेक्टर 113 पुलिस से शिकायत की कि आदर्श आचार संहिता लागू है लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पांच से अधिक व्यक्तियों के साथ घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। इसके बाद 16 जनवरी 2022 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं और महामारी रोग अधिनियम की धारा 3 के तहत भूपेश बघेल और पंखुड़ी पाठक के साथ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन सेक्टर 49 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बृहस्पतिवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 14 मार्च 2024 को याची और भूपेश बघेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था और भूपेश बघेल को अंतरिम राहत पहले ही मिल चुकी है।

बेटे के जन्मदिन पर पिता ने लगायी फांसी

फर्रुखाबाद,एजेंसी : जिले के राजेपुर क्षेत्र में गुरुवार को एक व्यक्ति ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर कथित रुप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम बदनपुर निवासी अरविंद उर्फ अभय प्रताप सिंह (36) दिल्ली में नौकरी करता था और उसकी पत्नी फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसैनी में अपने सात वर्षीय पुत्र सोना के साथ किराए पर रह रही थी। दो दिन पहले अरविंद घर आया था। आज तड़के अपनी पत्नी से अपने घर ग्राम बदनपुर जाने की कहकर निकाला था। इसके बाद ग्राम बदनपुर समीपवर्ती एक खेत में खड़े पेड़ पर उसका का शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की ,लेकिन आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है।

16 सीटों के लिए कांग्रेस के मीडिया प्रभारी नियुक्त

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस ने 16 लोकसभा सीटों के लिए अलग-अलग मीडिया प्रभारी नियक्त किये हैं। कानपुर के एडवोकेट प्रदीप सिंह व प्रेम नारायण पाल, रायबरेली के लिए सुशील पासी व सुधा मिश्रा, अमेठी के लिए पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, सीतापुर के लिए प्रियंका गुप्ता व सचिन रावत मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं। इसके अलावा आगरा लोकसभा के लिए सैयद इब्राहिम हुसैन जैदी व फतेहपुर सीकरी के लिए पवन कुमार शर्मा मीडिया कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

प्रश्नपत्र लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल दो आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का प्रिंटिंग प्रेस से संपर्क बताया जा रहा है। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सहित 12 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।एसटीएफ मेरठ इकाई ने गुरुवार की शाम चार बजे मोदीपुरम फ्लाइओवर पल्लवपुरम से अजीत चौहान और अजय कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो प्रश्नपत्र की प्रति, एक उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल और एक ब्लैक स्कार्पियो बरामद की गई है। एसटीएफ अफसरों का कहना है कि पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में इन दोनों अभियुक्तों के नामों का पता चला था। गौरतलब हो कि प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ ने दीप उर्फ दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन कुमार, साहिल, अभिषेक शुक्ला, शिवम गिरि, रोहित पांडेय, सतीश धनकड़, राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री को गिरफ्तार किया है। पेपर लीक मामले में अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

बाराबंकी में ट्रेन के आगे कूद प्रेमी युगल ने दी जान

संवाददाता, बाराबंकी

- **धर्म अलग होने के चलते जुदाई के डर का अंदेशा जता रही पुलिस**

अमृत विचार : मसौली थाना क्षेत्र के के पहलीपर गांव के पास गुरुवार की सुबह बाराबंकी-गोंडा रेल खंड पर प्रेमी युगल के शव रेलवे लाइन पर पड़े मिले। दोनों अलग-अलग धर्मों के थे। आशंका जतायी जा रही है कि दोनों ने ट्रेन से कटकर जान दे दी है। पुलिस ने मौके से युवक का आधार कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया। जिससे दोनों की शिनाख्त हो सकी।

मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पहलीपर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रेमी युगल का शव देखा। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर एक बाइक खड़ी मिली। मृतकों की पहचान अयोध्या जिले के मवई थाना क्षेत्र के पकरिया निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे उर्फ जैकी पुत्र पवन कुमार (22) और माहे निगार पुत्री इबरार (26) के रूप में हुई। दोनों एक दिन पहले शाम को दवा लेने के बहाने गांव से निकले थे। पुलिस के मुताबिक युवती मुस्लिम होने के साथ शादीशुदा भी थी। जबकि जैकी की गुरुवार को ही वरीक्षा होनी थी। 26 अप्रैल को उसका विवाह होना है।

मौके पर पहुंचे जैकी के चाचा हरिनरायण दुबे ने बताया कि माहे निगार की शादी अमेठी में हुई थी। माहे निगार करीब दस दिनों पहले ही ससुराल से गांव आयी थी। पड़ोसी होने के नाते बुधवार की शाम को माहेनिगार की दवा लेने के लिए दोनो मोटरसाइकिल से निकले थे। एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि प्रथमदृष्टया ऐसा लग रहा है कि जुदा होने के डर से दोनों ने आत्महत्या की है।

नेत्रहीनों ने रामचरित मानस का पाठ कर मनायी रामनवमी

देवरिया, एजेंसी : श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या से हटकर देवरिया जिला मुख्यालय से करीब बीस किमी दूर गौरी बाजार विख्यात खंड के ग्राम बागापार में दिव्यांगों द्वारा अद्भुत तरीके के मनाई गई रामनवमी की क्षेत्र में काफी चर्चा है। ग्राम बागापार निवासी अक्षय यादव जन्म से ही नेत्रहीन हैं और बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत है। यादव की किशोर काल से ही पूजा पाठ में विशेष रूचि रही है। इस रूचि में अपनी दिव्यांगता को कभी रोड़ा न मानने वाले यादव ने रामनवमी के दिन अपने घर चौबीस घंटे का मानस पाठ रखा। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी वाचक भी नेत्रों से दिव्यांग हैं और इनकी रामचरित मानस की पुस्तक भी ब्रेन लिपि में है। गुरुवार को मानस सम्पन्न हुआ। इस मानस पाठ में क्षेत्र के लोगों ने काफी बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **कन्नौज से कौन के सवाल पर सपा सुप्रीमो बोले, साइकिल चुनाव निशान और मैं यहां हूं**

अमृत विचार : सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें। पूरे पांच साल तक सांसद ने कुछ विकास नहीं कराया, अब जनता पूछेगी कि सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें कि पूरे पांच वर्ष में क्या विकास कराया? यह सवाल यहां

18 दिन में दूसरी बार पहुंचे सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए उछाला। वह भूड़पुर्वा गांव में करीब दो माह पहले आत्महत्या करने वाले युवक के घर पहुंचे थे।

पत्रकारों से रूबरू अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार में सबसे अधिक विकास कार्य किये गये। कन्नौज में विशिष्ट मंडी, परफ्यूम पार्क, एक्सप्रेस वे समेत कई अन्य विकास कराए गए पर भाजपा सरकार ने इनको आगे नहीं बढ़ाया। विकास कार्य पूरे हो जाते तो बेरोजगारों को काम मिलता। सपा मुखिया गुरुवार को पार्टी कार्यालय में सपा के सेक्टर प्रभारियों की बैठक लेने आये थे। दो घंटे की बैठक में उन्होंने जिम्मेदारियां सौंपीं और वरिष्ठ नेताओं से बात की। इसके बाद वह भूड़पुर्वा गांव पहुंचे जहां बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या करने वाले बृजेश पाल के पिता से मिले। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यदि भाजपा नौकरी दे देती तो बृजेश आत्महत्या न करता। भाजपा ने दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन नौकरियां नहीं दीं। सिपाही परीक्षा में 60 लाख बेरोजगार परीक्षा में बैठे पर पेपर लीक करा दिया गया। इससे परीक्षा निरस्त करनी पड़ी। इस चुनाव में पीएम, सीएम से लेकर कई मंत्री वोट मांगने आएंगे पर किसी ने जिले के विकास कराने पर नहीं सोचा। जनता ने सपा को फिर से मौका दिया तो वह जिले का विकास कराएंगे।

अखिलेश ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के सवाल पर गोलमोल जवाब दिया कि साइकिल चुनाव चिह्न है और वह यहां हैं। कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के पाल, वर्मा समेत कई समाज के लोग भाजपा से नाराज हैं। इससे भाजपा को करीब दो लाख वोटों का नुकसान होगा। कहा कि बेरोजगारी व महंगाई को लेकर इंडी गठबंधन बनाया है। गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक गठबंधन के प्रत्याशी विजयी होंगे। चुनाव का पहला चरण गठबंधन के पक्ष में जा रहा है। फरुर्खाबाद में उनके प्रत्याशी की जीत पक्की है। संजू कटियार के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि कुछ लोग अपनी जान बचाने के लिए भाजपा में जा रहे हैं।

हाईवे पर तेज रफ्तार कार पलटी, 3 की मौत

संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लई गांव के पास गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे बलरामपुर से लखनऊ जा रही एक कार हाईवे पर बेकाबू हो गयी और पलटते हुए सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकरायी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। इनमें से दो लोगों को सऊदी अरब जाना था। बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर निवासी अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद, अब्दुल मुईन और जमशेद कार से लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट जा रहे थे। तभी इनकी कार लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर अचानक अनियंत्रित हो गई।

कार पलटते हुए हाईवे किनारे पटरी पर लगे पेड़ से जा टकराई। हादसे में अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद और अब्दुल मुईन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जमशेद घायल हो गया। जुनैद और अब्दुल मुईन को सऊदी अरब जाना था।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

सीए समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

अमेठी/प्रतापगढ़, अमृत विचार : सुलतानपुर में धार्मिक स्थल पर दर्शन पूजन करने गए लोगों को लेकर वापस लौट रही बोलेरो की अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर दुर्गापुर में भीषण टक्कर हो गई जिससे बोलेरो पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार सीए समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। प्रतापगढ़ के नगर पंचायत अंतू के डंडवा निवासी 64 वर्षीय बाबूलाल वर्मा अपने परिवार के साथ बुधवार देर रात घर वापस आ रहे थे। अमेठी जिले के पीपरपुर क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर स्थित दुर्गापुर चौराहे पर पहुंचते ही प्रयागराज से अयोध्या जा रही बस की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों व पुलिस ने बोलेरो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। घायलों को जिला अस्पताल सुल्तानपुर ले गए। वहां पर इलाज के दौरान बाबूलाल, जितेंद्र वर्मा, सचिन की मौत हो गई। मृतक जितेंद्र वर्मा की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। वह मुंबई में चार्टर्ड एकाउंटेंट था। दो दिन पहले वह मुंबई से घर आया था।

रामपुर सपा जिलाध्यक्ष की मतदान से पहले आजम से जेल में मुलाकात

संवाददाता, सीतापुर

- **मतदान बहिष्कार ऐलान के बाद दूसरी बार मिलने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले जेल में बंद पूर्व मंत्री आजम खां से बेटे अदीब और रामपुर सपा जिलाध्यक्ष ने मुलाकात कर सियासी गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। बेटे अदीब के साथ

आजम की बहन ने भी जेल में मुलाकात की है। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के बाद रामपुर में शुक्रवार को होने वाला मतदान काफी प्रभाव डाल सकता है। बेटे अदीब से मिलकर आजम परिवार को लेकर भावुक भी नजर आये।

बताते चलें कि रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम और पत्नी तंजीम सहित बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। रामपुर प्रशासन ने आजम को सीतापुर और बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर दिया था। जेल में बंद आजम खां से गुरुवार को हुई सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर, बेटे अदीब आजम और बहन निकहत अल्ताफ ने रामपुर से जेल पहुंचकर आजम से मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात में पारिवारिक बातों पर कम रामपुर की लोकसभा सीट का भविष्य तय करने पर दिग्गज नेता आजम ने ज्यादा जोर दिया है। आजम का कुछ दिन पहले मतदान बहिष्कार का जारी हुए लेटर का घमासान अभी खत्म नहीं हुआ था और गुरुवार को बेटे अदीब के साथ सपा जिलाध्यक्ष की हुई मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। गुरुवार की दोपहर बेटे अदीब सहित तीनों ने जेल पहुंचकर ऑनलाइन मुलाकात पर्ची लगवाई।

वर्ग पहेली-44

बाएं से दाएं

1. जिसे जीता न जा सके; अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा, हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

ऊपर से नीचे

1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।



वर्ग पहेली -43 का हल

			1 अ			2 त
	3 इ	बा	द	त	ख़ा	ना
4 टा			ल			सु
प			ब		5 ले	ख
ना		6 ग	द	न		
	7 पा	य	ल			8 फे
9 गै	ली			10 कौ	स	र

सुडोकू -123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				8		2	5	
	5			1			4	
6			5					
		2		6		9		
	1					8	6	
8		9		2		4		
			3		9			6
	3			7			8	
		4		5				

सुडोकू -122 का हल

9	4	8	6	5	3	2	7	1
7	1	3	4	2	9	8	6	5
6	2	5	1	8	7	4	3	9
1	3	7	2	6	4	9	5	8
4	8	6	9	7	5	1	2	3
2	5	9	3	1	8	6	4	7
5	7	2	8	4	1	3	9	6
8	9	4	7	3	6	5	1	2
3	6	1	5	9	2	7	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

वृष — आज काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें।

मिथुन — आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं।

कर्क — आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही से बचें।

सिंह — आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

कन्या — आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

तुला — आज भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं।

वृश्चिक — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें।

धनु — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

मकर — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी,लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

कुंभ — आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

मीन — आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

आज की फिल्में

दिव्य शक्ति — सुबह : 08 .09
रेस — रात : 08 .39
दिल तो बच्चा है — सुबह : 11 .44
पटेल की पंजाबी शादी — शाम : 06 .00
मैड मैक्स फरी रोड — सुबह : 11 .00
एनाकोंडा — शाम : 06 .33
सनम — सुबह : 09 .45
सत्यमेव जयते — रात : 08 .20
फिर हेरा-फेरी — सुबह : 07 .57
आर राजकुमार — शाम : 06 .05

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम : 06 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा

सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?

मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?

चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए

डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?

चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग- 1105, डीएमओ-885, बोल्ड-1175

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	85600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75400
सोना गिन्नी (प्रति नग) 56200-56400	

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	75,600
चांदी आभूषण	84,000

मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी बड़ी चांदी का उत्पादक

मुंबई। खनन और खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र के विशाल औद्योगिक घराने वेदांता समूह की जस्ता-सीसा-चांदी का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को चांदी का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी और इसकी सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया गया है। वेदांता ने कहा, चांदी बाजार का अध्ययन करने वाले अमेरिका के द सिल्वर इंस्टीट्यूट, द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2024 में हिंदुस्तान जिंक विश्व स्तर पर तीसरी चांदी उत्पादक है। हिंदुस्तान जिंक की राजस्थान स्थित सिंदेसर खुर्द खदान दूसरी बड़ी चांदी खदान है।

मुथूट फाइनेंस ने दो अरब डॉलर की ईसीबी को दी मंजूरी

नई दिल्ली। स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने को मंजूरी दी है। मुथूट फाइनेंस ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी।

कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की वित्त समिति की बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई। कंपनी ने जीएमटीएन के संबंध में पेशकश परिपत्र और कार्यक्रम समझौते और निष्पादित किए जाने वाले अन्य लेनदेन दस्तावेजों को भी मंजूरी दे दी है। जीएमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी प्रस्तावित नोट को एनएसई आईएफएससी लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 455 अंक टूटा

नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और विदेशी निवेशकों के पलायन ने बढ़ाई चिंता

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार पलायन की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के ऊपरी और निचले स्तर के बीच 1,107.38 अंक का भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स अपराह्न 1.31 बजे 73,135.5 अंक पर था लेकिन दो मिनट के बाद ही यह 72,817.03 पर आ गया, जो 318.47 अंक की तगड़ी गिरावट को दर्शाता है। एनएसई का निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 22,326.50 के ऊपरी और 21,961.70 के निचले स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटने से प्रभावित कारोबारी धारणा ने घरेलू सूचकांकों को दबाव में ला दिया। निवेशक आगे की दिशा के लिए चौथी तिमाही के नतीजों पर करीबी निगाह रखेंगे।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली। बाजार में तेज गिरावट से चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।

शिशु आहार उत्पादों में पांच साल में चीनी 30% कम की

नई दिल्ली, एजेंसी

नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच स्पष्टीकरण दिया, जिसमें दावा किया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में

अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। हम नियमित रूप से अपने उत्पादों की समीक्षा करते रहते हैं और पोषण, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करते रहते हैं।

एचडीएफसी लाइफ का चौथी तिमाही का लाभ 15% बढ़कर 412 करोड़

नई दिल्ली। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी। बीमा कंपनी की कुल प्रीमियम आय मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 20,488 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 19,427 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर दो रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 15 प्रतिशत बढ़कर 1,569 करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 में 1,360 करोड़ रुपये था।

औद्योगिक अल्कोहल की नियमन शक्ति पर संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन के संबंध में केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। औद्योगिक अल्कोहल मानवीय खपत के लिए नहीं है। इस अल्कोहल का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों के लिए ही किया जाता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विभिन्न राज्यों की तरफ से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची की आठवीं प्रविष्टि राज्यों को 'नशीली शराब' के उत्पादन, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है। वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है जिनका नियंत्रण "संसद के कानून द्वारा सार्वजनिक हित में सामयिक घोषित किया गया है।" संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, समवर्ती सूची में उल्लेखित विषयों पर संसद और राज्यों के विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं लेकिन उसी विषय पर अगर कोई केंद्रीय कानून आता है तो उसे राज्यों के कानून पर प्रधानता मिलेगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: विधायक को कागजात दाखिल करने को मिली मोहलत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को अपनी जमानत याचिका के पक्ष में अतिरिक्त कागजात पेश करने के लिए गुरुवार को कुछ मोहलत दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलों पर विचार किया कि वह कुछ कागजात रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करना चाहते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह सीबीआई के मुख्य मामले में आरोपी भी नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ वकील ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 11 अक्टूबर को रात भर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

सोशल मीडिया उपयोगकर्ता का दावा, इंडिगो में परोसे उपमा में सोडियम अधिक

नई दिल्ली। सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। हालांकि, एयरलाइन ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा निर्धारित मानदंडों के भीतर ही है। रेवंत हिमतसिंगका फूड फार्मर ने सोशल मीडिया पर कहा है कि इंडिगो की उड़ान में परोसे गए खाने से संबंधित एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, हम में से ज्यादातर लोगों को पता है कि मैगी में सोडियम बहुत अधिक होता है। लेकिन हम लोग यह नहीं जानते हैं कि इंडिगो के 'मैजिक उपमा' में मैगी से 50 प्रतिशत और पोहा से 83 प्रतिशत अधिक सोडियम है। इसके दाल-चावल में भी मैगी के बराबर सोडियम है। इंडिगो ने गुरुवार को इस दावे पर कहा कि कुछ डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों की तैयारी पारंपरिक भारतीय पकवानों के अनुरूप की जाती है और नमक की मात्रा भी निर्धारित मानदंडों के भीतर होती है।

प्रवासी मजदूर की हत्या के बाद आतंकवादी रोधी अभियान तेज करने के निर्देश

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश में प्रवासी मजदूर की हत्या के एक दिन बाद कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने घाटी में शेष आतंकी खतरों को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। बिरदी ने बुधवार की घटना के मद्देनजर सुरक्षा की समीक्षा के लिए यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष में बैठक की। बिहार के बांका जिले के रहने वाले राजा शाह की अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के जबलीपोरा में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बिरदी ने कहा, शेष खतरों को खत्म करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाएं और उनके सहयोगियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

ईडी ने केजरीवाल के भोजन पर झूठ बोला जान लेने का रच रहे षडयंत्र : आतिशी

ईडी का दावा- मेडिकल आधार पर ज़मानत के लिए उच्च शर्करा वाले पदार्थ खा रहे सीएम

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोककर उनकी जान लेने का 'षडयंत्र' रचा जा रहा है। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने कोर्ट में दावा किया है कि आप प्रमुख 'टाइप 2' मधुमेह से पीड़ित होने के बावजूद आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि मेडिकल आधार पर ज़मानत मिल सके।

सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह कहा। न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया

- विशेष न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का दिया निर्देश

जिसमें केजरीवाल का भोजन का चार्ट भी शामिल हो। इसके कुछ घंटे बाद आतिशी ने आरोप लगाया।

संवाददाता सम्मेलन में आतिशी ने ईडी पर मुख्यमंत्री के भोजन के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य को बिगाड़ने के लिए ईडी के जरिए कोशिश कर रही है। वे केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने अदालत में झूठ बोला और कहा कि केजरीवाल मीठी चाय पी रहे हैं और मिठाई खा रहे हैं। यह झूठ है। केजरीवाल वैकल्पिक शर्करा से बनी चीज़े ले रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल केले खा रहे हैं। कोई डॉक्टर आपको बताएगा कि मधुमेह के रोगियों को केला या चॉकलेट रखने के लिए कहा जाता है क्योंकि रक्त में शर्करा के स्तर में गिरावट खतरनाक हो सकती है। ईडी कह रही है कि वह आलू पूड़ी खा रहे हैं। ईडी को इतना झूठ बोलने के लिए थोड़ा तो डरना चाहिए। केजरीवाल ने सिर्फ नवरात्र के पहले दिन पूड़ी खाई थी।

केजरीवाल को असाधारण अंतरिम जमानत का किया अनुरोध

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को असाधारण अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जेल में केजरीवाल की सुरक्षा खतरे में है क्योंकि वह दुर्दांत अपराधियों के साथ कैद हैं। केजरीवाल धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में हैं। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए, सभी मुद्दों पर निर्णय लेने और बड़े पैमाने पर जनता की भलाई में आदेश पारित करने के लिए केजरीवाल के उनके कार्यालय और घर में मौजूद होना आवश्यक है। याचिका कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ के समक्ष 22 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री को विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर कई आदेश और निर्देश पारित करने की आवश्यकता होती है, जो जेल या न्यायिक हिरासत से संभव नहीं है।

ईवीएम में अतिरिक्त वोट दर्शाने की खबर गलत

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान ईवीएम में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल वीवीपीएटी से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया था।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा था।

लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा। इसमें आंध्र प्रदेश (25), तेलंगाना (17) सीट पर मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, प. बंगाल और जम्मू-कश्मीर में मतदान होगा।

शंभू रेलवे स्टेशन पर धरना जारी, 53 ट्रेन और हुई रद

अंबाला, एजेंसी

- आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की कर रहे हैं मांग

हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसान पंजाब-हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेलवे लाइन पर बैठे रहे।

अंबाला रेलवे डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 53 ट्रेन और रद कर दी गईं है, 12 ट्रेनों का संचालन गंतव्य से पहले ही खत्म की गई और 23 का मार्ग बदल दिया गया। प्रदर्शनकारी नवदीप सिंह सहित तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया था। किसानों ने कहा है कि जब तक उनके साथी प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक वे प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि उनका विरोध प्रदर्शन अब भी जारी है। अंबाला रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के प्रदर्शन से कई ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है। नयी दिल्ली-अमृतसर, ऋषिकेश-श्री गंगानगर, लुधियाना-अंबाला कैंट समेत कई ट्रेन रद कर दी गईं। तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी किसान बुधवार को अंबाला-लुधियाना रेलवे लाइन पर बैठ गए।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने को लेकर किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

ईडी ने जमीन घोटाले में किए 1.25 करोड़ बरामद

रांची। झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

शशिकला के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया खारिज

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ 'मतदाता रिश्वत' मामला खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें तर्क और विवेक दोनों का अभाव है।

बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए

- 6 महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय करने को 26 अप्रैल को फैसला सुना सकती है कोर्ट

अदालत में एक याचिका दायर की है।

अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

ऑरेंज कैप		
खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप		
खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

खेल डायरी

अमेरिकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने स्टुअर्ट लॉ

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अमेरिकी पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लॉ अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेल चुके लॉ ने कहा, ''इस समय अमेरिकी क्रिकेट से जुड़ना एक रोमांचक अवसर है। उन्होंने कहा, ''पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा।''

मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से हुए बाहर

नयी दिल्ली। चोट लगने के बाद घुटने की हुई सर्जरी के कारण एथलीट मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गये हैं। श्रीशंकर को मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। श्रीशंकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, "मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है जिन्हें मैं बदल नहीं सकता और जिन स्थितियों को मैं बदल सकता हूं, उनके परिणामों को निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, जो एक भयानक सपने जैसा लगता है, लेकिन यह एक वास्तविकता है।"

आकांक्षा एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के क्वार्टर में

नयी दिल्ली। भारतीय महिला स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने गुरुवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के शुरुआती दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय ने पहले दौर में उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन और मैदान में अकेली भारतीय है। वह शुक्रवार को 16-खिलाड़ियों के ड्रा के क्वार्टर फाइनल में एक अन्य मलेशियाई सहवीत्रा कुमार से भिड़ेंगी।

तीन भारतीयों ने सऊदी ओपन में कट हासिल किया

रियाद। शिव कपूर, अजितेश संधू और गगनजीत भुल्लर ने यहां 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल कर लिया है। कपूर ने शुरुआती दो दौर में 72 और 69 जबकि संधू ने 76 और 65 से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। दोनों संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर चल रहे हैं। भुल्लर (70-72) ने कुल पार 142 के स्कोर से कट हासिल किया। वीर अहलावत (74-70), सपतक तलवार (76-68), कार्तिक शर्मा (75-70), एस चिकारंगप्पा (73-73), एसएसपी चौरसिया (77-73) और युवराज सिंह संधू (73-79) कट हासिल करने में नाकाम रहे। हनी बैसोया भी पहले दौर के बाद हट गए।

जापान के केंटो मोमोता ने संन्यास लेने की घोषणा की

टोक्यो। जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की। जापान की समाचार एजेंसी समाचार एजेंसी के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे लग रहा कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर एक बनने का लक्ष्य पा सकूं।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने स्वयं ही सवाल किया, मैं ही क्यों।

शॉट लगाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा। • एजेंसी

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह। • एजेंसी

रोमांचक मुकाबले में मुंबई की नौ रन से जीत

मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक, पंजाब किंग्स के आशुतोष की 61 रनों की पारी नहीं आई काम

सूर्यकुमार यादव

मुल्लांपुर, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव (78) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद जसप्रीत बुमराह और गेराल्ड कोएत्जी की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को नौ रन से हरा दिया है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 रन पर अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान सैम करन (6), प्रभसिमरन सिंह (शून्य), राइली रुसो (एक), लियम लिविंगस्टन (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। हरप्रीत सिंह (13) और जितेश शर्मा (9) रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुये 41 रन बनाये। आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। हरप्रीत बराड़ 21 बनाकर आउट हुये। कगिसो रबाडा आठ रन बनाकर आउट हुये। हर्षल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं हार है। मुम्बई इंडियंस की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने 32 रन देकर और जसप्रीत बुमराह 21 रन देकर ने तीन-तीन विकेट लिये। आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तलिक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े।

12वें ओवर में एस करन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें एस करन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। पंजाब ने निर्धारित सात विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। सैम करन ने दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

मुंबई 192/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ईशान का बराड़ बो रबाडा	08	08	1/0
रोहित का बराड़ बो करेन	36	25	2/3
सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो करेन	78	53	7/3
तिलक वर्मा नाबाद	34	18	2/2
हार्दिक का बराड़ बो हर्षल	10	06	0/1
डेविड का करेन बो हर्षल	14	07	2/1
रोमारियो का शशांक बो हर्षल	01	02	0/0
मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल)	00	01	0/0

गेंदबाजी : लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, करेन 4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0

पंजाब 183/10 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 21

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
सैम करेन का किशन बो बुमराह	06	07	1/0
प्रभसिमरन का किशन बो कोएत्जी	00	01	0/0
राइली रुसो बो बुमराह	01	03	0/0
लिविंगस्टोन का एवं बो कोएत्जी	01	02	0/0
हरप्रीत का एवं बो गोपाल	13	15	2/0
शशांक का तिलक बो बुमराह	41	25	2/3
जितेश पगबाधा मधवाल	09	09	1/0
आशुतोष का नबी बो कोएत्जी	61	28	2/7
हरप्रीत का नबी बो हार्दिक	21	20	2/1
हर्षल पटेल नाबाद	01	04	0/0
रबाडा रन आउट (नबी/ किशन)	08	03	0/1

गेंदबाजी : कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0

कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया

जयपुर, एजेंसी

- नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 हस्तियों के मोम के पुतले

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर वैक्स म्यूजियम (मोम संग्रहालय) में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से कोहली की प्रतिमा बनाने की भारी मांग आ रही थी। उन्होंने कहा, ''उनकी राय थी कि कोहली की प्रतिमा संग्रहालय में होनी चाहिए। मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व धरोहर दिवस पर किया गया।''

नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 मोम के पुतले हैं, जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिमा भी शामिल हैं। कोहली की इस प्रतिमा का वजन लगभग 35 किलो है। इसे करीब दो महीने में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की प्रतिमा भी हैं।

चेन्नई सपुर किंग्स ने कॉन्वे की जगह ग्लीसन को किया टीम में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

- अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इस सत्र से हुए बाहर

अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

कॉन्वे ने आईपीएल 2023 में सीएसके को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 15 पारियों में 51.69 की औसत और 140 से कम की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए थे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी नवाजा गया था। ग्लीसन के शामिल होने से सीएसके को मुस्तफिजुर रहमान की अनुपस्थिति से पैदा हुए गैप को भरने में मदद मिल सकती है। बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में दस स्ट्राइक के साथ सीएसके के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बीसीबी ने उन्हें एक मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। ग्लीसन ने पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है, लेकिन हंड्रेड (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), बीपीएल (रंगपुर राइडर्स), बीबीएल (मेलबोर्न रेनेगेड्स), एसए20 (डरबन सुपर जायंट्स) और आईएलटी20 (गल्फ जायंट्स) में वह खेल चुके हैं। उन्होंने अब तक 90 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 8.18 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान कॉन्वे के अंगूठे में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि आईपीएल के दूसरे भाग में कीवी बल्लेबाज मई तक उनके साथ दोबारा जुड़ जाएंगे।

महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कश्मीरी विलो बल्ले का जलवा

श्रीनगर। महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कश्मीर में निर्मित 'विलो क्रिकेट बल्ला' अपने पिंग, संतुलन और स्ट्रोक को लेकर अपना जलवा बिखेर रहा है। कश्मीर की 'विलो क्रिकेट बैट' की निर्माता कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए बल्ले का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज महिला टीम और अन्य कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ले का पिंग, बैलेंस और स्ट्रोक अन्य बल्लो की तुलना में बेजोड़ और बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्षों के प्रयास का नतीजा है।

एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की चुनौती

लखनऊ, एजेंसी

- आज शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच का प्रसारण

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। मुस्ताफिजुर रहमान के पास तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं । लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।

अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''चलि अइहा घरवा'' रिलीज हो गया है। फिल्म ''अक्षरा'' के हृदय स्पर्शी गाना ''चलि अइहा घरवा'' में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में हे। उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है। वीडियो में भारतीय संस्कारी बहु के रूप अक्षरा सिंह और फौजी पति के किरदार में अंशुमान मिश्रा हैं। इस गाने प्रियंका सिंह, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार शानदार जी और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह अपने फौजी पति को वापस ड्यूटी पर जाते समय निहार रही हैं और मन मे बिरह व्यक्त कर रही हैं, गाने ये बोल बहुत मार्मिक हैं। गौरतलब है कि वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। पीआरओ ब्रजेश मेहर और रामचंद्र यादव हैं। इस फ़िल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट प्रमुख भूमिका में हैं।

आज जो हूं पिता के बलिदानों की वजह से हूं : हुमा कुरैशी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है वह आज जिस मुकाम पर हैं, वह अपने पिता के बलिदान की वजह से है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जिसमें दर्शकों को कविता और कॉमेडी का परफेक्ट मिश्रण पेश किया जाएगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ, कॉमेडी के माहिर गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे। कॉमेडियन्स अपने परफॉर्मेंस से न केवल मैडनेस की मालकिन, हुमा कुरेशी और मेहमानों का दिल जीतेंगे, बल्कि प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा भी एक पिता और बेटी के उल्लेखनीय स्नेह को दर्शाने वाली हार्दिक कविताएं पढ़ेंगे। हुमा कुरैशी ने अपने पिता सलीम कुरेशी के बारे में बताया, जब आप (शैलेश लोढ़ा) पिता-बेटी के रिश्ते के बारे में यह भावपूर्ण कविता सुना रहे थे, तो मुझे वाकई अपने पिता की याद आ गई। मुझे याद है कि वह हर अवसर या त्योहार पर काम करते थे, चूंकि वह रेस्तरां बिज़नेस में थे और हॉलीडे के दौरान व्यस्त रहा करते थे। बचपन में, मैं उनसे बहस करती थी कि वह हमारे साथ समय नहीं बिताते है। लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने हमारे साथ जो समय नहीं बिताया, वह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनके और उनके बलिदानों के कारण हूं।

अजय देवगन की फिल्म मैदान ने पहले सप्ताह में 28 करोड़ की कमाई की

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है।फिल्म 'मैदान' को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की भी काफी तारीफ की जा रही है. बावजूद इसके 'मैदान' सिनेमाघरों में कमाई के मामले में पिछड़ गई है। फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में है अमेरिका : वेदांत

वाशिंगटन, एजेंसी

● मस्क की भारत को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की टिप्पणी पर बोले बाइडन प्रशासन के अधिकारी

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके।

उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है।

भारत-अमेरिका में लड़ाकू विमान पर समझौता : ऑस्टिन

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विगत बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा।

भविष्य में तीनों सैन्य क्षेत्रों पर प्रभाव डालेगा अंतरिक्ष: सीडीएस

● अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। गुरुवार को दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा कि हम अभी कहां हैं और हमें कहां जाना है। सीडीएस ने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह, इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए मानव जाति को अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है। जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी युद्ध में प्रारंभिक स्पर्धा आम तौर पर एक नए क्षेत्र में होती है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्र पुराने क्षेत्र की लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है।

जनरल चौहान ने कहा कि शुरुआत में नौसैन्य शक्ति जमीनी लड़ाई को प्रभावित करने में सक्षम थी। बाद में, वायु शक्ति ने थल और जल में युद्ध को प्रभावित किया। यह मेरा विश्वास है कि अब, अंतरिक्ष वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। अंतरिक्ष को सबके लिए खुला बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। जनरल चौहान ने कहा कि मित्र राष्ट्रों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए पड़ोसी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक अलगाव रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में फायदेमंद हो सकते हैं।

नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इंडियन डिफेंस स्पेस संगोष्ठी 2024 के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट।

एक नजर

विनाशकारी : इंडोनेशिया के टैगुलानडांग द्वीप में विस्फोट के दौरान माउंट रुआंग ज्वालामुखी देखा गया। राख फैलने, चट्टानों के गिरने, गर्म ज्वालामुखीय बादलों के खतरों के कारण इंडोनेशियाई अधिकारियों ने एक हवाई अड्डे को बंद कर दिया और विस्फोटित ज्वालामुखी के पास निवासियों ने घर छोड़ दिए।

दिल्ली में कम कपड़े पहनकर महिला बस में चढ़ी, यात्रियों ने बुलाई पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को कम कपड़े पहने एक महिला भीड़भाड़ वाली एक क्लस्टर बस में सवार हुई जिसके बाद चालक-परिचालक को पुलिस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, केवल अंतर्वस्त्र पहने महिला पंजाबी बाग बस स्टॉप से बस में चढ़ी थी। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महिला बस में ऐसी हालत में चढ़ी, जिस पर चालक दल और यात्रियों को आपत्ति थी। किसी यात्री ने पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन किया और 10 मिनट के बाद महिला बस से उतर गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

केरल: अलाप्पुझा में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले, बत्तखों में बीमारी के लक्षण

अलाप्पुझा (केरल)। केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से उनका निपटान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

दक्षिण चीन सागर में शांति के लिए आसियान देशों के साथ काम करेगा चीन

जकार्ता। चीन, दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर घोषणा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और संहिता की बातचीत में तेजी लाने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के अन्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर को शांति और सहयोग का सागर बनाने के लिए आचरण करें। वांग ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से मुलाकात के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

पाकिस्तान में हुआ आतंकी हमला 4 सरकारी अधिकारियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में गुरुवार को हुए एक आतंकवादी हमले में पाकिस्तान सीमा शुल्क के चार अधिकारियों की मौत हो गई जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए। डेरा इस्माइल खान पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शिन्हुआ से कहा कि जिले के सग्गू इलाके में नियमित गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने पाकिस्तान सीमा शुल्क के एक तस्करी विरोधी दस्ते के वाहन पर गोलीबारी की।

इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला

22 से 30 तक मनाया जाता है यहूदी अवकाश फसह, फिर होगी कार्रवाई

यरुशलेम, एजेंसी

यहूदी अवकाश फसह तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है।

अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं हमेशा बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी उच्च चेतावनी की स्थिति में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि विगत शनिवार रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए।

दरअसल, अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने ईरान पर जरा सा भी पलटवार किया तो उसे और तेज कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान (ऊपर बाईं ओर)। ● एजेंसी

परमाणु स्थलों पर हमला करेगा इजराइल तो छोड़ेंगे नहीं : ईरान

तेहरान। ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर ने गुरुवार को धमकी दी कि अगर इजरायल ने ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला किया तो वह उसकी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाएगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों की सुरक्षा करने वाले इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) इकाई के कमांडर अहमद हकतलब की यह टिप्पणी तब आई है जब इजरायल ने पिछले सप्ताह बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में ईरानी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने का संकेत दिया था।

अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले से पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति बनने की आशंका बढ़ने के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ईरान पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने इस कार्रवाई में ईरान में 16 लोगों और दो संस्थानों को लक्षित किया है, जो 13 अप्रैल को इजराइल पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन को चलाने वाले इंजन के उत्पादन से जुड़े हैं। वहीं, ब्रिटेन ईरान के ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों से जुड़े कई ईरानी सैन्य संस्थानों, व्यक्तियों और निकायों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन ने कहा कि हम आने वाले दिनों और सप्ताहों में ईरान की कार्रवाइयों के जवाब में अपनी पाबंदियां लागू करते रहेंगे। अमेरिका के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेतावनी दी थी कि वे क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों के जवाब में और भविष्य में हमलों को रोकने के लिए नई पाबंदियों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ऐसे विधेयक पर जोर दे रहे हैं जो ईरान और उसके नेताओं पर आर्थिक दंड लगाता हो। गत रविवार तड़के इजराइल पर ईरान का हमला इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले के जवाब में किया गया। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने भी बुधवार को संकल्प व्यक्त किया कि वे ईरान पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे।

तीनों सेनाओं की महिलाओं ने पूरी की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

● अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए 27 दिनों में पूरा किया प्रशिक्षण

तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की।

उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने आर्मी एडवेंचर विंग और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। महिला नाविकों ने पहले ही 6,000 समुद्री मील का प्रशिक्षण हासिल कर लिया है। चालक दल अपने आप को अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए तैयार कर रहा है जो भारत के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर साबित होगा।

एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की वापसी

नई दिल्ली। ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार को कोचीन पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गईं।

रॉयटर्स के फोटोग्राफर ने गाजा की तस्वीर के लिए जीता 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर' पुरस्कार

पेरिस। रॉयटर्स के फोटोग्राफर मोहम्मद सलेम को गाजा में तबाही का मंजर दर्शाने वाली एक तस्वीर के लिए गुरुवार को इस साल के प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। इस हृदय विदारक तस्वीर में एक फलस्तीनी महिला को अपनी नन्हीं भतीजी के शव को गोद में लिए हुए देखा जा सकता है। लेम ने यह तस्वीर अपने खुद के बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद खान यूनिस में खींची थी।

अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए भारतवंशी की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

● 29 जून 2023 को मेक्सिको की सीमा पर किया गया था गिरफ्तार, हिरासत में गई जान

अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था। सिंह को गिरफ्तार किये जाने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और ईआरओ को सौंप दिया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था।

पश्चिमी जापान में आए भूकंप के जोरदार झटके

टोक्यो। पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोकदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11:14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमोटर की गहरायी में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है। जापान के सरकारी न्यूज चैनल एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोच्चि में सात लोगों को हल्की चोटें आईं, और कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जैसे पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन की घटना शामिल है। मौसम एजेंसी ने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी, लेकिन बाद में आंकड़े को संशोधित कर 6.6 कर दिया।

रोबोटिक सर्जरी से हुआ ब्रेस्ट कैंसर झेल रहीं दो महिलाओं का इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

● 60 और 27 वर्षीया महिलाओं को पहले दी गई कीमोथेरेपी, फिर किया ऑपरेशन

राजधानी के एक निजी अस्पताल में एडवांस स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का रोबोटिक की मदद से सफल उपचार करने में चिकित्सक कामयाब रहे हैं। सी के बिड़ला हॉस्पिटल, दिल्ली के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इनमें से एक 27 वर्षीय एक महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ का अनुभव हुआ और उसे नजरअंदाज करने से कैंसर बढ़कर काफी आगे बढ़ गया था।

पीड़ित महिला को कीमोथेरेपी दी गयी, जिसका उन पर अच्छा असर हुआ। इसके बाद बिना किसी जटिलता के रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ हुआ।

उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से की गई इस सर्जरी के बाद पीड़ित महिला के स्तन मूल स्तनों की भांति बरकरार रहे। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि दूसरे मामले में लगभग 60 साल की महिला को शुरुआती स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, हालांकि वह मल्टीफोकल कैंसर था। महिला अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से परेशान थी। उनकी रोबोट की मदद से तत्काल सर्जरी की गई। रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया। इसके साथ ही पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया। ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मेमरी इंसाइजन से ही पूरी की गई।

खुले रहस्य सूर्य से 33 गुना अधिक है गैया बीएच 3 ब्लैक होल का द्रव्यमान

हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज

अमृत विचार, नैनीताल

हमारी आकाशगंगा में वैज्ञानिको ने एक और ब्लैक होल खोज निकाला है। इसका नाम गैया बीएच 3 है। इसका द्रव्यमान सूर्य से 33 गुना अधिक है। यह पृथ्वी का दूसरा सबसे निकटतम ज्ञात ब्लैक होल है।

गैया बीएच3 पृथ्वी से 2000 प्रकाश वर्ष दूर है और एक्विला तारामंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ मायनों में यह खोज पिछले सिद्धांतों को चुनौती भी देती है। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने 16 अप्रैल को इस खोज की घोषणा की। खोजकर्ता खगोलविदों के अनुसार हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में अब तक खोजे गए सबसे विशाल ब्लैक होल नही है। मिल्की वे के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए ही सबसे बड़ा है, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग चार मिलियन गुना है। नया ब्लैक होल एक तारे की मौत के बाद बना है। यह तारामंडल एक्विला द ईगल की दिशा में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध के आकाश में एक महत्वपूर्ण तारामंडल है। पेरिस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री पास्क्वेल पानुज़ो के नेतृत्व इस ब्लैक होल की खोज हुई है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। इस ब्लैक होल की खोज 1.7 बिलियन सितारों के स्कैन करने के बाद हुई है। इतने अधिक संख्या में तारों का विश्लेषण करना आज के अंतरिक्ष यान और कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों के जरिए संभव है। नई तकनीक विकसित होने से आकाश के बड़े हिस्से का आंकलन संभव हो चला है।

हमारी आकाशगंगा व गैया स्पेस अंतरिक्षयान की तस्वीर।

वीएलटी ने की ब्लैक होल की पुष्टि

नैनीताल : ब्लैक होल व इसके द्रव्यमान को सत्यापित करने के लिए यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) का सहारा लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जमीन-आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग किया गया। तब इसकी पुष्टि हो सकी। इस खोज के बाद माना जा रहा है कि हमारी आकाशगंगा में और भी ब्लैक होल हो सकते हैं।

चाकू से हमले की घटना के बाद फिर खुला शॉपिंग मॉल

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल गुरुवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है।

सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन में शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने शनिवार को हुए हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है।

हमले में नायक बने फ्रांसीसी को नागरिकता

सिडनी। सिडनी में एक मॉल में चाकू से किए गए हमले के दौरान हमलावर का मुकाबला करने वाले एक फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक को सम्मानित करते हुए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी गई है। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक डेमियन गुएरोट को उनकी वीरता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें देश का स्थायी निवासी बनाने का फैसला किया।